26 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 68







# पानी के लिए आंबेडकर ने काम किया कांग्रेस ने सच्चाई छिपायी: नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया
- परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लोगों को फायदा होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खजुराहो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने भारत के जल संरक्षण प्रयासों का मार्गदर्शन किया, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इन जल संरक्षण पहलों का श्रेय बाबासाहेब को नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जहां सुशासन होता है, वहां वर्तमान और भविष्य दोनों चुनौतियों पर ध्यान दिया जाता है। दुर्भाग्यवश कांग्रेस सरकारों ने लंबे समय तक देश पर शासन किया और उनका मानना ??था कि शासन करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, लेकिन वे कभी भी सही मायने में शासन से जुड़े नहीं थे। जहां कांग्रेस है, वहां शासन नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री बुधवार को खुजराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा।


**कांग्रेस के पास न नीयत, न गंभीरता :** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें घोषणाएं करने में माहिर थीं, लेकिन लोगों को उनका लाभ नहीं मिला। कांग्रेस सरकारों के पास न तो नीयत थी और न ही योजनाओं को लागू करने की गंभीरता थी। आज हम पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभ देख रहे हैं। मध्य प्रदेश में किसानों को इस योजना के माध्यम से 12 हजार रुपये मिल रहे हैं। मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना है और अगर हमने महिलाओं के बैंक खाते नहीं खोले होते, तो क्या यह योजना सफल हो पाती? प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि बुंदेलखंड के किसान पीढ़ियों से पानी की बूंद के लिए संघर्ष करते रहे हैं।

**सुशासन भाजपा सरकारों की पहचान :** प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि सुशासन भाजपा सरकारों की पहचान है। देश की जनता ने लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार चुनी है। मध्य प्रदेश में लोग लगातार भाजपा को चुन रहे हैं और इसके पीछे सुशासन पर भरोसा सबसे मजबूत है।



## जल संकट के समाधान के बारे में नहीं सोचा

मोदी ने कहा कि ये स्थितियां इसलिए पैदा हुईं, क्योंकि कांग्रेस ने कभी जल संकट के स्थायी समाधान के बारे में नहीं सोचा। देश को आजादी मिलने के बाद सबसे पहला काम जल शक्ति का किया गया और इसके बारे में किसने सोचा? सच्चाई को दबा दिया गया, क्या उसे छुपा कर रखा गया और एक व्यक्ति को श्रेय देने के नशे में? देश को आजादी मिलने के बाद यह एक महान नेता बाबासाहेब अंबेडकर की दृष्टि थी, जिसने भारत के जल संसाधनों और जल संरक्षण के प्रयासों का मार्गदर्शन किया। आज भी, केंद्रीय जल आयोग अपने अस्तित्व का श्रेय अंबेडकर के प्रयासों को देता है, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी बाबासाहेब को इन जल संरक्षण प्रयासों का श्रेय नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब अटल जी की सरकार सत्ता में आयी, तो उसने जल संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिए गंभीरता से काम किया, लेकिन 2004 के बाद कांग्रेस ने उन प्रयासों को खत्म कर दिया। आज हमारी सरकार नदी-जोड़ो परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है।



## न्यूज रील्स

### रूस जा रहा विमान कजाकिस्तान में क्रैश, 39 लोगों के मारे जाने की आशंका

**अस्ताना।** कजाकिस्तान के अक्ताऊ में बुधवार सुबह एक विमान क्रैश हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक विमान में 62 यात्री और चालक दल के पांच सदस्य थे। इनमें 28 लोगों को बचा लिया गया है। 22 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो बच्चे भी हैं, जिनकी हालत गंभीर है। हादसे में 39 लोगों के मारे जाने की आशंका जतायी जा रही है। विमान अजरबैजान से रूस के चेचेन्या प्रांत की राजधानी ग्रोज्नी जा रहा था, लेकिन उसे कजाख शहर अक्ताऊ से लगभग 3 किमी दूर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। विमान के क्रैश होते ही उसमें आग लग गयी।

## मुख्यमंत्री ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# निर्मल दा के सपनों को पूरा करना है: हेमंत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलन के वीर शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के शहीद निर्मल महतो चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्मल दादा के सपनों को पूरा करना है। इन नेताओं की वजह से राज्य अलग हो सका। इनके विचारों के साथ जनता को साथ लेकर चलने की जरूरत है। जब तक झारखंड रहेगा, निर्मल महतो का नाम अमर रहेगा।

# 28 दिसंबर को 53 लाख से अधिक महिलाओं को मिलेगा ढाई हजार रुपये

- सीएम हेमंत सोरेन जारी करेंगे राशि, शामिल होंगे सत्ताधारी गठबंधन के बड़े नेता
- मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम
- नामकुम में कार्यक्रम स्थल पर तैयारी अंतिम चरण में

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** 28 दिसंबर का दिन यादगार रहे, इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस दिन राज्य की उन महिलाओं के खातों में ढाई हजार रुपये सरकार की ओर से भेजे जायेंगे, जो मंईयां सम्मान योजना की लाभुक की श्रेणी में आती हैं। पूरा कार्यक्रम नामकुम में होना है। इस कार्यक्रम में करीब एक लाख लाभुक शामिल हो सकते हैं। झामुमो और महागठबंधन के सभी सांसद, सभी विधायक, राज्य सरकार के सभी मंत्री समारोह में दिखेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद तैयारी की समीक्षा कर रहे हैं। 27 दिसंबर को सीएम नामकुम जाकर तैयारियों का जायजा लेंगे। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में इस योजना को मास्टर स्ट्रोक के रूप में झामुमो देखता है। नये साल के आगमन से ठीक पहले 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रत्येक लाभुक महिला के खाते में डीबीटी के माध्यम से ढाई हजार रुपये जारी करेंगे।

नामकुम के खोजा टोली मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम को मेगा इवेंट बनाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें विभागीय मंत्री, सांसद और विधायक के साथ राज्य भर से करीब एक लाख महिलाएं शामिल हो सकती हैं। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुक महिलाओं के परिवहन की विशेष तैयारी की गयी है। कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों के बैठने के लिए हजारों कुर्सियां लगायी गयी हैं। मंच को भव्य तरीके से तैयार किया जा रहा है, जो 27 दिसंबर की शाम तक बनकर तैयार हो जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग के अलावा वीआइपी गेट समेत कई तोरण द्वार लगाये जा रहे हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित बड़े-बड़े होर्डिंग लगाये जायेंगे, ताकि यहां आने वाली महिलाओं को इसकी जानकारी मिल सके।




### अब हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

मंईयां योजना के तहत राज्य की करीब 53 लाख महिलाओं को दिसंबर से ढाई हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। योजना के तहत लाभार्थियों को यह राशि सरकार की ओर से उनके बैंक खाते में मिलेगी। मंईयां योजना के तहत 20 दिसंबर तक लाभार्थियों की संख्या 64 लाख 62 हजार है, जिनमें से 53 लाख 65 हजार 345 लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने की मंजूरी दी गयी है।

# नड्डा के घर एनडीए नेताओं ने तय की दिल्ली-बिहार के लिए रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बुधवार को एनडीए के नेताओं की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक का उद्देश्य गठबंधन सहयोगियों के बीच बेहतर तालमेल को मुस्तैद करना था। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

**बिहार चुनाव में नीतीश कुमार होंगे चेहरा :** इस बैठक के बीच जदयू के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने घोषणा की है कि अगले साल बिहार में एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा। बिहार में एनडीए में भाजपा के साथ जदयू, लोजपा (रामविलास) और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) जैसे दल शामिल हैं। एनडीए ने बिहार में लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया था। इस घोषणा के साथ गठबंधन ने यह साफ कर दिया कि नीतीश कुमार आगामी चुनावों में गठबंधन का चेहरा होंगे।



### दिल्ली चुनाव पर भी चर्चा

बैठक में दिल्ली में होनेवाले विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा हुई। सीट शेयरिंग और घोषणा पत्र जैसे मुद्दों को सुलझाने के लिए एनडीए नेताओं की बैठक अगले सप्ताह फिर होगी। इसकी तारीख बाद में तय की जायेगी।

# मेरे भविष्य की भूमिका का फैसला भाजपा करेगी: रघुवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुबर दास ने बुधवार की सुबह पुरी में जगन्नाथ मंदिर में देवताओं की पूजा-अर्चना की। मंदिर से बाहर निकलने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी भविष्य की भूमिका के बारे में भाजपा फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि ओड़िशा में उन्हें सुखद अनुभव हुआ। रघुवर दास ने बताया कि ओड़िशा उनके लिए एक यादगार पल रहेगा। लोगों को सलाम करते हुए उन्होंने उम्मीद जतायी कि ओड़िशा 2036 में एक विकसित राज्य बन जायेगा। बता दें कि 2036 में राज्य अपने गठन के एक सौ साल पूरे कर लेगा। मीडिया से बात करते हुए रघुवर दास ने कहा, मैं एक श्रमिक परिवार से हूं। मैंने 1980 में भाजपा की सदस्यता ली थी। मैंने बूथ स्तर की समिति के अध्यक्ष से लेकर मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न भूमिकाओं में काम किया। मुझे झारखंड की जनता की सेवा करने का अवसर मिला, इसलिए हमारी पार्टी मेरी भविष्य की भूमिका के बारे में फैसला करेगी। रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ओड़िशा में डबल इंजन सरकार गरीबों के विकास के लिए काम कर रही है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मिजोरम के वर्तमान राज्यपाल हरि बाबू कंभम पति को ओड़िशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया है। उन्होंने ओड़िशा के राज्यपाल पद से रघुवर दास दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।



# आतिशी की गिरफ्तारी संभव, मुझ पर भी छापा पड़ेगा: केजरीवाल

- महिला सम्मान योजना और संजीवनी पर उठे विवाद पर भी सफाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तीन-चार दिन पहले हमें अपने सूत्रों से पता चला है कि इडी, सीबीआइ और आयकर की बैठक हुई है। उसमें ऊपर से आदेश आये हैं कि कुछ भी फर्जी केस करके आतिशी को गिरफ्तार किया जाये। मैं पूरी जिम्मेदारी से यह आरोप लगा रहा हूं। साथ ही चुनावी तैयारियों से रोकने के लिए उनके, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और सौरभ भारद्वाज के खिलाफ छापेमारी की जायेगी। केजरीवाल ने बुधवार को आतिशी, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस करते हुए यह दावा किया। उन्होंने कहा कि ऐसा भी सूत्रों से पता चला है कि परिवहन विभाग में कोई फर्जी केस तैयार किया जा रहा है। इसका मकसद महिलाओं की मुफ्त यात्रा को बंद कराना है। उन्होंने आप द्वारा घोषित महिला सम्मान योजना और संजीवनी पर उठे विवाद पर भी सफाई दी।




### मुझे न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा: आतिशी

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि हमें पुख्ता खबर मिली है कि परिवहन विभाग के एक फर्जी केस के माध्यम से दिल्ली में महिलाओं की मुफ्त यात्रा बंद करने के लिए मेरे ऊपर फर्जी केस का प्रयास किया जा रहा है। हमने हमेशा इमानदारी से काम किया है और करेंगे। मुझे विश्वास है कि यदि एजेंसियां मुझे गिरफ्तार करती हैं, तो आखिरकार सच्चाई सामने आयेगी। मुझे देश की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

### महिला सम्मान योजना और संजीवनी पर दी सफाई

आतिशी ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी नोटिस को गलत बताया है, जिनमें जनता से अपील की गयी है कि वे इन योजनाओं के नाम पर अपने दस्तावेज किसी से साझा ना करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो नोटिस आज अखबारों में जारी हुए हैं, वे पूरी तरह गलत हैं। कुछ अफसरों पर भाजपा ने दबाव बनाकर गलत सूचना अखबार में छपवायी है। इन अफसरों पर पुलिस कार्रवाई भी की जायेगी। सूचना निकाली गयी कि महिला सम्मान जैसी योजना नहीं, जबकि दिल्ली सरकार की कैबिनेट की अधिसूचना है। एक हजार की स्कीम अधिसूचित हो चुकी है। ऐसे अफसरों पर सख्त कार्रवाई होगी, पुलिस कार्रवाई भी होगी। आम आदमी पार्टी की घोषणा है कि सरकार बनने के बाद संजीवनी योजना लायी जायेगी। सरकार बनने के बाद एक हजार की स्कीम को 21 सौ किया जायेगा। वहीं, पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जाहिर तौर पर यह चुनावी घोषणा है। जनता को इस पर भरोसा है। जनता रजिस्ट्रेशन करा रही है। जो लोग रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं, उन्हें चुनाव के बाद फायदा दिलायेंगे। यह हमारा, आम आदमी पार्टी का चुनावी वादा है, तो आम आदमी पार्टी रजिस्ट्रेशन कर रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 26 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# 2024 में ऐसे चली भारत की सियासत एक्सप्रेस

# मोदी की हैट्रिक, हेमंत सोरेन का डबल और नीतीश की पलटी

## ■ जनवरी से लेकर दिसंबर तक सियासी मौसम ने कई रंग दिखाये

## ■ केंद्र से लेकर राज्यों को जनता ने आईना भी दिखाया

**आजाद सिपाही विशेष**

**कई खट्टी-मीठी यादें लिये साल 2024 खत्म होनेवाला है। इस साल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, यानी भारत के लोग कई अहम राजनीतिक घटनाओं के गवाह बने। यही वह साल रहा, जब लोकसभा चुनाव हुए और 62 साल बाद देश में किसी पार्टी ने लगातार तीसरी बार सरकार बनायी। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और पंडित जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की। लोकसभा के अलावा आठ राज्यों के विधानसभा चुनाव भी इसी साल हुए। इसी साल देश की राजधानी में राजनीतिक संकट खड़ा हुआ, जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल चले गये। ऐसा ही कुछ घटनाक्रम झारखंड में भी हुआ। झारखंड में भी इतिहास बना, जब हेमंत सोरेन लगातार दूसरी बार स्पष्ट बहुमत वाली सरकार के मुखिया बने। हिमाचल प्रदेश में भी सरकार के सामने संकट आया। तेलंगाना और ओड़िशा में नयी पार्टियों को सत्ता मिली। इन तमाम सियासी घटनाक्रमों के बीच भारत की 140 करोड़ की आबादी ने साल के शुरू में अपने इस महान देश के सांस्कृतिक और धार्मिक पुनर्जागरण के दौर की शुरूआत देखी, जब अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन किया गया। साल 2024 के दौरान देश में हुई कुछ प्रमुख सियासी घटनाओं का विवरण प्रस्तुत कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह









### जनवरी: बनने लगा आम चुनाव का माहौल

साल की शुरूआत से ही लोकसभा चुनाव की हलचल तेज हो गयी। प्रधानमंत्री मोदी साल की शुरूआत होते ही दक्षिण के राज्यों में पहुंचे। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कई मंदिरों में दर्शन किया। इसके साथ ही दक्षिणी राज्यों में रोड शो भी किया। कई राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे भाजपा का मिशन दक्षिण बताया। जनवरी के मध्य में महाराष्ट्र की राजनीति को प्रभावित करने वाला एक बड़ा घटनाक्रम हुआ। शिवसेना के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुट के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला हुआ। अयोग्यता का फैसला महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सुनाया, जिसका आदेश उच्चतम न्यायालय ने दिया था। स्पीकर ने उद्धव गुट की दलीलें खारिज कर दीं और शिंदे गुट को असली शिवसेना माना। महीने के अंत में बिहार ने एक बार फिर नीतीश कुमार को गठबंधन बदलते देखा गया। नीतीश कुमार ने बिहार सीएम के पद से इस्तीफा देकर भाजपा के साथ नयी सरकार बना ली। यह पहली बार नहीं था, जब नीतीश कुमार महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के साथ आये। इससे पहले तीन बार जदयू ने साथी बदले थे, लेकिन दिलचस्प है कि नीतीश कुमार हर बार मुख्यमंत्री रहे। भले उनकी पार्टी के विधायकों की संख्या उनके सहयोगी से कम रही हो। जनवरी के अंत में ही झारखंड में बड़ी उठापटक हुई। हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के पद से अपना इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद झामुमो और कांग्रेस गठबंधन ने सोरेन सरकार में परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया।

### फरवरी: चंपाई बने सीएम, तो मोदी ने किया जीत का दावा

इस महीने की शुरूआत में झारखंड की राजनीति सबसे ज्यादा सुर्खियों में रही। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपाई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने। उनके साथ दो और मंत्रियों ने भी शपथ ली। महीने की शुरूआत में ही अपने तीसरे कार्यकाल की भविष्यवाणी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए यह नारा दिया था। चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को ही असली एनसीपी करार दिया। छह महीने से अधिक समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा कर दिया। फरवरी में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने वाली सोनिया गांधी नेहरू-गांधी खानदान की तीसरी सदस्य बन गयीं। इससे पहले इस खानदान से उमा नेहरू और इंदिरा गांधी राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुनी गयी थीं। फरवरी मध्य में देश की सर्वोच्च अदालत ने चुनावी बांड पर बड़ा निर्णय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए इस पर रोक लगा दी। न्यायालय ने इलेक्टोरल बांड योजना की आलोचना की और कहा कि राजनीतिक पार्टियों को हो रही फंडिंग की जानकारी मिलना बेहद जरूरी है। महीने के अंत में हिमाचल प्रदेश में सियासी उठापटक हुई। इसकी शुरूआत राज्यसभा चुनाव से हुई, जिसमें छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। इसके चलते बिना आवश्यक संख्या के भाजपा ने अपने प्रत्याशी हर्ष महाजन को कांग्रेस ने अभिषेक मनु सिंघवी के खिलाफ जिता लिया। क्रॉस वोटिंग से सुक्खू सरकार भी संकट में आ गयी, हालांकि यह संकट बाद में टल गया।

### मार्च : आम चुनाव की तारीखों की घोषणा

लोकसभा चुनाव से पहले देश में मार्च में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गयीं। इसी कड़ी में एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ, जब चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी एनडीए में वापस आ गयी। 2014 का चुनाव दोनों दलों ने साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन 2018 आते-आते दोनों के रास्ते अलग हो गये थे। उधर हरियाणा में दो बड़ी राजनीतिक घटनाएं घटीं। भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी का चार साल चार महीने पुराना गठबंधन टूट गया। गठबंधन टूटने के साथ ही राज्य में नेतृत्व परिवर्तन भी हुआ। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह नायब सैनी मुख्यमंत्री बने। 16 मार्च को चुनाव आयोग ने लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया। तारीखों के एलान के साथ ही आम चुनाव के लिए सियासी बिगुल बज गया और राजनीतिक दल चुनाव मैदान में उतर आये। मार्च का अंत दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के लिए मुसीबत लेकर आया। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने दिल्ली शराब नीति घोटाले मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। यह पहली बार था, जब कोई मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुआ।

### अप्रैल: आम चुनाव के लिए मतदान शुरू

इस महीने की शुरूआत में भी लोकसभा चुनाव की सरगर्मी रही। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने न्याय पत्र, तो भाजपा ने संकल्प पत्र के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया। पहले दो चरण के लोकसभा चुनाव भी अप्रैल में हुए। इसके साथ ही नितिन गडकरी, नकुल नाथ, राहुल गांधी, शशि थरूर, हेमा मालिनी समेत कई दिग्गजों की सियासी किस्मत इवीएम में कैद हो गयी। इसी महीने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कराया गया।

### मई: चुनावी बुखार में तपता देश

इस महीने की पहली बड़ी राजनीतिक खबर रायबरेली सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी का एलान रही। नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस ने रायबरेली सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार घोषित किया। मई महीना आम आदमी पार्टी के लिए एक राहत भी लेकर आया जब दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई। दिल्ली के सीएम को यह राहत सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मिली। तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे चरण के लोकसभा चुनाव भी मई में कराये गये।

### जून: लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी

जून महीने का आगाज सातवें चरण के लोकसभा चुनाव से हुआ। सातवें चरण के मतदान के साथ ही एक जून को अलग-अलग मीडिया चैनलों और सर्वे एजेंसियों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किये गये। सभी सर्वे में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया। चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आये, जिसने एग्जिट पोल के अनुमानों को धता बताया। चुनाव के नतीजों ने सभी को चौंकाया। भाजपा बहुमत से दूर 240 सीटों तक ही पहुंच पायी। वह सहयोगी दलों की मदद से 293 तक पहुंची। वहीं विपक्षी इंडी गठबंधन ने 240 सीटें जीत कर एनडीए को कड़ी टक्कर दी। नतीजों के बाद नौ जून को नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। लोकसभा चुनाव 2024 से साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, आंध्र प्रदेश और ओड़िशा के विधानसभा चुनाव के परिणाम आये। आंध्रप्रदेश में वाइएसआर की जगह टीडीपी-भाजपा-जन सेना पार्टी के गठबंधन की सरकार बनी और चंद्रबाबू नायडू सीएम बने। ओड़िशा में बीजू जनता दल की जगह भाजपा की सरकार बनी और मोहन चरण मांझी को राज्य की कमान मिली। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने अपनी सत्ता को बरकरार रखा और पेमा खांडू फिर मुख्यमंत्री बने। सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने अपनी सरकार बरकरार रखी और प्रेम सिंह तमांग राज्य के मुखिया बने।

### जुलाई: सुर्खियों में झारखंड और राज्यों के उप चुनाव

इस महीने की शुरूआत में झारखंड में एक बार फिर नेतृत्व परिवर्तन चर्चा का विषय रहा। जेल से रिहा हुए हेमंत सोरेन ने तीसरी बार राज्य के सीएम पद की शपथ ली। इससे पहले चंपाई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया। इसी महीने सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए मतदान हुआ। इनमें सबसे ज्यादा चार सीटें पश्चिम बंगाल की रहीं। हिमाचल प्रदेश की तीन, तो उत्तराखंड की दो सीटों पर भी वोट डाले गये। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पहली बार चुनाव हुए। केंद्र की सत्ताधारी भाजपा को इस चुनाव में नुकसान हुआ। विपक्षी गठबंधन को 13 में से 10 सीटों पर जीत मिली। हिमाचल और मध्य प्रदेश एक-एक सीट पर भाजपा और बिहार में एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते। हिमाचल में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर भी चुनाव जीतने में सफल रहीं।

### अगस्त: वक्फ संशोधन विधेयक पर टकराव

इस महीने के आरंभ में संसद में पेश हुआ वक्फ संशोधन विधेयक चर्चा में रहा। कांग्रेस और सपा समेत कई विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया। वहीं सरकार का कहना था कि इस विधेयक के जरिये वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्तियों पर अंकुश लगाकर बेहतर और पारदर्शी तरीके से प्रबंधन किया जायेगा। सरकार ने बाद में इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की सिफारिश कर दी। इसी महीने आप को एक बड़ी राहत मिली, जब दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। अगस्त में ही कर्नाटक का मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) भूमि घोटाला चर्चा में रहा। इसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती बीएम और अन्य पर आरोप लगे। महीने के मध्य में चुनाव आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया। इस महीने भी झारखंड में चुनाव से पहले सियासी उठापटक हुई। झामुमो के कद्दावर नेता रहे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हो गये। उन्होंने झामुमो में खुद का अपमान होने की बात कह कर पार्टी से अलग राह तलाश ली।

### सितंबर: केजरीवाल को मिली जमानत

यह महीना आम आदमी पार्टी के लिए फिर एक बड़ी राहत लाया, जब इसके मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गयी। दिल्ली शराब घोटाला मामले में जेल में बंद केजरीवाल जेल से बाहर आ गये। आप नेता को यह राहत सुप्रीम कोर्ट ने दी। केजरीवाल से पहले आप के कई बड़े नेताओं को इसी मामले में जमानत मिल चुकी थी, जिसमें मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, विजय नायर भी शामिल हैं। एक देश, एक चुनाव पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी भी सितंबर में मिली। विधि मंत्रालय के एक सौ दिवसीय एजेंडे के हिस्से के रूप में कैबिनेट के सामने यह रिपोर्ट पेश की गयी थी, जिसे कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए। सितंबर में दो चरण में राज्य में मतदान कराया गया।

### अक्तूबर: हरियाणा में भाजपा ने रचा इतिहास

इस महीने की शुरूआत में हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे सुर्खियों में रहे। हरियाणा में सत्ताधारी भाजपा ने इतिहास रचा और हरियाणा के गठन के बाद पहली बार भाजपा पहली ऐसी पार्टी बन गयी, जिसने लगातार तीसरी बार सरकार बनायी। नायब सिंह सैनी दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने। वहीं जम्मू कश्मीर की सत्ता में 10 साल बाद नेशनल कांफ्रेंस की वापसी हुई। फारुख अब्दुल्ला की नेशनल कांफ्रेंस ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में बहुमत हासिल किया।

इसके अलावा कुछ निर्दलीय और अन्य दलों के विधायकों ने भी सरकार को समर्थन दिया। केंद्र शासित प्रदेश की कमान उमर अब्दुल्ला ने संभाली। अक्तूबर के मध्य में चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। इसके साथ ही देश भर में 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर उप चुनाव भी तय कर दिया। इसमें राहुल गांधी द्वारा खाली की गयी वायनाड लोकसभा सीट और अखिलेश यादव की करहल विधानसभा सीट भी शामिल रही। इस महीने की बड़ी सियासी घटना कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की लोकसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवारी भी रही। प्रियंका ने मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए पर्चा भरा।

### नवंबर: झारखंड में हेमंत ने बनाया रिकॉर्ड

इस महीने की ज्यादातर सुर्खियां महाराष्ट्र और झारखंड के नाम रहीं। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में विधानसभा चुनाव हुए। 20 तारीख को ही महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए सभी 288 सीटों पर मतदान कराया गया। 23 नवंबर को झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आये। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को हरा कर बहुमत हासिल किया। वहीं, महाराष्ट्र में एक बार फिर महयुति सरकार की प्रचंड बहुमत के साथ वापसी हुई। झारखंड पहला ऐसा राज्य बना, जहां इंडी गठबंधन की सरकार वापस आयी। हेमंत सोरेन ने यह अनोखी उपलब्धि हासिल की। नवंबर में ही केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उप चुनाव के नतीजे आये। कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने बड़ी जीत दर्ज की। करीब साढ़े तीन दशक का खुद का राजनीतिक अनुभव बताने वाली प्रियंका पहली बार चुनावी राजनीति में दाखिल हुईं और पहले ही चुनाव में सफलता हासिल की। इसी महीने की आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव की हलचल भी तेज हो गयी। आम आदमी पार्टी ने 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में छह नाम ऐसे हैं, जो बीते 25 दिन के अंदर ही कांग्रेस या भाजपा से आप में आये थे। पार्टी ने 2020 में हारे तीन उम्मीदवारों पर भी फिर से भरोसा जताया। महीने के अंत में हेमंत सोरेन की ताजपोशी चर्चा के केंद्र में रही। वह चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। इसके साथ ही उनकी चौथी पारी शुरू हो गयी।

### दिसंबर: महाराष्ट्र रहा सियासी सुर्खियों में

इस महीने की खबरें महाराष्ट्र के नाम रहीं। 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद 11 दिनों तक महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर संशय बना रहा। उधर निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाराज होने की खबरें भी आती रहीं। मुंबई से दिल्ली तक की बैठकों के बीच भाजपा ने तय किया कि उसके नेता देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। पांच दिसंबर को फडणवीस ने तीसरी बार महाराष्ट्र की सत्ता की कुर्सी संभाली। वहीं उनकी कैबिनेट में एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुंबई में हुए शपथ ग्रहण समारोह में एनडीए का शक्ति प्रदर्शन भी दिखा। इसी महीने संसद के हंगामेदार शीतकालीन सत्र भी लगातार चर्चा में रहा। एक देश एक चुनाव का बिल लोकसभा में पेश हुआ और जेपीसी में भेजा गया। उधर राज्यसभा में नोटों की गड्डी मिलने की घटना भी सुर्खियों में रही। दिसंबर में ही आम आदमी पार्टी की दूसरी, तीसरी और चौथी सूची की चर्चा रही।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 13.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |



# बेटी के लिए माही ने बदला भेष, बन गये सांता क्लॉज

## क्रिसमस पर वायरल हुई एमएस धोनी की सांता क्लॉज लुक वाली तस्वीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** क्रिसमस के मौके पर सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है, जिसे साक्षी सिंह धोनी ने पोस्ट किया है। इस तस्वीर में साक्षी, उनकी बेटी जीवा और सांता क्लॉज के साथ नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि इस तस्वीर में दिख रहे सफेद लंबी-दाढ़ी और लाल ड्रेस वाले सांता क्लॉज और कोई नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं।



कैप्टन कूल के इस अनोखे लुक को देखकर फैंस हैरान रह गये हैं। धोनी अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने बाहर गये हुए हैं और क्रिसमस का जश्न दोस्तों और परिवार के साथ मना रहे हैं। साक्षी ने यह प्यारी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसे देखते ही फैंस ने जमकर प्रतिक्रिया दी और धोनी की इस खास अंदाज की सराहना की। सांता धोनी के साथ एक तस्वीर फिल्म अभिनेत्री कृति मेनन ने भी पोस्ट किया। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास ले लिया था लेकिन उनको लेकर क्रिकेट प्रेमियों में क्रेज आज भी बना हुआ है। धोनी चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए 5 आइपीएल का खिताब जीत चुके हैं।

# केंद्रीय मंत्री डॉ एल मुरुगन ने मोहम्मदगंज स्थित रेल टनल का किया निरीक्षण

## अधिकारियों को दिये कई दिशा निर्देश, केंद्रीय मंत्री का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने बुधवार को पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड सोननगर रेल खंड के मोहम्मदगंज भीम चूल्हा के समीप थर्ड लाइन के निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण किया। टनल के निरीक्षण के पूर्व भीम चूल्हा मंदिर स्थल पर अधिकारियों सहित आम नागरिकों ने उनका स्वागत किया। टनल के निरीक्षण के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन परिसर में अधिकारियों से स्टेशन की सुविधाओं पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने ट्रेन के आवागमन सहित अन्य कई बिंदुओं पर भी चर्चा की। अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये।



**ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज में केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की मांग की :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज मंत्री एस मुरुगन के मोहम्मदगंज आगमन पर स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें मांग पर सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि शैक्षणिक दृष्टिकोण से पिछड़े हुसैनाबाद अनुमंडल में उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना की सैकड़ों एकड़ भूमि खाली पड़ी है। यहां पर केंद्र सरकार के द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि अति पिछड़े पलामू जिला में शैक्षणिक विस्तार के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना से इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इसके अलावा ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ स्थित मोहम्मदगंज के गवर्नर रोड कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की मांग की। इस मौके पर एसडीओ कृष्णकांत कनवड़िया, आशीष गंगवार, एसडीपीओ मो याकूब समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

# हृदय से कोमल, पर विचारों के प्रति दृढ़ थे अटल बिहारी वाजपेयी : मरांडी

- प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा
- स्वाभिमानी भारत, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए किया हर संभव प्रयास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। राज्य के सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इसके पूर्व विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। राज्य के सभी जिलों में अटल जी के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गयी, जिसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।



**अटल वेंडर मार्केट में संगोष्ठी का आयोजन :** रांची महानगर भाजपा द्वारा अटल वेंडर मार्केट में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, अटल जी जैसे महान व्यक्तित्व विरले ही होते हैं। उनका हृदय कोमल था,लेकिन मां भारती की सेवा में वे विचारों के प्रति दृढ़ थे, अटल थे।

**अपने संघर्ष और परिश्रम से महान व्यक्तित्व को गढ़ा :** एक शिक्षक के पुत्र के रूप में जीवन यात्रा प्रारंभ करने वाले अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने संघर्ष और परिश्रम से महान व्यक्तित्व को गढ़ा। कभी सत्ता के लिए विचारों से समझौता नहीं किया। पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारत की राजनीति को नयी दिशा दी। देश को आगे बढ़ाने और कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी नीतियों से मुक्ति दिलाने के लिए उन्होंने गठबंधन की राजनीति को मजबूती प्रदान की। लेकिन सत्ता लोलुपता उन्हें छू नहीं सकी।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देश में नयी क्रांति का सूत्रपात किया

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देश में नयी क्रांति का सूत्रपात किया। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना हो, या सर्व शिक्षा अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड हो या फिर नदी जोड़ो अभियान सभी योजनाओं ने आम आदमी तक विकास की किरणों को पहुंचाया। पड़ोसी पाकिस्तान से मधुर संबंध बनाने की दिशा में उन्होंने लाहौर तक बस से यात्रा की लेकिन कारगिल में दुश्मन के धोखे का मुंहतोड़ जवाब भी दिया। यूएनओ में पहली बार हिंदी में भाषण देकर अटल जी ने राष्ट्र भाषा का विश्व पटल पर महिमा मंडन किया। वे आदिवासी कल्याण के लिए समर्पित थे। उन्होंने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अलग झारखंड राज्य के सपने को साकार किया। संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल किया। केंद्र में आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया।

## 26 और 27 को कोहरा और धुंध का साया, 28-29 को बारिश की संभावना

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 26 और 27 दिसंबर को सुबह हल्के दर्जे का धुंध और कोहरा छाया रहेगा। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा। राज्य के कई ईलाकों में कोहरा भी छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना जतायी गयी है। पिछले 24 घंटे में उच्चतम तापमान पलामू में 27.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान देवघर में 10.01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 28 और 29 दिसंबर को बारिश की संभावना जतायी गयी है। 28 को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला और सिमडेगा में बारिश की संभावना जतायी गयी है।

## झारखंड के रेल अधिकारी के परिचित से साइबर ठगी

# इलाज के नाम पर डीजी रेल की आवाज में फोन करके दो लाख रुपये ठग लिये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साइबर अपराधी हर दिन नये तरीके अपना कर किसी न किसी के खाते से पैसे उड़ा ले रहे हैं। लेकिन इस बार तो साइबर अपराधियों ने बड़ा दुःसाहस दिखाते हुए झारखंड के रेल डीजी की आवाज की कॉपी कर उनके रिश्तेदार से दो लाख की ठगी कर ली। बता दें मुरारी लाल मीणा झारखंड के सीनियर आइपीएस अधिकारी हैं। फिलहाल वे रेल डीजी के पद पर कार्यरत हैं, उनकी तरफ से दी गयी जानकारी के अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उनके एक मित्र को उनकी आवाज में फोन करके इलाज के नाम पर दो लाख रुपये ठग लिये गये। उन्होंने बताया कि उनके एक परिचित को एक अनजान नंबर से फोन किया गया। फोन पर बात करने वाले शख्स की आवाज हूबहू उनसे मिलती हुई थी। उनकी आवाज सुन कर उनके परिचित को एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि फोन पर बात करने वाला कोई दूसरा है। फोन करने वाले शख्स ने कहा कि घर में कोई गंभीर रूप से बीमार है इसलिए वे उनके द्वारा बताये जा रहे बैंक खाते में तुरंत दो लाख रुपये आरटीजीएस कर दें। रेल डीजी के परिचित को लगा कि उन्हें शायद मेडिकल इमरजेंसी है, इसलिए उन्होंने तुरंत दो लाख रुपये आरटीजीएस कर दिये। लेकिन जब पीड़ित ने उनसे बात की तब उन्हें यह पता चला कि पैसे तो उन्होंने मांगे ही नहीं हैं। फिलहाल मामले में साइबर सेल तफ्तीश कर रही है।



साइबर अपराधियों के द्वारा जिस तरह से डीजी रेल की आवाज की कॉपी करके उनके करीबी से ठगी की गयी है, उसे देखते हुए जानकर बताते हैं कि इसके लिए वॉइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया गया है। इंटरनेशनल साइबर पीस कमेटी के अध्यक्ष विनीत कुमार ने बताया कि यह मामला वॉइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ा हुआ है। अगर किसी व्यक्ति के पास मात्र 3 सेकंड का आपका ऑडियो क्लिप हो तो आपकी आवाज की नकल तैयार की जा सकती है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — समय अनुकूल है,महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।
- **वृष** — विरोधियों पर विजय,संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।
- **मिथुन** — वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति होगी।
- **कर्क** — निराशा का समापन, नये लोगों से सम्पर्क,महिला मित्र के माध्यम से लाभ,शुभ समाचार मिलेगा।
- **सिंह** — परिश्रम-प्रयत्न से विपरीत स्थितियों में सुधार,सामयिक-सामाजिक विकास,शत्रुओं पर विजय मिलेगा।
- **कन्या** — नयी आशाएँ उदित होगी,धनागम के अवसर बढ़ेंगे,अवसरों का फायदा उठावें,परिवार में मांगलिक कार्य होगा।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।
- **वृश्चिक** — हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।
- **धनु** — निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी।
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या,शारीरिक कष्ट,वाहन दुर्घटना भय,खर्च अधिक होगा।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# झारखंड में होमगार्ड बहाली के लिए 100 अंकों की होगी परीक्षा, 30 अंक लाना अनिवार्य

**शहरी क्षेत्रों में सरकारी सेवकों का नामांकन कुल रिक्तियों का 10% तक ही हो सकेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में होमगार्ड बहाली को लेकर गृह विभाग ने नियमावली-2014 का गजट प्रकाशित कर दिया है। इसके तहत तकनीकि योग्य अभ्यर्थियों के लिए 100 अंकों की परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसमें पास होने के लिए न्यूनतम 30 अंक जरूरी होंगे। शहरी क्षेत्रों में सरकारी सेवकों का नामांकन कुल रिक्तियों का 10% तक ही हो सकेगा। इसके लिए अभ्यर्थी को अपने कार्यालय प्रधान से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जमा करना होगा। शहरी गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को उस जिले या शहर का निवासी होना चाहिए या वहां कार्यरत होना चाहिए। ग्रामीण गृह रक्षक पद के लिए अभ्यर्थी को उसी प्रखंड और गांव का निवासी होना अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता सातवीं पास रखी गयी है। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेलों में पुरस्कृत अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर अतिरिक्त अंक दिये जायेंगे। जिला चयन समिति, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त करेंगे, गृह रक्षकों का चयन करेगी। समिति में जिला समादेष्टा, एसपी और डीसी शामिल होंगे। प्रत्येक जिले में 50 पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। महिला आरक्षण के तहत 5% पद तलाकशुदा परित्यक्ता और विधवा महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। गृह रक्षकों के नामांकन का आदेश उस जिले के उपायुक्त द्वारा हस्ताक्षर और मुहर के साथ जारी किया जायेगा।

# वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा कर पेसा कानून जल्द लागू करना जरूरी : बंधु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा पेसा कानून की नियमावली को मंजूरी देने के बाद अब इस बात की नितांत आवश्यकता है कि सभी आवश्यक वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा कर पेसा कानून को जमीनी स्तर पर जल्द-से-जल्द लागू किया जाये।



श्री तिर्की ने कहा कि पेसा कानून लागू होने से झारखंड की दशा और दिशा में सकारात्मक बदलाव आयेगा और अब ग्रामीणों विशेषकर जनजातीय समुदाय और मूलवासियों के लिए यह बहुत जरूरी है कि सरकार द्वारा स्वीकृत पेसा नियमावली के अनुरूप पेसा कानून का सीधा फायदा झारखंड के लोगों को मिले। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि इससे न केवल ग्रामीणों की विकास संबंधी जरूरतें पूरी होंगी बल्कि जमीन के साथ ही उपलब्ध संसाधनों की लूट भी रोकी जा सकेगी। साथ ही इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण होने की भी पूरी संभावना है।

श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि नयी सरकार के गठन के बाद झारखंड में विशेष रूप से आदिवासियों एवं मूलवासियों को पेसा कानून लागू होने के संबंध में सरकार से बहुत अधिक भरोसा है। झारखंड की जनता की लंबे समय से पेसा कानून को लागू करने की मांग बहुप्रतीक्षित है और कांग्रेस की महत्वपूर्ण भागीदारी वाली हेमंत सरकार ने आम लोगों की सभी न्यायोचित मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया है। श्री तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि पेसा कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधि भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी, जवाबदेही, ईमानदारी और लोगों की जरूरतों-आकांक्षाओं के अनुरूप अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए अपने कार्य करेंगे क्योंकि ग्राम सभा की सफलता के लिए यही अनिवार्य और व्यावहारिक शर्त है।

श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से भारत के आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, दलितों, अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों आदि के प्रति पूरी तरीके से समर्पित होकर काम किया है। देश के नवनिर्माण और विकास के लिए समाज के सभी वर्गों की समान भागीदारी के लिए और भारत के वर्षों से उपेक्षित लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकास में उनकी समान भागीदारी के लिए स्वर्गीय राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में पंचायती राज कानून को देशव्यापी स्तर पर लागू किया गया था। इसी के पश्चात पेसा कानून को मंजूरी दी गयी जिसमें जनजातीय बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल ग्रामीण परंपराओं के अनुरूप बल्कि, ग्रामीणों की आकांक्षाओं के अनुरूप भी ग्राम सभाओं को सशक्त करने का प्रावधान था। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक शासन व्यवस्था का विशेष महत्व है जहां मानकी-मुंडा, पाहन, प्रधान, मांझी जैसी व्यवस्था के कारण ही विकास के साथ-साथ जनजातीय जीवन-संस्कृति का भी संरक्षण होता है और संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार झारखंड के लोगों की अपेक्षाओं के अनुकूल पेसा नियमावली को अविलंब लागू करना आज की सर्वाधिक प्राथमिक जरूरतों में से एक है।

# मंत्री दीपिका ने ग्रामीण सड़क निर्माण योजनाओं से संबंधित निविदा को निष्पादित करने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ग्रामीण सड़कों के टेंडर को अविलंब निष्पादित करने का निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिया है। मंत्री ने विगत दिनों विभाग के कार्यों की समीक्षा की थी जिसमें यह बात सामने आयी थी कि विभाग की रोक की वजह से ग्रामीण सड़कों की निविदा निष्पादित नहीं की जा रही है। मंत्री के निर्देश के बाद अब ग्रामीण कार्य विभाग इस संबंध में आदेश जारी करने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही अभियंता प्रमुख सहित सभी प्रमंडल के इंजीनियरों को इससे अवगत करा दिया जायेगा।



दरअसल, दो माह पूर्व ही ग्रामीण कार्य विभाग ने एक आदेश जारी किया था और ग्रामीण सड़क-पुल की निविदा निष्पादन पर रोक लगा दी थी। हालांकि, कई मामलों में टेंडर जारी कर दिया गया था, लेकिन यह फाइलन नहीं हो पा रहा था। कुछ सड़कों पर काम शुरू करा दिया गया था, लेकिन संवेदक असमंजस में थे।

कई माध्यमों से विभाग को अविलंब इस पर निर्णय लेने को कहा जा रहा था, लेकिन अभी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ। नयी सरकार के गठन के बाद ग्रामीण कार्य मंत्री के समक्ष सारी बातें रखी गयीं और अब मंत्री ने तेजी से सड़क और पुल निर्माण का काम प्रारंभ करने को कहा है। ऐसे में 100 करोड़ से अधिक के काम के लिए जल्द ही टेंडर निपटारा करने का काम किया जायेगा।

# 13 आइएएस को विशेष सचिव रैंक में प्रमोशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 13 अधिकारियों को लेवल 13 विशेष सचिव रैंक में प्रमोशन दिया है। अपर सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग नेहा अरोड़ा प्रमोशन के बाद भी विशेष मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के पद पर बनी रहेंगी। नगर आयुक्त रांची नगर निगम रांची संदीप सिंह, श्रम आयुक्त झारखंड संजीव कुमार बेसरा, आदिवासी कल्याण आयुक्त झारखंड अजय नाथ झा, सचिव झारखंड लोक सेवा आयोग रांची अक्षय कुमार सिंह, अपर सचिव उद्योग विभाग मनमोहन प्रसाद, उपायुक्त जामताड़ा, कुमुद सहाय, अपर सचिव कृषि पशुपालन विभाग रवि रंजन कुमार विक्रम, अपर सचिव वित्त विभाग शशि भूषण मेहरा, अपर सचिव गृह विभाग, प्रदीप तिग्गा, अपर सचिव गृह विभाग, पूनम प्रभावती, अपर सचिव नगर विकास विभाग मनोहर मरांडी को प्रमोशन दिया गया है। सभी अधिकारी अपने पूर्व के पद पर बने रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।



## पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बुधवार को झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज, जिला कमेटी, हजारीबाग द्वारा भारत के सातवें राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग में निवास करनेवाले प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव, प्रखंड कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया और मंच संचालन विश्वकर्मा समाज के जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया। विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा समाज के गौरव थे। जीवन में संघर्ष करके विधायक से भारत के राष्ट्रपति तक का सफर प्राप्त किया। मेट्रिक पास करने के बाद विशेष रूप से धार्मिक ग्रंथो का अध्ययन किया उसके बाद ही उनको ज्ञानी की उपाधि दी गयी। झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों में आज के दिन भारत के सातवें राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह के पुण्य तिथि पर विश्वकर्मा समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की मनी जयंती



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी केरेडारी इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा बुधवार को प्रखंड मुख्यालय व कई बूथों पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जन्म जयंती को सुशासन दिवस रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के बताये गये आदर्शों पर चलने और भारतीय राजनीति में इनके योगदान को याद किया। कार्यकर्ताओं ने कहा की स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी का योगदान अद्वितीय है व देश के विकास में इनका योगदान सराहनीय है। हम सबों को अटल जी के बताये मार्ग को आत्मसात करने की जरूरत है।

## शहीद निर्मल महतो का बलिदान राज्य हमेशा याद रखेगा: डॉ कमल नयन सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के निर्मल महतो पार्क में झारखंड आंदोलन के प्रणेता, भारतीय राजनेता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख नेता शहीद निर्मल महतो की जयंती मनायी गयी। उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि वीर शहीद निर्मल महतो का बलिदान राज्य हमेशा याद रखेगा। झारखंड आंदोलन के इस प्रणेता ने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने में अपना प्राण न्योछावर कर दिया था। हमें उनके पद चिन्हों पर चलकर राज्य को आगे बढ़ाने का काम करना है। हमें एकजुटता के साथ राज्य के विकास में अपना योगदान देना है। झामुमो के केंद्रीय नेता दिलीप वर्मा ने कहा कि हमसबों ने आज वीर शहीद निर्मल महतो के जयंती के अवसर पर हम सभी उनके किये कार्यों और बलिदान को याद करते हुए उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया है। माल्यार्पण करने वालों में कांग्रेस नेता सुरजीत नागवाला, धीरज सिंह, कजरू साव, मो इफ्तेखार समेत कई शामिल थे।

## ऑटो के पलटने से छह लोग घायल

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** जीटी रोड सकरेज में सड़क दुर्घटना में छह लोग घायल हो गये। घटना बुधवार के दोपहर की है। ऑटो बरकट्ठा से बरही की ओर जा रही थी इसी दौरान आटो को पीछे से आ रहे स्कॉर्पियो गाड़ी ने टक्कर मारी। जिससे ऑटो सामने ट्रक में जा घुसा। हादसे में छह सवारी सुरेंद्र सिंह पिता रवि सिंह, रिंकी देवी पति बिन्नू करमाली, लछवा देवी पति स्वर्गीय हीरामन करमाली, कलावती देवी पति भुवनेश्वर करमाली, विनीता देवी पति विष्णु करमाली सभी ग्राम चेचकपी निवासी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस के माध्यम से बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है। जहां दो की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

## मनुस्मृति दहन का कार्यक्रम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** दलित शोषण मुक्ति मंच कोडरमा के जिला अध्यक्ष दिनेश रविदास ने के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क कोडरमा में मनुस्मृति दहन का कार्यक्रम किया गया। इन्होंने बताया कि संविधान लागू होने के पूर्व भारत में मनुस्मृति आधारित व्यवस्था थी जो शोषण पर आधारित था जिसको लेकर बाबा साहेब अंबेडकर ने आज से 97 वर्ष पूर्व ने मनुस्मृति को जलाया था। आज देश की आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी मनुवादी व्यवस्था कायम की कोशिश कर रही है। जिला उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश पासवान ने बताया कि मनुस्मृति एक काल्पनिक व्यवस्था को बताती है जो किसी भी समाज के लिए उपयुक्त नहीं है। झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार ने बताया कि केंद्र की सरकार संविधान विरोधी है। यह सरकार संविधान को बिल्कुल नहीं मानती है। भारत मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार पासवान ने बताया कि मनुस्मृति व्यवस्था कायम करने वाले राजनीतिक व्यक्ति से हमें सतर्क रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में शंभु पासवान, राजकुमार पासवान, बाबूलाल पासवान, सत्येंद्र कुमार, रमेश प्रजापति, संजय कुमार दास, कृष्णा कुमार पासवान, रंजीत रजक, संतोष पासवान, आदित्य पासवान, मिलन दास, राजेश रजक, दुर्गा राम, विजय दास, दिलीप पासवान, आनंद कुमार दास, विजय पासवान सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

# अवैध कोयला, बालू और ईंट भट्ठों के दम पर तैयार हुआ माफियाओं का साम्राज्य

**माफिया और अधिकारी हो रहे है मालामाल, राज्य को करोड़ों के राजस्व की क्षति**

**बड़कागांव बना बड़ा हब, छोटे स्तर पर कार्रवाई से नहीं टूटेगा मनोबल**

**पिंटू कुशवाहा दिनकर**



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में अवैध बालू, अवैध कोयला, ईंट भट्ठों के दम पर माफियाओं का काला साम्राज्य तैयार हुआ है। जिसमें कोयला माफिया और अवैध ईंट व्यवसाय के कारोबारी अपने जुगलबंदी से राज्य सरकार को करोड़ों के राजस्व का चुना लगा रहें है। इस खेल में कई विभागों के सरकारी बाबुओं की भी मिलीभगत है। अधिकारी नियम-कानून को ताक पर रखकर अपनी जेबें भर रहे है। यह काले कोयले का काला व्यवसाय ही है कि अवैध ईंट भट्टों में देश के कोयला भंडार का हजारों टन कोयला फूंक दिया जा रहा है। इतना ही नहीं भट्ठा के संचालन में कोयला मिट्टी के साथ बालू भी महत्वपूर्ण है। जहां ईंट भट्टों में बालू आसानी से पहुंच रहा है।वहीं आम लोगों के उपयोग के लिए बालू का भी किल्लत है। अवैध कोयला और अवैध बालू की मदद से संचालित इन अवैध ईंट भट्टों में मजदूरों और पर्यावरण को भी ठेंगे पर रखा जा रहा है। जंगल काटकर मिट्टी का उठाव और बड़े पैमाने पर कोयला जलाकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का यह खेल खनन विभाग की मिली भगत से चल रहा है। जिसे मौन समर्थन अन्य विभागों से भी प्राप्त है। ऐसे में भले राजस्व को नुकसान पहुंच रहा हो पर इस अवैध कोयले की बदौलत भट्ठा संचालक और उनके सहयोगी मालामाल हो रहे हैं। बड़कागांव प्रखंड में इन दिनों अवैध कोयला से ईंट भट्ठों का हब बना हुआ है। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर अवैध कोयले और बालू के दम पर सुलग रहे ईंट भट्टों को तय नियम के अनुसार संचालित करने के अभियान पर आखिर क्यों नहीं ध्यान है। दूसरी ओर बालू उठाव से सभी नदियों का अस्तित्व खतरे में है, नदी से बालू उठाव के कारण जल स्तर इतना नीचे जा रहा है कि आने वाला समय में पानी के लिए क्षेत्र में हाहाकार मचेगा। पूर्व में बने कुआं अभी से ही सूखने लगे हैं हर जगह डीप बोरवेल से भी पानी पाताल में चला गया है। छोटे-मोटे किसान कुआं में पानी नहीं रहने के कारण क्षेत्र खेती करना मुश्किल सा हो गया है। काम नहीं मिलने से बेरोजगार हो गये भरण पोषण के लिए क्षेत्र से पलायन कर रहे हैं।

# निर्मल महतो पार्क के कर्मियों ने इपीएफ भुगतान को लेकर पार्क में किया तालाबंदी

**31 जनवरी तक इपीएफ भुगतान का मिला आश्वाशन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** शहीद निर्मल महतो पार्क के कर्मियों ने राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के बैनर तले इंटक प्रदेश सचिव धीरज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला और जिला महासचिव कजरू साहू के नेतृत्व में 40 महीने से इपीएफ के बकाया को लेकर बुधवार को तालाबंदी किया। कर्मियों ने बताया कि नगर निगम के द्वारा संचालित पार्क के कर्मियों मजदूरों के वेतन का ईपीएफ का पैसा तो काटा जाता है लेकिन 40 माह से ईपीएफ का पैसा उनके खाते में जमा नहीं कीया जा रहा, इसी को लेकर आज तालाबंदी किया गया है। इस मामले को लेकर मंगलवार को जिला के वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी गयी थी, इसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण मजबूरन शहीद निर्मल महतो के जन्म दिवस के अवसर पर निर्मल महतो पार्क में सुबह से ही तालाबंदी किया गया। जानकारी पाकर पार्क के संचालक मनोज सिन्हा और नगर निगम के सिटी मैनेजर वहां पहुंचे, लेकिन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता और मजदूरों ने उनकी एक भी बात नहीं सुनी। उसके बाद नगर निगम के असिस्टेंट कमिश्नर विपिन कुमार से फोन के माध्यम से बात की गयी। 31 जनवरी तक मजदूरों की ईपीएफ का बकाया राशि उनके खाते में जमा करने के आश्वाशन के बाद कर्मियों ने पार्क का ताला खोल दिया। इस अवसर पर इंटक के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने बताया कि पूर्व में भी दर्जनों बार नगर निगम की आयुक्त को जिला के वरीय पदाधिकारी को इस बाबत सूचना दी गयी थी और पिछले तीन महीना पूर्व हम लोगों की अगुवाई में निर्मल महतो पार्क में मजदूरों के साथ एक समझौता किया गया था, जिसके तहत संचालक को तीन-तीन महीना करके बकाया राशि को जमा करना था, लेकिन उसके बावजूद नगर निगम के पदाधिकारी और संचालक दोनों किसी भी तरह का राशि ईपीएफ का बकाया पैसा इन लोगों के खाता में जमा नहीं कर पाये। इसके कारण मजबूरन तालाबंदी करना पड़ा। इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह ने कहा है कि आज तो हम लोग नगर निगम के असिस्टेंट कमिश्नर और संचालक की बातों को मानते हुए ताला खोल रहे हैं, लेकिन अगर जो तिथि दी गयी है उसमें अगर इनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया तो आगे हम लोग एक बड़ी लड़ाई लड़ने को तैयार रहेंगे। पार्क संचालक मनोज सिन्हा ने बताया कि पार्क लॉस होने और ऑफ सीजन होने के कारण ईपीएफ का पैसा नहीं दे पाये, मगर जल्द इन कर्मियों का पैसा जो भी होगा हम सब इनके खाते में देंगे। मौके पर पार्क के कर्मी योगेश पांडे, बद्रीनाथ, विजय रविदास, राजीव नयन, प्रकाश ओझा समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन को लेकर पोस्टर विमोचन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोडरमा इकाई की और से प्रांतीय अधिवेशन धनबाद में 3 से 5 जनवरी तक आयोजित होने वाले 25वें प्रांत अधिवेशन को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। इस अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे। उद्घाटन सत्र में सांसद और प्रसिद्ध भोजपुरी गायक मनोज तिवारी और अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। अधिवेशन में राज्यभर से करीब 1000 छात्र छात्राएं, शिक्षाविद प्राध्यापक और कार्यकर्ता भाग लेंगे। मौके पर अभाविप के नगर अध्यक्ष सतीश कुमार यादव ने बताया कि इस तीन दिवसीय अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित होंगे जिसमें उद्घाटन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्ताव सत्र और अन्य गतिविधियां शामिल है। मौके पर विभाग संयोजक विजय झा, कोडरमा विस्तारक नितेश तिवारी, प्रभात कुमार, सुभाष कुमार, अमर कुमार, अंकित कुमार, कुणाल कुमार, ज्योति कुमारी, कोमल कुमारी, रखी कुमारी, रानी कुमारी, ऋषि कुमार मौजूद थे।**

## झुमरीतिलैया में दिनदहाड़े घर से 20 लाख के जेवर की हुई चोरी



**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** बुधवार को दिन में तिलैया थाना क्षेत्र के बजरंग चौक स्थित एक मकान से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवर की चोरी कर ली है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़िता गीता देवी ने बताया कि दिन के करीब एक बजे के आसपास वह अपने घर के बाहर पड़ोसियों से मिलने गयी थी। इस दौरान घर में उनकी बहू अकेली थी। वह चूल्हे पर खाना चढ़ाकर छत पर गयी थी। थोड़े समय के बाद छत से नीचे आने पर बहु ने कमरे में रखे अलमीरा का लॉक टूटा हुआ पाया। बहू के द्वारा इसकी जानकारी उन्हें दी गयी। उन्होंने बताया कि अलमीरा के लॉक को तोड़कर चोर के द्वारा अलमीरा में रखें सोने के तीन चेन, कंगन 4 जोड़ी, 4 पीस कानबाली, 4 सोना का अंगूठी, 4 पीस पायल की चोरी कर ली गयी जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी देने वह तिलैया थाना गयी। जिसमें बाद पुलिस की टीम उनके घर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़िता ने बताया कि उनके पति श्याम किशोर शर्मा पिछले कुछ वर्षों से दुबई में रहते हैं। उनका बेटा रोशन कुमार अड्डी बंगला रोड स्थित फल की गद्दी में काम करता है। वहीं पुलिस उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए उसके पुत्र रोशन कुमार को पूछताछ के लिए थाना लायी है। सूत्रों के अनुसार रौशन कुमार ने ही घटना को अंजाम दिया है।

# सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार है विष्णुगढ़ का पिकनीक स्पॉट

**पिकनिक मनाने बड़ी संख्या में जुटते है लोग**

**बंटी मिश्र**



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** नये वर्ष के उपलक्ष्य में विष्णुगढ़ के पिकनिक स्पॉट में बड़ी संख्या में लोग जुटते है। यू तो विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में चार पांच पिकनिक स्पॉट है जहां नये वर्ष में सैलानियों की भारी भीड़ जुटती है उनमें से विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय पर स्थित यमुनिया डैम, उरगी डैम, सतगढवा नदी के अलाव कोनार डैम। कोनारडैम में पिकनिक मनाने भारी भीड़ जुटती है। प्रखंड मुख्यालय से दस किलो मीटर की दूरी पर स्थित है कोनार डैम। हजारीबाग जिला मुख्यालय से लगभग पचास किमी की दूरी है। इधर गोमिया से पंद्रह किमी की दूरी है। जहां आसानी से कोनारडैम पहुंच सकते है। कोनार डैम की प्राकृतिक सुंदरता और सौंदर्य के अद्भुत दृश्य को देखने लोग दूर-दूर से आते हैं। विशेषकर नववर्ष पर और दिसंबर के आखिरी में यहां पर झारखंड समेत दूसरे राज्यों के सैलानी भी कोनार डैम भारी संख्या में पहुंचते हैं। कोनार डैम का निर्मल व शीतल जल और प्रकृति प्रदत्त घने जंगलों से घिरा हुआ कोनार डैम की सुंदरता व मनोरम दृश्य सैलानियों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां की सुंदरता का कोई जोड़ नहीं है, डीवीसी के द्वारा निर्मित कोनार डैम की सुंदरता विख्यात है। कोनार डैम की सुंदर वादियों को देखने के लिए सालों भर यहां पर्यटक आते रहते हैं। नववर्ष के मौके पर यहां पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती है। कोनार डैम का पिकनिक स्पॉट खास कर सैलानियों को बेहद हीं लुभाती हैं। सैलानी यहां पर बड़े हीं चाव से नववर्ष के दिन पिकनिक मनाना पसंद करते हैं। सैलानियों को कोनार डैम पहुंचने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होती है। यहां पर पहुंचने के लिए गाडियां हमेशा उपलब्ध रहतीं हैं। कोनारडैम दोपहिया वाहन या फिर चारपहिए वाहन से आसानी से पहुंचा जा सकता है। यहां पर पिकनिक मनाने या फिर प्रवेश कर पर किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाता है। कोनारडैम में पिकनिक मनाने के लिए पानी, लकड़ी, समेत कई अन्य तरह की सभी सुविधाएं यहां आसानी से मिल जाती हैं। कोनार डैम के नीचे बने हुए खूबसूरत पार्क में हरी - हरी मखमली घास, हरे-भरे पेड़ पौधे, फूलों का सुंदर पार्क इसकी सुंदरता में चार चांद लगा देता है। सैलानी खास तौर पर यहां पर अपने पारिवारिक सदस्य और अपने दोस्तों के साथ वनभोज का आनंद लेंने आते हैं। वहीं कोनार डैम के दक्षिणी छोर पर सैलानी वोटिंग का भी आनंद पूरे परिवार के साथ ले सकते हैं। कोनार डैम की हसीन वादियों में बहुत सी फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है। जिसमें मुख्य रूप से भोजपुरी और नागपुरी फिल्में शामिल हैं। कोनार डैम में प्रायः एल्बम और अन्य फिल्मों की शूटिंग होते रहती है। इसके अलावा चन्द्रू फाल पर भी पिकनिक मनाने बड़ी संख्या में लोग जुटते है।

## बड़कागांव में ईसा मसीह का मनाया गया जन्मदिन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कई चर्च में दया करुणा और प्रेम के भगवान प्रभु यीशु का अनुयायियों 2024 वां जन्मदिन मनाया। बड़कागांव जेएमएस चर्च, बरतुआ, कुंदरु, जोभीया के चर्च में धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। बड़कागांव जेएमएस चर्च में पास्टर नकुल महतो के नेतृत्व और युगेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान प्रमुख फुलवा देवी, पास्टर नकुल महतो, पंसस कृष्णा राम, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईंया, जीप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, पूर्व पंसस राजीव रंजन, भीखन महतो, शिक्षक सुकेश कुमार, योगेंद्र महतो उपस्थित अन्य प्रबुद्ध जनो ने संयुक्त रूप से 5 फिट लंबा केक काटा। इस दौरान एक उपस्थित 4 वर्षीय बच्चा ने भी अपने जन्मदिन पर केक काटकर जन्मदिन को यादगार बनाया। एक दूसरे को केक खिलाकर लोगों ने प्रभु यीशु की जन्मदिन पर बधाई दी। मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, अतिथियों के लिए स्वागत गीत गायी गयी। इसके अलावा सामाजिक कुरीतियां, शराब उन्मूलन, सामाजिक व्यवहारिकता के अलावा शिक्षा झारखंड की संस्कृति पर विशेष नाट्य मंचन किया गया। मौके पर पास्टर नकुल महतो ने प्रभु यीशु से तमाम लोगों की सुख और समृद्धि की कामना की। कहा की प्रभु यीशु दया करुणा और प्रेम के प्रतीक हैं। हमें मिलजुल कर रहने, एक दूसरे के सम्मान, सहयोग करने की संदेश देते हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में बादल कुमार, सुकेश कुमार, योगेंद्र महतो, पास्टर नकुल महतो, अध्यक्ष योगेश्वर प्रजापति, सचिव महेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष शिवकुमार महतो, बादल महतो, घोलटू महतो, सीताफल महतो, सीटू कोयरी, विक्रम कुमार, ईश्वर दयाल महतो, राहुल कुमार, लोकेश कुमार, इंद्रनाथ महतो, पवन कुमार, यशवंत कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थें।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्रिसमस डे सेलिब्रेशन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्रिसमस डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने जिंगल बेल, जिंगल बेल, ऑल द जिंगल बेल की धुन पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दी। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने केक काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का त्योहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व हमें क्षमा दान करने के लिए प्रेरित करता है। वर्ग 1 से 5 तक के बच्चों ने अपनी विविध प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बाद वर्ग दशम का छात्र रवि रंजन ने सांता क्लॉज के रूप में बच्चों के बीच टॉफियां बांटी। कार्यक्रम का संचालन सौम्या कुमारी और अदिति कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, राकेश पांडेय, सीमा जैन, कुंतल जेठवा, कामिनी सहाय, सपना शर्मा, दीक्षा सिंह, स्वीटी सिन्हा, रंजीता कुमारी, रूबी वर्मा, मरियम हसन, प्रियंका सिंह, लता सिन्हा, पूजा सलूजा, सरोज पांडेय, अनुष्का शर्मा, लवली कुमारी, स्वाति कुमारी, प्रियंका गुप्ता, रेखा राणा, सुपर्णा डे, जयप्रकाश सिंह, शशि राज और अलका सिंह का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर फेबर कैस्टल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह, सेल्स एग्जीक्यूटिव आकाशदीप और विजेंद्र कुमार भगत भी विशेष रूप से मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय में धूम-धाम से मना क्रिसमस



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली विद्यालय के सभागार मे उत्साह और उमंग के साथ क्रिसमस मनाया गया। मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मे विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। आरूषि, सौरभी, रियांशी, आर्यन और उनके मित्रों की प्रस्तुति जिंगल बेल–जिंगल बेल.., आदर्श, अर्चित, अवनि, सक्षम और उनके मित्रों की प्रस्तुति क्रिसमस कैरोल ने ढेरो तालियां बटोरी। काव्यांश की एकल गीत प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। छात्रों ने सांता क्लॉज के साथ जमकर नृत्य किया। मौके पर विद्यालय के सीइओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रभु यीशु की जीवनी हमे सेवा, सहयोग, सौहार्द और समन्वय की शिक्षा देती है। वही प्राचार्या अजंना कुमारी ने प्रभु यीशु की शिक्षाओं को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय बताते हुए उसे आत्मसात करने की सलाह दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, सरिका, अणु कपसिमें, नेहा वर्णवाल, सुषमा, महिमा, काजल, श्वेता, सीसीए प्रभारी राजीव रंजन सिंह, छात्र स्वंय सेवक रणवीर कुमार, शशि यादव, सागर कुमार, दिव्या, परिधि की भूमिका सराहनीय रही।

## मोदी कल्याण समिति का हुआ गठन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** मोदी कल्याण समिति बरकट्ठा की बैठक बेलवा नदी रोड सुरज मोदी के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता शिव शंकर मोदी ने और संचालन सचिव सुरज मोदी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र भाई मोदी उपस्थित थे। मौके पर सुरेन्द्र भाई मोदी ने समाज के उपस्थित लोगों से सामाजिक एकता बनायें रखने की बात कही। उन्होंने लोगों से महाराजा अहिवरन के पद चिन्हों पर चलने को कहा। मौके पर मोदी कल्याण समिति बरकट्ठा की कमेटी गठित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शिवशंकर मोदी, महासचिव पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष उमेश मोदी, उपाध्यक्ष सुरज मोदी 1 और बिमलेश मोदी, सचिव महेश मोदी और चंदन मोदी, अंकेक्षण अरुण मोदी और इंद्रदेव मोदी, मिडिया प्रभारी अनिल कुमार बर्णवाल को बनाया गया। वहीं सुरज मोदी 2 को संजोयक बनाया गया। मौके पर मोदी कल्याण समिति ने अपने समाज के गरीब बच्चों की पढ़ाई, गरीब घरों की लड़कियों की शादी में यथासंभव मदद करने की बात कही। मोदी कल्याण समिति के बैनर तले 3 जनवरी को वनभोज करने की बात कही। मौके पर रामकुमार मोदी, राजेंद्र मोदी, प्रदीप मोदी, अशोक मोदी, दशरथ मोदी, महादेव मोदी, अजय कुमार बरनवाल, संजय मोदी, सुरेश मोदी, गोलू मोदी, संदीप मोदी, मनोज कुमार, पवन मोदी, बिट्टू मोदी, विजय मोदी, पंकज मोदी, मनोज मोदी, अनिल कुमार, आनंद कुमार, संतोष कुमार बरनवाल, सुनील कुमार, चंदन मोदी, सिद्धार्थ मोदी, सुजीत मोदी, रंजन मोदी समेत सैकड़ों मोदी समाज के लोग उपस्थित थे।

## पारसनाथ जिनालय में मनाया जायेगा भगवान पारसनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रांची रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पारसनाथ जिनालय में भगवान पारसनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा। 26 दिसंबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जन्म कल्याण महोत्सव के दौरान अभिषेक, शांति धारा और नित्य पूजन तत्पश्चात श्री जी के पालना झुलाई का कार्यक्रम होगा। शाम में महाआरती का भी आयोजन किया जायेगा। समाज के सभी सदस्यों से दिगंबर जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने सहयोग की अपील की है। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल, मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल, पदमचंद सेठी, राजेश सेठी, नीरज सेठी, निशांत सेठी, बब्लू सेठी, संदीप सेठी, दीपक जैन और विनोद सेठी, श्रवण सेठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## विकलांग विद्यालय पहुंचे आर्मी के अधिकारी, बच्चों को दिया उपहार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** दी रिकॉर्ड्स, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के अधिकारी अपने परिवार वालों के साथ बुधवार को आवासीय विकलांग विद्यालय सुकरीगढ़ा पहुंचे। उनका यह दौरा बच्चों के साथ समय बिताने के लिए था। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के बीच खेल किट और परिधान, उपहार के रूप में वितरित किये गये। यहां विभिन्न प्रकार के मजेदार खेलों का आयोजन भी किया गया। दी रिकॉर्ड्स, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर परिवारों और बच्चों ने स्कूल के बच्चों के साथ बातचीत कर दोस्ती की और एकजुटता की भावना को बढ़ावा दिया। एक साथ भोजन करने के बाद पूरे कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बच्चों में बेहद उत्साह, जोश, उल्लास और चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी।

## जयनंदिनी और इंदु मित्रा प्राइवेट लिमिटेड ने 500 गरीबों को बांटे कंबल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जयनंदिनी और इंदु मित्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में 500 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान धनन्जय यादव, किशोर यादव, रईस आलम, विजय राम, नईस आलम, हरिलाल बेदिया, भोला यादव ने गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा। कहा गया कि आगे भी गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा, ताकि सबों को ठंड से बचाया जा सके।

## जरूरतमंद के बीच बांटे गये कंबल



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सांसद कालीचरण सिंह के पुत्र नीतीश कुमार द्वारा गरीब, असहाय, वृद्ध, विकलांग के बीच श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर ठंड को देखते हुवे कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण नगर पर्षद के किशुनपुर, पनसलवा, बड़हीटोला, लाइन मोहल्ला, बस स्टैंड के निवासियों के बीच बांटा गया। मौके पर उपस्थित सांसद पुत्र ने कहा कि ठंड को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के बीच निरंतर कंबल का वितरण किया जायेगा। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा राजेश पासवान, मंडल महामंत्री अमित राम, डब्लू सिंह, करम मिस्त्री, जमुना पासवान, परमेश्वर पासवान, उदय कुमार, सुनील कुमार सिंह, नंदलाल सिंह, सोनू कुमार, समेत दर्जनों लोगों शामिल थे।

## हंटरगंज पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनायी गयी



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सलैया गांव में बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके राजनीतिक जीवन पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए उन्हें महान राजनेता बताया। राष्ट्र निर्माण और 21वीं सदी में भारत की अहम भूमिका में पूर्व प्रधानमंत्री की ओर से निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था। उनकी जयंति को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर काफी संख्या में भाजपा सहित अन्य दलों के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थें।

## भाजपाइयों ने कुजू में मनाया अटल जयंती



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय, हथमारा में भाजपाईयों ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही विधायक मनोज यादव, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, विजय जायसवाल, रंजीत सिन्हा, प्रो संजय सिंह, छोटन सिंह, मनोज गिरी समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

### बैंक और एटीएम में नहीं है पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे और ट्रेंड गार्ड

# रामगढ़ एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी किया निर्देश

**एसपी के आदेश पर रामगढ़ थाना प्रभारी ने बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों को जारी किया पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में चोरी और छिनतई की बढ़ती वारदातों को खत्म करना है तो सभी प्रतिष्ठानों में हाई क्वालिटी के पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए। ताकि अपराधियों के साथ-साथ उस गाड़ी की भी पहचान हो सके, जिससे वह फरार होते हैं। लेकिन रामगढ़ में जितने भी बैंक और एटीएम मौजूद हैं, वहां ना तो पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं और ना ही उनकी क्वालिटी उतनी बेहतर है। इस मुद्दे को अब रामगढ़ जिला प्रशासन ने काफी गंभीरता से लिया है। एक तरफ रामगढ़ एसपी अजय कुमार के द्वारा सभी प्रतिष्ठानों को चिट्ठी लिखकर पर्याप्त मात्रा में एचडी सीसीटीवी कैमरा लगाने का आदेश जारी किया है। दूसरी तरफ रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने भी बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निर्देश जारी कर दिया है। इन दोनों अधिकारियों के निर्देशों के आलोक में रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने भी एक पत्र सभी बैंक प्रबंधक, बैंक के एटीएम प्रबंधक, ज्वलेरी शॉप मालिक, पेट्रोल पंप मालिक, होटल संचालक, रेस्टोरेंट संचालक, सिनेमा हॉल संचालक, शराब दुकान संचालक, स्टोरी फ्लैट, हाउसिंग सोसाईटी, पेड पार्किंग मालिक, निजी संचालित अस्पताल संचालक, अस्पताल प्रबंधक, मॉल्स प्रबंधक, दवा दुकान मालिक को जारी किया है।

### कैमरा नहीं होने से चिन्हित नहीं हो पा रहे अपराधी

बैंक, एटीएम, ज्वेलरी शॉप, पेट्रोल पंप, होटल, रेस्टोरेंट, सिनेमा हॉल, शराब की दुकानें, मल्टी स्टोरी फ्लैट, हाउसिंग सोसाईटी, बस स्टैण्ड, पेड पार्किंग, निजी संचालित अस्पताल, मॉल्स, दवा दुकान पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते अपराधियों को चिन्हित करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है और जन सुरक्षा में भी समस्या उत्पन्न होती है।

### हर प्रतिष्ठान के बाहर हो कम से कम पांच कैमरा

रामगढ़ थाना प्रभारी ने कहा कि प्रतिष्ठान में बेहतर क्वालिटी का कैमरा पर्याप्त संख्या में प्रतिष्ठान के अंदर तथा कम से कम 5 कैमरा बाहर सड़क एवं पार्किंग की जगह में होना ही चाहिए। जिसमें वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर रीड हो सके।

**बैंक और एटीएम में हों ट्रेड गार्ड :** थाना प्रभारी ने बताया कि बैंक और एटीएम में ट्रेंड सुरक्षा गार्ड को भी नहीं रखा गया है। जिसकी वजह से अपराधी बेधड़क वहां आते हैं और घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं। जितने भी अपराध हुए हैं वहां बैंक और एटीएम के सुरक्षा गार्ड किसी भी तरह का एक्शन लेते हुए नहीं पाये गये हैं। वह सिर्फ वहां दिखावे के लिए मौजूद रहते हैं। इसलिए उन प्रतिष्ठानों को निर्देश दिया गया है कि वह प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड को ही तैनात करें।

## शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती मनायी गयी

**अलग झारखंड राज्य के निर्माण में शहीद निर्मल महतो का महान योगदान है: मनोज महतो**

**अलग झारखंड राज्य आंदोलन को शहीद निर्मल महतो ने नई दिशा प्रदान की: दिलीप दांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को अलग झारखंड राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देनेवाले शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती उत्साह के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम में बतौर अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, हेमलाल महतो, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित हुए। मौके पर अतिथियों ने शहीद महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद बारी बारी से पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**झारखंड राज्य आंदोलन में शहीद निर्मल महतो अहम भूमिका:** मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो की अलग झारखंड राज्य आंदोलन में बहुत बड़ी भूमिका थी। कहा कि निर्मल दा का जन्म जमशेदपुर के उलियान गांव में 25 दिसंबर 1950 ई में हुआ था। कहा कि उन्होंने अपने 37 वर्ष के छोटी उम्र में अपनी नेतृत्व क्षमता से सभी को परीचित कराया और अलग झारखंड राज्य आंदोलन को नई दिशा प्रदान की।

**शहीद निर्मल महतो के बताये मार्ग चर चलने की जरूरत: दिलीप :** आजसू के केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो और जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि आज के दिन हम सभी को शहीद निर्मल महतो के बताये मार्ग चर चलने की जरूरत है। कहा कि उनके बताये मार्ग पर चलकर ही हम उनके सपनों को साकार कर सकते हैं।

कौन-कौन थे उपस्थित

मौके पर अरूण अग्रवाल, राजेंद्र महतो, कुलदीप वर्मा, विभन सिंह, पवन यादव, जय किशोर महतो, संतोष यादव, नेपाल विश्वकर्मा, संजय यादव, जुलेश्वर महतो, दीपू गुप्ता, नितिश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की मनायी गयी जयंती



**कुंदा/चतरा(आजाद सिपाही)।** महावीर मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 100 वीं जयंती समारोह धुमधाम से मनाया। इस मौके पर अटल बिहारी वाजपेयी के फोटो पर माल्यर्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का शपथ लिया गया।मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का निर्देश दिया गया की अपने-अपने प्रत्येक बूथ क्षेत्र में 100 नये भाजपा का सदस्य बनाना है। इस मौके पर गंदौरी साव, मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, जितेंद्र कुमार शौंडिक, मनोज यादव, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, युवा मोर्चा के अध्यक्ष घनश्याम यादव, महेंद्र ठाकुर, बिमलेश यादव, राजकुमार साव, अजय भारती, उपेंद्र ठाकुर, भीम महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## प्लांट के जहरीले धुएं से ग्रामीण परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकाकाना।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य रविन्द्र मुंडा सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रेस बयान जारी कर बताया है कि रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र हेहल में स्थापित मां छिन्मस्तिका सीमेंट और स्टील और चैनगड़ा में स्थापित बेंकटेश स्पंज प्लांट से निकलने वाली रसायन युक्त जहरीले धुएं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। उन्होंने बताया कि हेहल, चैनगड़ा, घटुआ, दुर्गी, पीरी, तेलियातू सहित दर्जनों गांव में टीबी, दमा, अस्थमा जैसी खतरनाक बीमारियों से ग्रसित मरीजों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। प्लांट प्रबंधन अविलंब प्रदूषण को रोके अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि साल भर पूर्व ग्रामीणों के विरोध के कारण प्रदूषण पूरी तरह बंद कर दिया गया था, जो महज कुछ महीने भर के लिए दिखावा सा था। लेकिन पिछले कई महीनों से फैक्टरी प्रबंधन के द्वारा पुनः निर्भीक होकर जहरीले धुएं की निकासी खुलेआम की जा रही है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह स्थानीय निवासी रवींद्र मुंडा और दर्जनों ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक रौशनलाल चौधरी और सांसद मनीष जायसवाल सहित जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है। बताते चलें कि उक्त दोनों प्लांट के द्वारा निकाले जा रहे जहरीले धुएं को लेकर पिछले कई सालों से ग्रामीणों के द्वारा आंदोलन किया जाता रहा है, लेकिन प्लांट प्रबंधन जनहित मुद्दो को ताक पर रखकर बेखौफ प्रदूषित धुएं को ग्रामीणों के बीच परोसते रहती है। प्लांट के नजदीक रह रहे बिरहोर और मल्हार के परिवार के दर्जनों सदस्य टीबी व अन्य गंभीर बीमारी से असमय मौत को गले लगा चुके हैं। स्वच्छ हवा और शुद्ध वातावरण इस क्षेत्र के लिए अब गुजरे सपने जैसा प्रतीत होता हैं। विगत वर्षों में ग्रामीणों के द्वारा दर्जनों विरोध प्रदर्शन और आंदोलन किये गये, परंतु प्लांट प्रबन्धन के द्वारा झूठे मुकदमों में फंसा कर ग्रामीणों में डर का माहौल बनाये रखना चाहती है।

## भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट ने अटल जी को किया याद

**भारतीय जनता पार्टी के जनक थे अटल बिहारी बाजपेयीः राजीव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रुप में नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के अध्यक्षता में मनाया गया। संचालन जिला मंत्री अजीत कुमार गुप्ता द्वारा और धन्यवाद ज्ञापन नगर मंत्री अभिषेक चौधरी ने की। मुख्य प्रवक्ता जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने 100वीं जयंती पर अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता, राजनेता, पत्रकार, साहित्यकार के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के जनक के रूप में हमेशा लोगों के स्मरण में जीवित रहेगें। उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, चतुर्भुज स्वर्णिम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से उन्होंने सुशासन की जो रोशनी दी आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके कार्यों को विराट स्वरूप दिया जा रहा है। आज भारत विश्व के पांचवीं आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है। पोखरण प्रकरण ने अटल जी के ताकत और देश हित के उनके अटल इरादे को दुनिया भर भारत के परमाणु शक्ति परीक्षण को स्थापित किया।

**बूथ स्तर पर मनाया जा रहा है अटल जी का जयंतीः सूर्यवंशम :** नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा रामगढ़ कैंट के सभी बूथों पर अटल जी की 100वीं जयंती पर कार्यक्रम हो रहे हैं। अटल जी के सुशासन दिवस पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित कार्यों के बारे में बताया जिसके निमित्त सभी बूथों पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने, शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर अटल जी के जीवनी पर प्रकाश डालने, उनके किये गये कार्यो पर चर्चा, प्रदेश द्वारा निर्देशित दो कविताओं का वाचन, प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क पर पार्टी के झंडा बैनर के साथ आधा या एक किलोमीटर पैदल सुशासन यात्रा निकालना, जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना, जिला स्तर पर किसी प्रमुख स्थान पर लोगों प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाना, समाचार पत्रों के माध्यम से वरिष्ठ और प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी पर ब्लॉक/लेख प्रकाशित करना, केंद्र सरकार द्वारा उन्की द्वारा चलायी गयी।

## अटल जयंती पर उज्ज्वला फाउंडेशन ने चलाया भाजपा सदस्यता अभियान



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पूर्व पीएम सह भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर उज्जवला फाउंडेशन ने भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया। साथ ही, बोंगावार फोरलेन स्थित फाउंडेशन कार्यालय में सुशासन दिवस मनाते हुए सदस्यों के बीच अंग वस्त्र भेंट की। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और फाउंडेशन सदस्यों ने संयुक्त रूप से अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का संचालन शांति देवी ने किया। इस अवसर पर रणजीत सिन्हा ने कहा कि अटल जी भारत के एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने भाजपा को एक सूत्र में बांध कर रखा। अटल जी की बदौलत से ही केंद्र में भाजपा की सरकार है। अटल जी की दूरगामी सोच के कारण हमारा देश विश्व पटल पर स्थापित है। वहीं, जागेश्वर प्रजापति ने अटल बिहारी वाजपेई को प्रेरणा स्रोत बताया। कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे स्तंभ रहे हैं, जिन्होंने राजनीति का नये मानदंड स्थापित किया। उन्होंने एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आजीवन काम किया। भारत की प्रगति में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान की जितनी भी सराहना की जाये कम है। इधर, फाउंडेशन के सदस्यों के बीच सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण देने की जानकारी दी। दिया। साथ ही, 51 सदस्यों को भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान में जोड़कर शुरुआत किया। मौके पर सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, डिंपल प्रजापति, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुनिता देवी, अर्चना देवी, फूलकुमारी देवी, पूनम देवी, सुषमा कुमारी, छोटन प्रजापति आदि शामिल रहे।

## पीटीपीएस यूनियन चर्च में मना क्रिसमस



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस न्यू मार्केट यूनियन चर्च में क्रिसमस का त्यौहार धूम धाम से मनाया गया। यह ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह ईसाई धर्म का सबसे अहम त्योहार है। यह त्योहार हमें यीशु के संदेश को याद दिलाता है, जो प्यार, सहानुभूति, और एकता के महत्व पर जोर देता है। इस अवसर पर कांग्रेस के युवा नेता सरफराज अहमद ने भी पीटीपीएस न्यू मार्केट इंडियन चर्च में पहुंचकर क्रिसमस के महत्व को बताया। साथ ही बच्चों के बीच टॉफी बाटकर बच्चों सहित चर्च के फादर को भी क्रिसमस की बधाई देते हुए जीवन में प्रेम, सुख, शांति और समृद्धि बने रहने की कामना की। इस मौके पर महताब आलम, सियोन बारला, मिलन तिग्गा, माइकल रफीक खान आदि मौजूद थे।

## मंत्री योगेंद्र से मिले आर सीएमएस के रजरप्पा क्षेत्रीय अध्यक्ष



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** आरसीएमएस ददई गुट के सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष हाजी अख्तर आजाद ने बुधवार को राज्य के पेयजल स्वच्छता और उत्पाद विभाग के मंत्री सह गोमिया के विधायक योगेन्द्र प्रसाद से मुलाकात कर उन्हें मंत्री बनने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने बुके भी भेंट किया गया। मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्रीय अध्यक्ष हाजी अख्तर आजाद से मजदूरों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विस्थापन बड़ी समस्या हैं, जिससे विस्थापितों को परेशानी हो रही हैं। समस्याओं को सुनकर मंत्री ने मजदूरों की समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया। कहा कि मजदूरों के साथ शोषण बर्दाशत नहीं किया जायेगा। हर हाल में मजदूरों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में हर वर्गों को सम्मान मिलेगा। झारखंड सरकार मजदूर हित के लिए हर संभव मदद करेगी

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मनी जंयती



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता भाजपा पतरातू मंडल उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो और संचालन महामंत्री पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब भी सत्ता और विचारधारा के बीच एक को चुनने की नौबत आयी, तो अटल बिहारी वाजपेयी ने विचारधारा को खुले मन से चुना। इस मौके पर गणेश ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य कोडरमा जिला प्रभारी पंकज गुप्ता, वारिस खान, राहुल रंजन, विकास गुप्ता, सरिता ठाकुर, अशोक पाठक, अजय राम सहित सैकड़ों भाजपा और आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हाथियों के झुंड ने मायल के 32 वर्षीय युवक को पटक कर मार डाला

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर प्रखंड के मायल पंचायत अंतर्गत ढठवाटांड के समीप एक युवक को जंगली हाथियों के झुंड ने पटक कर मार डाला। युवक की पहचान चितरपुर मायल के गांवादेवती निवासी बताया जा रहा है जिसका नाम निधिराम महतो उर्फ मद्दू (32 वर्षीय) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक अहले सुबह अपने पशुओं के लिए पेड़ से चारा पत्ता जंगल की ओर लाने गया था जहां झुंड में हाथियों को देख लिया और मुठभेड़ हो गयी। झुंड हाथियों को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन दौड़ लगाकर भागने में असफल रहा जिससे हाथियों के चपेट में आ गया और हाथी ने पटक कर मार डाला जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जानवरों की चरागाह के लिए सुबह करीब साढ़े छह बजे पेड़ो की पत्तियां लेने गया था। हाथियों की संख्या 6-7 बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ, हाथियों के आने और विचरण करते झुंड के बारे में ग्रामीणों द्वारा जंगल विभाग के पदाधिकारी को सूचना दी गयी। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया गया। दर्दनाक घटना को लेकर विभाग पदाधिकारी द्वारा मृतक के परिजनों को 25 हजार का चेक प्रदान किया गया।

# देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में बदलाव

केंद्र सरकार ने आखिर स्कूली शिक्षा व्यवस्था में 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को समाप्त करने की घोषणा कर दी है। इस फैसले ने एक बार फिर उस बहस को तेज कर दिया है, जो करीब डेढ़ दशक पहले इसे लाने का आधार बनी थी।

**ड्रॉप आउट का मुद्दाः** मसला शिक्षा का अधिकार कानून 2009 से जुड़ा है, जिसकी धारा 16 में यह प्रावधान किया गया था कि स्कूलों में आठवीं क्लास तक किसी भी बच्चे को किसी परीक्षा में फेल नहीं घोषित किया जायेगा, न ही उसका अगली क्लास में जाना रोका जा सकेगा। इसके पीछे यह सोच थी कि सभी बच्चों के लिए कम से कम आठवीं क्लास तक की पढ़ाई सुनिश्चित की जाये। यह देखा गया था कि आर्थिक और सामाजिक तौर पर पिछड़े परिवारों के बच्चों में फेल होने की वजह से ड्रॉपआउट बढ़ जाता है। अक्सर पढ़ाई में कमजोर ऐसे बच्चों के बारे में यह धारणा बन जाती है कि यह पढ़ने वाला बच्चा नहीं है। लिहाजा उन्हें दूसरे काम में लगाने का भाव परिवार में भी जोर पकड़ने लगता है और वे पढ़ाई से वंचित कर दिये जाते हैं।

**सतत मूल्यांकन पर जोरः** 'नो डिटेंशन पॉलिसी' के पीछे यह सोच भी थी कि बच्चे का सतत मूल्यांकन किया जाये, जिससे उसे पास-फेल घोषित करने की बजाय उसकी कमियों का पता लगाकर उनका निदान करने का काम निरंतरता के साथ होता रहे। यह माना गया था कि कच्ची उम्र में बच्चे की पात्रता देखने का खास मतलब नहीं, क्योंकि हर बच्चा सीख सकता है। सवाल उसे सिखाने की सही प्रक्रिया ढूंढ़ने और उसे अपनाने का है, जो मूलतः शिक्षा तंत्र की जिम्मेदारी है।

**केंद्र सरकार ने स्कूली शिक्षा व्यवस्था में 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को समाप्त करने की घोषणा की है, जिसके तहत आठवीं कक्षा तक किसी बच्चे को फेल नहीं किया जाता था। व्यावहारिक समस्याओं और नकारात्मक फीडबैक के कारण यह निर्णय लिया गया, हालांकि कुछ राज्य अभी भी इस पॉलिसी को लागू रखे हुए हैं।**

**व्यावहारिक दिक्कतें:** समस्या यह हुई कि इस पॉलिसी को लागू किये जाने के बाद फीडबैक सकारात्मक नहीं आया। कई राज्यों की ओर से इस पॉलिसी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग होने लगी। इन्हीं वजहों से 2019 में केंद्र सरकार ने शिक्षा का अधिकार कानून में संशोधन किया, जिससे संबंधित सरकारों को इसे जारी रखने या छोड़ देने का विकल्प मिला। और अब केंद्र सरकार ने भी इसे छोड़ने का विकल्प चुना।

**पुनर्विचार की गुंजाइशः** गौर करने की बात यह है कि अभी भी 50 फीसदी राज्यों में यह पॉलिसी लागू है और तमिलनाडु ने तो केंद्र के फैसले के बाद भी खुलकर कहा है कि वह इस पॉलिसी को जारी रखेगा। ऐसे में इस पॉलिसी के गुण-दोष परखने का मौका आगे भी मिलता रहेगा। साथ ही, इस सवाल पर विचार करने की गुंजाइश भी बनी रहेगी कि क्या इस पॉलिसी के खिलाफ मिला फीडबैक हमारे शिक्षा तंत्र की कमियों की उपज है और क्या इस पॉलिसी को छोड़ने में जल्दबाजी हुई है?

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय जिंदगी के रंग बेशुमार हैं, कला-संस्कृति की अविस्मरणीय धाराएं हैं, अनूठा एवं बेजोड़ इतिहास और उसकी कहानियां भी अनंत-अथाह। बेनेगल का फिल्मी-युग भारत की खिड़की से विश्व को देखने एवं विश्व को भारत दिखाने की पहल का एक स्वर्णिम युग है। भारतीय सिनेमा दिग्दर्शन के इस विशिष्ट हस्ताक्षर श्याम बेनेगल के निधन से निश्चित ही एक सर्जनशील कलासाधक एवं सच्चाई को रूपहले पर्दे पर उतारने वाले सफल एवं सार्थक फिल्मकार का अंत हो गया।**

# श्याम बेनेगल का अवसान, यानी नये सिनेमा का अंत

ललित सिंह

**बॉलीवुड** में समानांतर सिनेमा के जनक, 'मंथन' से लेकर 'वेलडन अब्बा' तक जिनके फिल्मी सफर को एक युग कहा जा सकता है, बेहद कलात्मक, बेहद संजीदा, बेहद संवेदनशील, ऐसे बेमिसाल फिल्मकार श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की उम्र में जाना अत्यंत दुखद ही नहीं है, एक सार्थक भारतीय सिनेमा एवं गौरवशाली टेलीविजन युग का अंत है। दादा साहब फाल्के के अलावा सात राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित बेनेगल ने हिंदी सिनेमा को नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी, अनंत नगा जैसे प्रख्यात कलाकार दिये। उनकी फिल्मों के साथ भारतीय सिनेमा का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरू हुआ, जिसने भारतीय सिनेमा को एक नयी ऊंचाई प्रदान की। पिता के कैमरे से 12 साल की उम्र में पहली फिल्म बनाने वाले बेनेगल ने उस समय अहसास कराया कि भारतीय सिनेमा में एक विराट प्रतिभा मोर्चा संभाल चुकी है, जिसके काम की गूंज उनके जीवन में ही नहीं, बल्कि भविष्य में लंबे समय तक देश और दुनिया को सुनाई देगी। जब-जब हमने बहुत ठहर कर, बहुत संजीदगी के साथ उनके काम को देखा, तो अनायास ही हमें महसूस हुआ कि वे अपने आप में कितना कुछ समेटे हुए थे, अद्भुत, यादगार एवं विलक्षण। सिनेमा दर्शकों का ऐसे महान फिल्मकार की फिल्मों से अनभिज्ञ रहना इस संसार में रहते हुए भी सूर्य, चंद्रमा एवं तारों को न देखने जैसा है।

**सिनेमा दर्शकों का ऐसे महान फिल्मकार की फिल्मों से अनभिज्ञ रहना इस संसार में रहते हुए भी सूर्य, चंद्रमा एवं तारों को न देखने जैसा है।**

उनका असली नाम श्याम सुंदर बेनेगल था। श्याम बेनेगल की शादी नीरा बेनेगल से हुई थी और उनकी एक बेटी पिया बेनेगल है, जो एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। श्याम ने बचपन में ही अपने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी बेनेगल के कैमरे से पहली फिल्म शूट की थी। 1962 में उन्होंने पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'घर बैठा गंगा' बनायी, जो गुजराती में थी। बेनेगल को भारत सरकार द्वारा 1976 में 'पद्मश्री' और 1991 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था। उनकी सफल फिल्मों में 'मंथन', 'जुबैदा' और 'सरदारी बेगम' शामिल हैं, जिनमें जीवन के कठोर यथार्थ को बेनेगल ने सिनेमा-शिल्प में, महीन अर्थवत्ता के साथ नाटकीयता के घनीभूत आशयों में अभिव्यक्ति दी, प्रस्तुति दी है। उनकी फिल्मों में एक ऐसी सार्वजनीनता है, जो धनी-निर्धन, शिक्षित-अशिक्षित, देशी-विदेशी सभी को बहुत भीतर तक स्पर्श करती रही है।




श्याम बेनेगल की आखिरी फिल्म 'मुजीबः द मेकिंग ऑफ ए नेशन' थी, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। इस फिल्म ने भारत ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में भी सुर्खियां बटोरीं। यह फिल्म बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान पर आधारित थी, जो बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी थे। यह फिल्म जहां एक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को प्रस्तुति दी, वहीं दो राष्ट्रों के आपसी संबंधों को भी गहराई से उजागर किया। बेनेगल की यह फिल्म ही नहीं, बल्कि हर फिल्म ने एक इतिहास निर्मित किया, क्योंकि यह उनकी ही प्रतिभा थी कि वे लगातार काम करने की रणनीतियों में बदलाव लाते रहे और फिल्म-निर्माण को एक विराट फलक तक ले जाते रहे। भारतीय सिनेमा के लगभग सौ साल के इतिहास में बेनेगल एक बड़े वटवृक्ष की भांति दिखाई देते हैं।

भारतीय सिनेमा को विश्व में नयी और अद्वितीय पहचान दिलाने में बेनेगल का अविस्मरणीय योगदान था। बेनेगल की पहली चार फीचर फिल्मों- 'अंकुर' (1973), 'निशांत' (1975), 'मंथन' (1976) और 'भूमिका' (1977)- ने उन्हें उस दौर की नयी लहर के फिल्म आंदोलन का अग्रणी बना दिया। बेनेगल की मुस्लिम महिला पर आधारित फिल्में 'मम्मो' (1994), 'सरदारी बेगम' (1996) और 'जुबैदा' (2001) सभी ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। उनके शुरुआती वृत्तचित्रों में से एक 'ए चाइल्ड ऑफ द स्ट्रीट्स' (1967) ने उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलायी। कुल मिलाकर उन्होंने 70 से अधिक वृत्तचित्र और लघु फिल्में बनायी हैं।

बेनेगल ने 1992 में धर्मवीर भारती के एक उपन्यास पर आधारित 'सूरज का सातवां घोड़ा' फिल्म बनायी, जिसने 1993 में हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। 1996 में उन्होंने फातिमा मीर की 'द अप्रेंटिसशिप ऑफ ए महात्मा' पुस्तक पर आधारित 'द मेकिंग ऑफ द महात्मा' नामक एक और फिल्म बनायी। उनकी जीवनी सामग्री की ओर इस मोड़ के परिणामस्वरूप 'नेताजी सुभाष चंद्र बोसः द फॉरगॉटन हीरो' उनकी 2005 में अंग्रेजी भाषा की फिल्म बनी। उन्होंने 1999 में बनी फिल्म 'समर' में भारतीय जाति व्यवस्था की आलोचना की, जिसने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। बेनेगल की फिल्म 'मंडी' (1983) राजनीति और वेश्यावृत्ति के बारे में एक व्यंग्यपूर्ण कॉमेडी थी, जिसमें शबाना आजमी और स्मिता पाटिल ने अभिनय किया था। बाद में 1960 के दशक की शुरुआत में गोवा में पुर्तगालियों के अंतिम दिनों पर आधारित अपनी कहानी पर काम करते हुए, श्याम ने 'त्रिकाल' (1985) में मानवीय रिश्तों की खोज की। इन फिल्मों की सफलता के बाद बेनेगल को स्टार शशि कपूर का समर्थन मिला, जिनके लिए उन्होंने 'जुनून' (1978) और 'कलयुग' (1981) बनायी। पहली फिल्म 1857 के भारतीय विद्रोह के अशांत काल के बीच की एक अंतरजातीय प्रेम कहानी थी, जबकि दूसरी महाभारत पर आधारित थी और यह बड़ी हिट नहीं थी, हालांकि दोनों ने क्रमशः 1980 और 1982 में फिल्मफेयर पुरस्कार जीते।

एक समय ऐसा आया, जब बेनेगल की फिल्मों को उचित रिलीज नहीं मिली। इसके चलते उन्होंने टीवी की ओर रुख किया, जहां उन्होंने भारतीय रेलवे के लिए 'यात्रा' (1986) जैसे धारावाहिकों का निर्देशन किया और भारतीय टेलीविजन पर किये गये सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक, जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' पर आधारित 53 एपिसोड का धारावाहिक 'भारत एक खोज' (1988) का निर्देशन किया। इसी तरह टीवी सीरियल 'संविधान', 'कहता है जोकर' एवं 'कथा सागर' का निर्देशन भी किया। इससे उन्हें एक अतिरिक्त लाभ हुआ, क्योंकि वे 1980 के दशक के अंत में धन की कमी के कारण नया सिनेमा आंदोलन के पतन से बचने में कामयाब रहे, जिसके साथ कई नव-यथार्थवादी फिल्म का निर्माता खो गया। बेनेगल ने अगले दो दशकों तक फिल्में बनाना जारी रखा।

श्याम बेनेगल की फिल्म-प्रतिभा हमें चौंकाती रही है, रोमांचित करती रही है, उकसाती रही है, क्योंकि उनकी फिल्मों की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वे आम लोगों के जीवन की सच्चाई और उनके संघर्षों को प्रामाणिकता एवं जीवंतता के साथ प्रस्तुत करते रहे हैं। भारतीय जिंदगी के रंग बेशुमार हैं, कला-संस्कृति की अविस्मरणीय धाराएं हैं, अनूठा एवं बेजोड़ इतिहास और उसकी कहानियां भी अनंत-अथाह। बेनेगल का फिल्मी-युग भारत की खिड़की से विश्व को देखने एवं विश्व को भारत दिखाने की पहल का एक स्वर्णिम युग है। भारतीय सिनेमा दिग्दर्शन के इस विशिष्ट हस्ताक्षर श्याम बेनेगल के निधन से निश्चित ही एक सर्जनशील कलासाधक एवं सच्चाई को रूपहले पर्दे पर उतारने वाले सफल एवं सार्थक फिल्मकार का अंत हो गया।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# टीएमसी ने बंगाल को जिहादियों का पनाहगाह बनाया: सुकांत मजूमदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में अंसार-अल इस्लाम बांग्लादेश के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की खबरों पर चिंता जतायी और आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने राज्य को पड़ोसी देश के जिहादी तत्वों के लिए सुरक्षित पनाहगाह में बदल दिया है।



मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रिपोर्टों के अनुसार प्रतिबंधित संगठन के गिरफ्तार सदस्यों ने मुर्शिदाबाद जिले में मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज भी हासिल कर लिये थे और पुलिस के साथ-साथ राज्य खुफिया विभाग भी उन्हें पकड़ने में विफल रहा। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी सरकार के उदासीन रवैये के कारण इस्लामी कट्टरपंथी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले जैसी जगहों पर अपने ठिकाने बना रहे हैं, असली दस्तावेज हासिल कर रहे हैं और युवाओं को भड़का रहे हैं। मुख्यमंत्री अपनी तुष्टिकरण नीति को आगे बढ़ाने में व्यस्त हैं और इस्लामी कट्टरपंथियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, हम राज्य में सबसे असुरक्षित स्थिति में रह रहे हैं। मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट जैसे स्थानों से अंतर-राज्यीय एसटीएफ बलों की तरफ से आतंकवादियों को पकड़ा जा रहा है, जबकि हम वाजपेयी जी की तरफ से प्रधानमंत्री रहते हुए लाये गये 'सुशासन' की बात कर रहे हैं, हम ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल में 'अपशासन' देख रहे हैं।

**शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर लगाया आरोप**


वहीं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि नंदीग्राम को तृणमूल कांग्रेस की तरफ से जिहादी कार्यकर्ताओं को अपना आश्रय बनाने में मदद की जा रही है। पुलिस और जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के नेतृत्व वाली सरकार की तुष्टिकरण नीति मुर्शिदाबाद जैसे कुछ सीमावर्ती जिलों और उत्तर 24 परगना के कुछ हिस्सों में जनसांख्यिकीय प्रोफाइल परिवर्तन की खतरनाक स्थिति पैदा कर सकती है, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि शेख हसीना सरकार के हटने और इस्लामी ताकतों के उदय के बाद बांग्लादेश में हाल ही में हुए घटनाक्रमों से स्थिति और बिगड़ गयी है और राज्य सरकार इन खतरों के प्रति उदासीन है।

बता दें कि हाल ही में असम पुलिस ने पश्चिम बंगाल और केरल पुलिस के सहयोग से अंसार-अल इस्लाम बांग्लादेश के आठ संदिग्ध कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

# पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर बुधवार को लाठीचार्ज किया गया। पुलिसकर्मियों ने बीपीएससी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। कुछ महिला अभ्यर्थियों पर भी लाठियां बरसायी गयीं। इसके बाद अभ्यर्थियों में भारी रोष है। हाल ही में हुई बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक सिविल सेवा परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर कई दिनों से अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। बुधवार को वे आयोग के कार्यालय का घेराव करने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।



जानकारी के अनुसार गर्दनीबाग में धरना दे रहे बीपीएससी अभ्यर्थी बुधवार दोपहर में आयोग के कार्यालय को घेरने पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें वापस जाने को कहा। जब वे नहीं माने, तो उन पर बल प्रयोग किया गया। लाठीचार्ज में कुछ अभ्यर्थियों के घायल होने की सूचना है। लाठीचार्ज के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें पुलिसकर्मी छात्र-छात्राओं को दौड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। धरने में शामिल एक अभ्यर्थी ने कहा कि वे लोग आठ दिन से अनशन पर हैं। बहुत सलीके से बीपीएससी कार्यालय में जाकर अपनी बात रखना चाह रहे थे। पुलिसवालों ने उन पर बेवजह लाठीचार्ज किया।

**बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ आतंकियों जैसा व्यवहार क्योंः पप्पू यादव**

इस बीच पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा की है। उन्होंने बिहार सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर अभ्यर्थियों के साथ ऐसी क्या दुश्मनी है कि उनके साथ आतंकियों और क्रूर अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। अपने लिए न्याय मांगने वालों पर लाठियों से प्रहार अब बर्दाश्त के बाहर हो गया है।

# बांग्लादेश की गीदड़भभकी, हसीना के प्रत्यर्पण पर भारत रहा चुप, तो हम उठायेंगे कड़ा कदम

एजेंसी

**ढाका।** पड़ोसी देश बांग्लादेश अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के अपने अनुरोध का नयी दिल्ली से जवाब मिलने का इंतजार कर रहा है, लेकिन भारत ने इस संबंध में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस संबंध में भारत से जवाब मिलने का इंतजार किया जा रहा है और अगर नयी दिल्ली की तरफ से कोई जवाब नहीं मिलता है, तो कड़ा कदम उठाते हुए 'नोट ऑफ अर्जेंसी' जारी किया जायेगा। हालांकि बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद रफीकुल आलम ने इस बात को स्वीकार किया कि बांग्लादेश और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि में



जवाब देने के लिए कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि यदि भारत उचित समय अवधि के भीतर जवाब नहीं देता है, तो ढाका अगला कदम उठाने के लिए तैयार है। एक प्रेस वार्ता के दौरान बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद रफीकुल आलम ने कहा, सोमवार को राजनयिक नोट भेजा गया था। जहां तक मुझे पता है, सरकारी चैनल में भारत की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। हम अभी इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, बल्कि हम भारत के जवाब का इंतजार करेंगे। हमारी अगली कार्रवाई उस जवाब के आधार पर तय की जायेगी। उन्होंने आगे कहा, जहां तक मुझे याद है, प्रत्यर्पण संधि में कोई समय सीमा नहीं है। इसलिए हमें भारत सरकार के जवाब का इंतजार करना होगा। हम एक निश्चित समय तक इंतजार करेंगे। किसी भी चीज का जवाब देने का एक स्वाभाविक समय होता है। अगर हमें उस समय के भीतर कोई जवाब नहीं मिलता है, तो हम तात्कालिकता पत्र (नोट ऑफ अर्जेंसी) भेजेंगे।

## रक्षा सचिव ने लांच किया 'राष्ट्रपर्व' वेबसाइट और मोबाइल ऐप

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को 'राष्ट्रपर्व' नाम से एक वेबसाइट की शुरुआत की। इसके साथ ही उसके मोबाइल ऐप की भी शुरुआत की गयी है। यह वेबसाइट गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से संबंधित जानकारी के साथ-साथ उनका सीधा प्रसारण और टिकटों की बिक्री के साथ बैठने की व्यवस्था से संबंधित पूरा विवरण प्रदान करेगी। मंत्रालय द्वारा विकसित 'राष्ट्रपर्व' वेबसाइट और मोबाइल ऐप में झांकी के प्रस्तावों और कार्यक्रमों से संबंधित ऐतिहासिक डाटा के प्रबंधन की भी व्यवस्था है। इस वेबसाइट को** rashtraparv.mod.gov.in **पर एक्सेस किया जा सकता है और मोबाइल ऐप को सरकारी ऐप स्टोर (एम-सेवा) से डाउनलोड किया जा सकता है।**

## अल्लू अर्जुन और 'पुष्पा 2' के निर्माता ने भगदड़ पीड़ित परिवार को दिये दो करोड़

**हैदराबाद (आजाद सिपाही)। हैदराबाद के संध्या थिएटर में चार दिसंबर को तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में महिला की मौत हो गयी थी। इस हादसे के बाद अल्लू अर्जुन और फिल्म के निर्माताओं ने महिला के परिवार के लिए दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है। गौरतलब है कि इस भगदड़ के दौरान महिला का आठ साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच अल्लू अर्जुन के पिता और अनुभवी निर्माता अल्लू अरविंद ने निर्माता दिल राजू के साथ बुधवार को उस निजी अस्पताल का दौरा किया, जहां भगदड़ में घायल बच्चा इलाज करा रहा है।**

# भारत की समुद्री ताकत में बेतहाशा इजाफा, नौसेना को अगले महीने मिलेंगे घातक युद्धपोत और पनडुब्बी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** समुद्री सुरक्षा और हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने की दिशा में भारत एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। दरअसल भारतीय नौसेना अगले महीने दो स्वदेशी युद्धपोत और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को अपने बेड़े में शामिल करने के लिए तैयार है। इसके अलावा रूस में निर्मित फ्रिगेट 'आइएनएस तुशील' भी जल्द भारत पहुंचने वाला है। जानकारी के मुताबिक इन नये युद्धपोतों में सबसे बड़ा गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक 'आइएनएस सूरत' है, जिसका वजन 7400 टन है। इसके बाद स्टेल्थ फ्रिगेट 'आइएनएस नीलगिरी' (6670 टन) और पनडुब्बी 'वाग्शीर' (1600 टन) का स्थान है। ये सभी अत्याधुनिक सेंसर और हथियारों से लैस हैं, जो इन्हें बेहद घातक बनाते हैं। 'आइएनएस सूरत' और 'आइएनएस नीलगिरी' को पिछले हफ्ते मुंबई स्थित मझगांव डॉक द्वारा नौसेना को सौंपा गया। 164 मीटर लंबा 'आइएनएस सूरत', परियोजना-15बी के तहत निर्मित चौथा युद्धपोत है। इससे पहले 'आइएनएस विशाखापट्टनम', 'आइएनएस ममुर्गाओ' और 'आइएनएस इंफाल' को इस परियोजना के तहत शामिल किया गया था।

**एआइ से लैस है 'आइएनएस सूरत'**: एक नौसेना अधिकारी ने बताया कि 'आइएनएस सूरत' नौसेना का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) सक्षम युद्धपोत है, जिससे इसकी परिचालन क्षमता कई गुना बढ़ जायेगी। 72% स्वदेशी सामग्री के साथ निर्मित यह युद्धपोत चार हजार समुद्री मील तक की यात्रा कर सकता है।

**'आइएनएस नीलगिरी': परियोजना-17ए का हिस्साः** 'आइएनएस नीलगिरी' सात बहुउद्देशीय फ्रिगेट्स की श्रृंखला में पहला है, जिसे परियोजना-17ए के तहत बनाया जा रहा है। इनमें से चार एमडीएल और तीन कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित किये जा रहे हैं। इन युद्धपोतों की कुल लागत लगभग 45 हजार करोड़ रुपये है और सभी फ्रिगेट्स 2026 के अंत तक नौसेना को सौंपे जायेंगे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा के व्यवसायियों ने की शिरकत

# समाज के उत्थान में व्यापारी वर्ग का होता है अहम योगदान : एसडीओ

**डीजे प्रतिबंध तथा अतिक्रमण विरोधी अभियान का व्यवसायियों ने किया समर्थन**

**जाम मुक्ति, वायु प्रदूषण तथा विधि व्यवस्था को लेकर व्यवसायियों ने दिये अहम सुझाव**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा के प्रमुख व्यवसायियों ने शिरकत की। एसडीओ संजय कुमार के आमंत्रण पर अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पहुंचे व्यवसायियों ने गढ़वा की बेहतरी के लिये कई अहम सुझाव दिए, साथ ही अपनी समस्याओं को भी एसडीओ के समक्ष रखा। कार्यक्रम की शुरूआत में संजय कुमार ने सभी का स्वागत करते हुये सभी से बिना संकोच अपनी बात रखने का अनुरोध किया। लगभग आधा घंटे के अनौपचारिक वातार्लाप के बाद सभी ने एक-एक कर अपनी बातों को रखा।

**जाम मुक्ति और शहरी परिवहन संबंधी दिये सुझाव :** बाबा कमलेश वस्त्रालय के प्रोपराइटर कमलेश अग्रवाल ने सुझाव दिया कि शहर के सभी 6 एंट्री प्वाइंट्स से टाइम टेबल बनाकर अलग-अलग अंतराल पर बड़े वाहनों को प्रवेश देने पर विचार किया जा सकता है, इससे शहर में जाम नहीं रहेगा। आढ़त व्यापारी अरविंद गुप्ता ने सुझाव दिया कि गढ़ देवी मंदिर के पास सुबह-सुबह जो श्रमिकों का जमावड़ा होता है उसे छठ घाट के पास शिफ्ट किया जाए, साथ ही घंटाघर चौक के चारों तरफ नो वेंडिंग जोन तथा नो पार्किंग जोन घोषित किया जाना चाहिए।

व्यापारियों ने कचहरी रोड पर रस्सी से बनाये गये डिवाइडर की प्रशंसा करते हुए अनुरोध किया कि इसे रंका मोड़ से मझिआंव मोड तथा रंका मोड़ से टंडवापुल तक भी विस्तारित किया जाना चाहिए।

**धूल से मुक्ति दिलाने का किया अनुरोध :** ज्यादातर व्यवसायियों ने एसडीओ से कहा कि शहर का परिवेश जितना साफ सुथरा और चमकदार होना चाहिए वैसा देखने को नहीं मिल रहा है, बल्कि हर गली और सड़क में धूल उड़ रही है ऐसे में नगर परिषद की धूल खींचने वाली मशीनों का नियमित प्रयोग किया जाना चाहिए।

**दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रंबल स्ट्रिप की मांग :** टंडवा के व्यापारी उमेश केसरी ने कहा कि टंडवा मध्य विद्यालय के सामने कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए वहां पर स्पीड ब्रेकर या रंबल स्ट्रिप लगायी जाये। इसके उपरांत कुछ अन्य व्यापारियों ने भी ऐसे दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का नाम बताते हुए वहां पर भी ब्रेकर लगवाने का अनुरोध किया।

### डीजे प्रतिबंध और अतिक्रमण अभियान की सराहना

व्यापारियों ने कहा कि डीजे पर प्रतिबंध और अतिक्रमण अभियानों से कुछ लोगों को निजी नुकसान के चलते भले ही कष्ट पहुंचा हो किंतु प्रशासन की उक्त कार्रवाई सामूहिक हित में है, इसलिए वे इन प्रयासों का नैतिक समर्थन करते हैं।

**जिन्होंने सुझाव दिये :** इस दौरान कमलेश कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार गुप्ता, राकेश पाल, रवि केसरी, श्रीनाथ अग्रवाल, दिव्य प्रकाश, अजय कांत पाठक, अरविंद कुमार (बुलू भंडार), दिलीप गुप्ता, प्रदीप कुमार, विवेक केसरी आदि ने अपने सुझाव दिए।

## द रॉयल ग्रांड रिजॉर्ट एंड रेस्टोरेंट का विधायक ने किया उद्घाटन, कहा

# गढ़वा में आधुनिक सुविधायुक्त रिजॉर्ट लोगों को आयेगा पसंद

**आधुनिक सुविधा के रूम, बैंक्विट हॉल, स्विमिंग पुल के साथ लंच-डिनर का है खास इंतजाम : डॉ अनिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बुधवार को बाईपास रोड किनारे खजूरी में द रॉयल ग्रांड रिजॉर्ट एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन मंगलाचरण के बीच फीता काटकर किया। इससे पहले प्रसिद्ध चिकित्सक और समाजसेवी डॉ अनिल साह तथा रिसोर्ट के प्रोपराइटर डॉ आयुष कुमार आदि ने उद्घाटनकर्ता गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भव्य स्वागत फूलमाला और बुके देकर किया। इस अवसर पर मेलोडी ग्रुप गढ़वा द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। उद्घाटन के मौके पर विधायक श्री तिवारी ने कहा कि गढ़वा में आधुनिक सुविधा से लैस मल्टीपर्पस रिजॉर्ट को लोग काफी पसंद करेंगे। इसको खोलने से लोगों को सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि बड़े शहर के तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस यह रिजॉर्ट गढ़वा ही नहीं पूरे पलामू प्रमंडल में एक अलग पहचान के रूप स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि हाईवे बाईपास के पास स्थापित होने से शादी विवाह के साथ-साथ अन्य अवसरों पर बड़े कार्यक्रम करने के लिए सहूलियत होगी। विधायक ने अपने क्षेत्र के लिए बड़ा प्रतिष्ठान देने के लिए प्रशंसा की। रिसोर्ट के मालिक डॉ अनिल साह ने इस अवसर पर कहा कि बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बंगाल से आने वाले लोगों को यहां काफी परेशानियां होती थी यहां रहने के लिए ढंग का होटल नहीं था, ना ही मनोरंजन के लिए सिनेमा हॉल व स्विमिंग पुल भी नहीं था, यही सोच कर हमने अच्छा लोकेशन देखकर इस तरह का प्रतिष्ठान बनाया है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ यासीन अंसारी, डॉ विजय भारती, भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे, भाजपा नेता विवेकानंद तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मेराल के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ कुमार शशांक, जायसवाल, रुपू महतो सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गढ़वा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव के लिए सांसद को मांग पत्र सौंपा



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को गढ़वा टॉउन स्टेशन से आने - जाने वाली ट्रेन कोलकाता मदार एक्शप्रेस, अजमेर एक्सप्रेस, अहमदाबाद से कोलकाता एक्सप्रेस के ठहराव शक्तिपुंज एक्सप्रेस को मुंबई तक पलामू एक्सप्रेस को भागलपुर तक विस्तार करने एवं त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को लखनऊ तक बरवाडीह चोपन एक्सप्रेस चालू कराने गरीब रथ एक्स्प्रेस दिल्ली जाने वाली प्रतिदिन चलाने के लिए सिंगरौली पटना एक्सप्रेस की जर्जर बोगी को बदलने के लिए मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर डॉ सतेंद्र सोनी, राजू कुशवाहा, मनोज, विशाल, त्रिपुरारी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल कार्यालय में अटल बिहारी बाजपेयी का जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने बाजपेई जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी अपने कार्यकाल में बहुत से ऐसे काम किए हैं जिसे पूरा देश याद करेगा, जिसमें पोखरण परमाणु परीक्षण, देश में मोबाईल युग की शुरूआत करना, कारगिल युद्ध, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,नदी से नदी जोड़ने जैसी उपलब्धियां जुड़ी हुई है। इस अवसर पर प्रदेश किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे, राम लखन प्रसाद, भोला मेहता, भरत मेहता, सर्जक राज मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि बने डॉ लालमोहन



मेराल (आजाद सिपाही)। गढ़वा से भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने मेराल के नेनुआ मोड निवासी डॉ लालमोहन को मेराल प्रखंड के सभी विभागों के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस आशय का पत्र जिले के उपयुक्त को प्रेषित कर दिया गया है। उपायुक्त को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि डॉ लाल मोहन पिता मथुरा महतो मेरी अनुपस्थिति में मेराल प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के आवश्यक बैठक में भाग लेंगे। जिसकी प्रतिलिपि एसपी गढ़वा, एसडीओ गढ़वा के साथ मेराल के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी, बीएओ, बीईईओ तथा सीडीपीओ को दिया गया है। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर डॉ लालमोहन ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# विस्थापित संघर्ष समिति का तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले मजदूरों व रैयतों के साथ पूर्व में किये गये वादों पूरा होने तक ऑक्शन रद्द करते हुए प्लांट कटिंग पर तत्काल रोक लगाने संबंधी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा सेल एडीएम कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। इस दौरान धरना स्थल पर लोगों ने सेल प्रबंधन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इंटक नेता सुशील चौबे ने कहा इतने कड़ाके के ठंड में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन अब तक न सेल प्रबंधन बातचीत के लिए कोई पहल नहीं की है। कहा कि अगर सेल प्रबंधन हमारे मांगों को पूरी नहीं करती है, तो अगले दिन से और भी उग्र आंदोलन होगा। समाचार लिखे जाने तक धरना के तीसरे दिन सेल का कोई भी प्रशासनिक पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचकर विस्थापितों की सुध नहीं ली है। इस मौके पर विस्थापि संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साह, दीपक जायसवाल, राम प्रताप यादव, धर्मेंद्र कुमार साह,मुना, वीरेंद्र राम, मोहन साह, संतोष दुबे, ददूली साह, अरुण राम, देव कुमार साह, प्रवेश साव, राजबली बियार, लखन वियार, योगेंद्र राम, जितेंद्र पाठक, भरत साह, शनिचरा अगरिया, रामपति देवी, बुधनी देवी, प्रमिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने सदस्यता अभियान के लिए स्टॉल लगाया

**आम लोग भाजपा का सदस्य बनने के बाद खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं : सत्येंद्रनाथ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के की अगुवाई में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती पर गढ़वा रंका मोड़ पर सदस्यता अभियान का स्टॉल लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे गढ़वा विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मौके पर उपस्थित पूर्व सांसद घूरन राम, भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, महामंत्री संतोष दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, विनोद चंद्रवंशी, मुरली श्याम सोनी, विश्वनाथ ठाकुर, मीना देवी, धनंजय गोंड मुख्य रूप से उपस्थित थे।

विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन बाबू के रूप में जाने जाते थे। आज उनके जन्म जयंती पर नगर मंडल के द्वारा सदस्यता अभियान की शुरूआत बहुत ही खुशी की बात है। भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी बाजपेयी थे। भाजपा सिर्फ चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती है। भाजपा राष्ट्र का विकास और विश्व के कल्याण के बारे में सोचती है। आम लोग भाजपा का सदस्य बनने के बाद खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। गढ़वा विधानसभा को जो लक्ष्य मिला है उस लक्ष्य को पूरा करेंगे और कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति जन समूह से विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी ने अपील किया कि आप सभी अपने मोबाइल से 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर सदस्य बने और भाजपा से जुड़े। पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि संगठन के द्वारा वो जो भी दिशा निर्देश जिला को दिया जा रहा है सभी कार्य को पूरा किया जा रहा है।

# अपराध की योजना बना रहे तीन अपराधी गिरफ्तार, तीन देसी कट्टा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने हरिहरपुर ओपी क्षेत्र से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देशी एक नाली बंदुक, सात राउंड का देशी कट्टा, छह राउंड का देशी कट्टा, एक कारतूस व दो मोबाईल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के बत्तो खुर्द गांव निवासी पवन कुमार व सुबोध कुमार और हरिहरपुर गांव के भंडार टोला निवासी राजू कुमार शामिल है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में प्रेस कांफ्रेंस में उक्त जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अपराधियों की कांडी थाना क्षेत्र व हरिहरपुर ओपी क्षेत्र और पड़ोसी राज्य बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में लूटपाट करने की योजना थी। ग्रामीणों की ओर से सूचना मिल रही थी कि तीन-चार युवक पिस्टल लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना के आलोक में बंशीधर नगर के एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम में तीनों को घर से ही गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राजू कुमार के घर से पुराना एक नाली देशी बंदुक बरामद किया गया है। वहीं दो देशी कट्टा को अपराधियों ने गढ़वा व विशुनपुरा-मझिआंव क्षेत्र से खरीदा है। पुलिस दोनों देशी कट्टा बेचने वालों को चिह्नित कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जायेगा। टीम में एसडीपीओ के अलावा भवनाथपुर अंचल के पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक वीरेंद्र कुमार चौड़ें, हवलदार सत्येंद्र उरांव, आरक्षी पवन कुमार पासवान, अजय उरांव, राकेश दास, मुकेश कुमार विश्वकर्मा व विजय यादव शामिल थे।

# रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की जान बचाना पुण्य का काम : डीसी

**स्वर्गीय राधा बाबू की पुण्यतिथि पर 41 यूनिट रक्तदान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में बुधवार को शहर के कल्याणपुर स्थित आरपी नर्सिंग एंड फार्मेसी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर एमपी गुप्ता, सचिव डॉक्टर जेपी सिंह, डॉक्टर पातंजली केशरी सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि यह बात सही है कि आधुनिक युग में हम जी रहे हैं। पर अब तक रक्त बनाने की मशीन नहीं बनी है। मानव के रक्तदान से ही मरीज के रक्त की कमी पूरी की जाती है। रक्तदान महादान है। रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की जान बचाने के लिए आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा कार्यक्रम वास्तव में जन कल्याणकारी है। गढ़वा सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने कहा कि रक्तदान करना मौत से जूझ रहे मरीजों को सांस देने के समान है। मरीज को जीवन देना सबसे बड़ा काम है। जरूरतमंद को समय पर रक्त की आपूर्ति हो इसके लिए हम सभी को जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## सूर्या क्रिकेट क्लब ने 404 रन बनाकर जीत हासिल की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लीग का तीसरा मैच सूर्य तथा जावा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्या क्रिकेट क्लब ने 404 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें जसवंत कुमार ने 172 रन आनंद कुमार ने 32 रन और नवनीत भारती 33 रनों का योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी सूर्य क्रिकेट क्लब की टीम ने 261 रन ही बना चुकी। जिसमें अभिषेक कुमार ने 74 रन, अनुनय कृष्णा 63 रन बनाए सूर्या की टीम 142 रनों से जीत दर्ज की मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जसवंत को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर ओलम्पिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह और क्रिकेट कोच सिकंदर प्रजापति रोहित सिंह, मयंक कुमार, आर्यन पांडे मौजुद थे।

## आरके पब्लिक स्कूल में 30वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# खेलकूद से ही शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है: एसडीएम

**देश ही नहीं विदेशों में भी इस स्कूल के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं: अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बुधवार को आरके पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय 30वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया गया। आज दूसरे दिन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार पांडेय व स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दीप व मशाल प्रज्वलित कर और खेल ध्वज को फहराकर इसका शुभारंभ किया। स्कूल के निदेशक ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के साथ क्रिसमस-डे और भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कहे जाने वाले भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर भगवान ईशा मसीह और अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पूर्व निदेशक अलखनाथ पांडेय ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संजय कुमार पांडेय ने कहा कि खेलकूद से ही शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल होंगे। खेल-कूद लोगों में अनुशासन के साथ- साथ टीम वर्क और नेतृत्व की शिक्षा देता है। अपने संबोधन के अंत में स्कूल के निदेशक की भूरी-भूरी प्रशंसा व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में पहली सीबीएसई से मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम की स्कूल खोलने की सोच ने गढ़वा के विकास में नया अध्याय लिखने का काम किया। संस्थान के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि विद्यालय का यह 30वां वार्षिक दो दिवसीय खेलकूद महोत्सव का आज समापन समारोह है। यह स्कूल परिवार के लिए गर्व और सम्मान का दिन है। स्कूल के कई बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में खुद को साबित करते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता खेल रहे हैं। अभिभावक खेल के प्रति बच्चों को प्रेरित करें। उन्हें मोबाइल गेम से दूर रखें और स्वयं आउटडोर गेम्स में साथ लेकर जाएं ताकि उनका शारीरिक व मानसिक विकास अच्छे से हो सके। संबोधन के अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि को उनके सोशल मीडिया पर उनका फोटो देखकर अपने हाथों से उनका सुंदर स्केच बनाकर स्कूल के छात्र नवीन पाल ने उनको गिफ्ट किया।

बुधवार को विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर की दौड़, 400 मीटर की दौड़, थ्रीलेग रेस, चैन रेस, मैथ और सेंटेंस फ्रेमिंग रेस, बैक रेस, रीले रेस, ऊंची और लंबी कूद, डिस्क और जेवलीन थ्रो, स्कीपिंग रेस, खो-खो, कबड्डी, टेबल टेनिस, चेस, बैडमिंटन आदि शामिल हैं।

# अध्ययन-अध्यापन का एक प्रमुख केंद्र है शैक्षणिक भ्रमण : प्रधानाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के सोनपुरपुरवा मोहल्ला स्थित बीएनटी संत मेरी विद्यालय के विद्यार्थियों को क्रिसमस पूर्व मंगलवार को गढ़वा शहर के बिरसा मुंडा हेलीपेड उद्यान में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जहां नन्हे मुन्हें बालक बालिकाओं ने प्रकृति की सुंदरता के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजन संबंधी गतिविधियों का आनंद लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के कक्षा एलकेजी से कक्षा दो के सभी विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अध्ययन अध्यापन का एक प्रमुख केंद्र शैक्षणिक भ्रमण होता है। शैक्षणिक यात्राओं से विद्यार्थियों को उमंग और उत्साह प्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न होता है। विभिन्न विषय पर जानकारियां प्राप्त होती हैं। जिससे बच्चों को उन्हें विषय वस्तु को समझने में अत्यधिक सरलता होती है। ततत्पश्चात प्राचार्य ने सभी वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए विद्यार्थियों को शहर के कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा उद्यान के लिए रवाना किया।

विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों को शैक्षणिक भ्रमण की सफलता के लिए साधुवाद दिया और विद्यार्थियों को इस भ्रमण से अपनी शैक्षणिक ज्ञानवर्धन में वृद्धि करने का आग्रह किया क्रिसमस पूर्व संध्या को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने क्रिसमस के अवसर पर दिनांक 25 दिसंबर को अवकाश की घोषणा की। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि विद्यालय में शीतकालीन अवकाश एक जनवरी से 8 जनवरी तक रहेगा।

## बकाया होल्डिंग टैक्स वसूलने को लेकर नोटिस जारी

लातेहार(आजाद सिपाही)। लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स एवं बकाया जलकर वसूली के लिए नोटिस निर्गत किया जा रहा है. नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने बताया कि होल्डिंग टैक्स में कुल एक सौ बड़े बकायदार को नोटिस दिया गया है, इसके अलावा 16 जल-कर में बकायेदार उपभोक्ताओं को द्वितीय नोटिस निर्गत किया गया है. होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने वाले बकायदारों पर झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के तहत अकाउंट फ्रीज, वॉटर कनेक्शन डिस्कनेक्ट एवं म्युनिसिपल सर्विसेस जेसी सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है। वाटर यूजर चार्ज में जिन बकायदारो को द्वितीय नोटिस निर्गत किया गया है। उन बकायेदारो को सात दिनों के अंदर वाटर यूजर चार्ज जमा करने का निर्देश दिया गया है। उन सभी बकायदारो पर सर्टिफिकेट केस करते हुए राशि की वसूली की जायेगी। ज्ञात हो कि पूर्व में भी नगर पंचायत लातेहार के द्वारा सर्टिफिकेट केस करते हुए राशि की वसूली की गई है। श्री वर्मा ने कहा कि जिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों के द्वारा अभी तक ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया गया है, वे सभी ट्रेड लाइसेंस ले लें, जांच के क्रम में ट्रेड लाइसेंस नहीं पाये जाने पर प्रतिष्ठान को सील कर दिया जायेगा

## भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया वाजपेयी जयंती



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कि मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी देश के नौ रत्नों में शामिल थे। वे एक क ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता और ईमानदारी के साथ भारत की भविष्य को सुनहरा आकार दिया। प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के एक आदर्श नेता थे. वे एक विशिष्ट दार्शनिक व प्रखर वक्ता थे और उनकी कवितायें ओजपूर्ण होती थी। जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन भारतीय लोकतंत्र राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के लिए समर्पित था। जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि वाजपेयी एक शानदार और विराट व्यक्तित्व के नेता थे। उनके योगदानों को देश कभी नहीं भूला सकता है। जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि अटल एक प्रतिष्ठित नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी प्रतिभाओं वाले व्यक्ति थे।

## सीआइएसएफ, सीआरपीएफ परीक्षा में सफल अभ्यर्थी को किया गया सम्मानित




मनिका(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित अमित क्लासेस कोचिंग सेंटर में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार अंचल पुलिस पदाधिकारी दुलार चौड़े, मनिका थाना एस आई सतेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कोचिंग सेंटर से तैयारी कर सीआईएसफ मे गुरुनाम सिंह और सीआरपीएफ मे मंटू राम ने सफलता प्राप्त की है। कोचिंग संचालक अमित कुमार ने मुख्य अतिथि दुलार चौड़े एवं सत्येंद्र कुमार को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वही मुख्य अतिथि चौड़े ने कोचिंग से तैयारी कर सीआईएसफ एवं सीआरपीएफ में सफल अभ्यर्थी गुरु नाम सिंह एवं मंटु राम को फूल माला से सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लातेहार अंचल पुलिस पदाधिकारी श्रीमती चौड़े ने कहीं की विद्यार्थी पढ़ाई में गरीबों को कभी बाधा नहीं बनने दे। लगन के साथ पढ़ाई करें सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने कही कि हम भी गरीब परिवार से पुलिस की नौकरी में आई हूं। मन में कुछ करने का हौसला लेकर पढ़ाई करने वाले अभ्यर्थी विद्यार्थी को कभी असफलता का मुंह नहीं देखना पड़ेगा।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। मृतकों की पहचान बीएस कॉलेज लोहरदगा के पूर्व प्राचार्य गोस्सनर कुजूर, उनके पुत्र डेविड कुजूर, स्वजन मार्कश कुजूर, सदर थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी हिरानाथ शाह के रूप में की गयी है। वही घायलों में बाघा गांव निवासी नीरज उरांव, दीपक उरांव और अशोक उरांव समेत अन्य शामिल हैं। जानकारी के अनुसार पहली दुर्घटना भंडरा क्षेत्र में हुई है, जबकि दूसरी दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र में हुई है। पहली घटना भंडरा थाना क्षेत्र में हुई है, जिसमें भंडरा-चट्टी मुख्य पथ पर नंदनी पुल के समीप एक्स्यूवी कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में एक ही परिवार के दो सदस्य सहित तीन लोगों की मौत हो गयी है। मृतकों में बीएस कॉलेज लोहरदगा के पूर्व प्राचार्य गोस्सनर कुजूर, उनके पुत्र डेविड कुजूर, स्वजन मार्कश कुजूर शामिल हैं। गोस्सनर कुजूर और डेविड कुजूर शहरी क्षेत्र के मधुबन के रहने वाले थे और वहीं मार्कश गुमला चैनपुर के रहने वाले थे। बताया जाता है कि गोस्सनर कुजूर डायलिसिस पर थे। वह अपने पुत्र और परिचित के साथ रांची में डायलिसिस करा कर एक्सयूवी कार से वापस लोहरदगा लौट रहे थे। इसी दौरान नंदनी पुल और कोटा मोड़ के समीप एक्सयूवी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिससे वाहन में सवार सभी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया. जहां चिकित्सकों ने तीनों लोगों को मृत घोषित कर दिया।

**स्कार्पियो और ट्रक में सीधी टक्कर, एक कि मौत**

वहीं दूसरी दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र के हेसल के समीप हुई है। लोहरदगा-रांची मुख्य पथ पर एक स्कॉर्पियो की सीधी टक्कर ट्रक से हो गई। इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो चालक सदर थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी हिरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि स्कॉर्पियो में सवार बाघा गांव निवासी नीरज उरांव, दीपक उरांव और अशोक उरांव सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सभी अपने एक परिचित महिला को जरियो गांव पहुंचाकर वापस लोहरदगा लौट रहे थे। इसी दौरान हेसल चौक के समीप स्कॉर्पियों सामने से आ रहे एक ट्रक से सीधे जा टकरायी। दुर्घटना में हिरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं अशोक उरांव, दीपक उरांव, नीरज उरांव घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल और शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना के संबंध में सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने कहा कि दो अलग-अलग सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हुई है और साथ ही चार लोग घायल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इधर घटना के बाद मृतकों के घरों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## समर्पण, संघर्ष और विकास का प्रेरक थे अटल बिहारी वाजपेयी: सत्यम कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा नगर मंडल के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम गुदरी बाजार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप किया गया। कार्यक्रम के नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को मनायी जाती है। इस दिन को हर साल भारत में सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति का एक ऐसा नाम हैं, जिन की प्रशंसा विपक्षी दल भी करते हैं। नगर सहसंयोजक विजय कुमार खत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक राजनेता के साथ ही पत्रकार और लेखक भी थे। अपनी लेखनी को उन्होंने राजनीतिक भाषण में शामिल किया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता ने कहा कि उनका जीवन देश के प्रति समर्पण, संघर्ष, और विकास की एक प्रेरक कहानी है। वे न केवल एक सक्षम प्रधानमंत्री थे, बल्कि उन्होंने अपने विचारों और नीतियों से भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। प्रियंका साहू ने कहा कि मनुष्य जीवन अनमोल निधि है, पुण्य का प्रसाद है,हम केवल अपने लिए न जिएं औरों के लिए भी जिएं।जीवन जीना एक कला है एक विज्ञान है। दोनों का समन्वय आवश्यक है। अशोक खत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, हम उनके आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के द्वारा मंच संचालन किया गया। मौके पर मुख्य रूप उपस्थित मदन मोहन पाठक, राजकिशोर महतो, राजेश अग्रवाल, प्रद्युमन पाठक, कृष्ण शास्त्री, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, विभा देवी, रोहित पोद्दार, करण कुमार, तरुण पांडे, निधिकांत प्रसाद, रविंद्र यादव, गजाधर महतो, अनूप कुमार साहू, शंकर महतो, संजय शर्मा, नीरज कुमार नैलिन, मुरलीधर अग्रवाल, सतीश जायसवाल, अशोक कासकार, नवल अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अनुभव कासकार आदि भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय के प्रांगण में प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 194 छात्र-छात्राओं के बीच कल्याण विभाग के तहत साइकिल का वितरण किया गया। वही त्रिवेणी भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 में प्रखंड को 1056 साइकिल वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। सभी विद्यालय से छात्र छात्राओं का सूची मांगी गयी है। उसी निमित चितरी, अरु, भड़गांव, सेन्हा, चौकनी, डांडू विद्यालय के 194 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। बाकी अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी जल्द साइकिल दिया जायेगा। मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत,उषा तिर्की, विकेश कुमार सिन्हा, फरजाना खातून सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## भंडरा में हाथियों ने घरों को तोड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा ।** भंडरा के भीठा गांव में विगत रात 18 हाथियों के झुंड ने तबाही मचाते हुए गांव के तेम्बा उरांव के घर को तोड़ कर तहसनहस कर दिया और उसमें रखा 12 बोरी धान को चट कर दिया। भरनो प्रखंड क्षेत्र में तीन दिन रहने के पश्चात हाथियों को खदेड़ कर वन विभाग के कर्मियों ने सिसई के छारदा टुकु पतरा के पास मंगलवार शाम को छोड़ दिया था। वहां से तिलसिरी, कुंदो गुड़गुड़ टोली होते फसलों को रौंदते हुए हाथियों का यह झुंड करीब तीन बजे सुबह भीठा पहुंचा था। वहां तेम्बा उरांव के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। सौभाग्यवश तेम्बा के परिवार उस घर में नहीं थे। अन्यथा अनहोनी हो सकती थी। विगत रात उसके परिवार के सभी सदस्य पुराने घर में थे। हाथियों के मौजूदगी की खबर फैलने के साथ ही गांव के सभी लोग मशाल आदि के साथ घर से बाहर आ गये और हाथियों को खदेड़ कर कैरो प्रखंड क्षेत्र पहुंचा दिया। प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के लगातार मौजूदगी से लोग दहशत में हैं और रतजगी कर रात बिताने को विवश हैं।

## आंबेडकर नगर में मनायी गयी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगर के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती अंबेडकर नगर में नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के अध्यक्षता में किया गया, जिसमें अंबेडकर नगर के निवासी और छोटे-छोटे बच्चे माताएं बहने अटल बिहारी वाजपेई की पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। अटल बिहारी वाजपेई के बारे में विशेष चर्चा की गई। जिसको अंबेडकर नगर के निवासी ने उनकी बातों को सुना। मौके पर उपस्थित बीनू नायक, विराट नायक, विशाल नायक, अखिल नायक, आकाश नायक, प्रिंस नायक, सार्थक नायक, प्रतिक नायक, निखिल नायक, आर्यन नायक, संपत्ति देवी, गुनगुन कुमारी, दर्पण कुमारी, सत्यम कुमार उपस्थित थे।

**कोल्हान की खबरें**

# पुलिस ने हत्या की योजना बनाते दो अपराधी को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर आदित्यपुर पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को आदित्यपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हत्या की योजना बनाते दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सुभाष प्रामाणिक और प्रताप मुंडा उर्फ करतब मुंडा शामिल है। मौके पर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया बीती रात आशियाना मोड़ के समीप एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोका गया, लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा। मौके पर तैनात पुलिस अधिकारी और कर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम प्रताप कुमार मुंडा उर्फ करतब मुंडा बताया। जांच के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा,दो जिंदा गोली बरामद किया गया। आरोपी ने बताया सुभाष प्रमाणिक पर हमले के आरोपियों को ठिकाने लगाने के लिए उक्त हथियार दिया गया था। सुभाष प्रमाणिक ने आरोपियों को ठिकाने लगाने के लिए 50 हजार पेशगी देने के लिए सालडीह बुलाया था। जानकारी मिलने पर पुलिस के कार्रवाई करते हुए सुभाष को भी गिरफ़्तार कर लिया। दोनों ने अपने अपराध स्वीकार कर ली। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# श्रममंत्री के अभिनंदन समारोह में जिलाअध्यक्ष के अनुपस्थिति के सवाल पर भड़के पुरेंद्र नारायण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव आदित्यपुर पहुंचे। बुधवार को आदित्यपुर के जयप्रकाश उद्यान में मंत्री का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। सम्मान समारोह में बिहार के राजद नेत्री सीमा कुशवाहा, राजद नेता,कार्यकर्ता और सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वही राजद नेता और कार्यकर्ताओं ने मंच में मंत्री संजय प्रसाद यादव को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मंत्री ने कहा झारखंड की वर्तमान सरकार ने हर वर्ग को साथ लेकर चलने का निर्णय लिया है। झांरखण्ड में, जिस सोच के साथ राज्य की जनता ने जनादेश दिया है उनकी हर उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि पहले चरण में कल कारखाने और उद्योग धंधों की समीक्षा की जारही है। हेमंत सरकार की पहली प्राथमिकता युवाओं का पलायन रोकना है। इस दिशा में सरकार काम कर रही है। जल्द ही इसके सार्थक परिणाम सामने आएंगे। उधर सम्मान समारोह में राजद के जिलाअध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अनुपस्थिति पर पत्रकारों ने सवाल खड़ा कर दिया। वही मंत्री से पूछने पर पुरेंद्र नारायण सिंह ने मौके पर पत्रकारों को हटने की नसीहत दे दी। राजद नेता पुरेंद्र नारायण सिंह को बिखरते देख मंत्री ने रोक्कर पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह महागठबंधन परिवार के सरकारी कार्यक्रम है। रांची कार्यालय से डीसी के पास चिट्ठी भेजा गया। उसके बावजूद कोई नहीं आए तो अलग बात है। उधर बीते दिनों राजद के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने पूरेंद्र नारायण सिंह पर पार्टी में नियम का उल्लंघन करने और पूरे प्रोग्राम से आरजेडी जिला अध्यक्ष को दूर रखने का आरोप लगाया था। उन्होंने सरायकेला विधानसभा सीट से झामुमो नेता गणेश महाली को पूरे चुनाव में सहयोग नहीं करने व महागठबंधन दल को कमजोर करने के आरोप में 6 साल तक पार्टी से निष्कासित करने की बात कही थी।

# गरीबों के लिए 13 से 25 हजार भुगतान करना असंभव, निःशुल्क पानी उपलब्ध करायें : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शहर व आसपास के क्षेत्र में आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों तक पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहल शुरू कर दी। बुधवार को विधायक श्री राय ने डीसी के नाम पत्र भेज कर उचित निर्णय लेना का आग्रह किया। विधायक सरयू राय ने कहा कि जेएनएसी के उपनगर आयुक्त, टाटा स्टील यूआईएसएल के महाप्रबंधक और चाहें तो उन्हें भी बुलाकर बैठक करे। ताकि समस्या का समाधान आसानी से हो सके। श्री राय ने कहा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण के दौरान जानकारी मिली कदमा, सोनारी और बिष्टुपुर के बस्तियों में टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारा जलापूर्ति का कनेक्शन तो दिया गया, लेकिन अधिकांश घरो के लोग जल संयोजन से वंचित हैं। कारण उनसे काफी अधिक शुल्क मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा बस्तियों में दैनिक वेतनभोगी मजदूर की श्रेणी के लोग कच्चा-पक्का मकान बनाकर वर्षो से रह रहे है।इनके लिए 13,000 से 25,000 रुपये शुल्क जमाकरना संभव नहीं है। बस्तियों में टाटा स्टील यूआईएसएल को निःशुल्क जल संयोजन करना चाहिए। श्री राय ने डीसी को पत्र में कहा इस मामले में टाटा स्टील और राज्य सरकार के बीच टाटा लीज नवीकरण समझौता-2005 के तहत विभिन्न प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार सभी घरों में जलापूर्ति कनेक्शन व अन्य जनसुविधाएं मुहैया करानी है। इसके अनुरूप टाटा स्टील यूआईएसएल को अपने व्यय पर आधारभूत संरचना खड़ा करना है। उतना ही शुल्क उपभोक्ताओं से वसूलना है, जितना राज्य सरकार अपनी नगरपालिकाओं के लिए वसूलती है।उन्होंने कहा राज्य सरकार ने भी जल संयोजन शुल्क बढ़ाया , लेकिन उसमें जो गरीबी रेखा से नीचे हैं उन्हें निःशुल्क कनेक्शन प्रदान करने का प्रावधान है। वही श्री राय ने पत्र मे लिखा राज्य सरकार गंभीर बीमारी योजना, आयुष्मान,केंद्र सरकार और राज्य सरकार की अन्य योजना में गरीबी रेखा के नीचे वाले लोगों के लिए आय का एक अधिकतम स्तर तय किया है। फिलहाल जिसका वार्षिक आय 70 हजार से कम है उसे गरीब मानकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही है। यही मानक बस्तियों में जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल को जल संयोजन के बारे अपनाना चाहिए।

## टाटा जू में सैकड़ों लोगो ने कराया निःशुल्क नेत्र जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में रोटेरियन जॉन रेंजर माइल्स व रोटरी स्पाउस फियोना पॉलिन माइल्स के दौरे के उपलक्ष्य और क्रिसमस के शुभ अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क, रोटरी क्लब जमशेदपुर, जमशेदपुर आई हॉस्पिटल और टाटा स्टील फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में जू विज़िटर्स सहित सैकड़ों लाभार्थियों का आंखों की जांच अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा की गयी। शिविर में जांच के दौरान 6 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया। वही आंखों में रोशनी आने और नये जीवन मिलने से सभी पीड़ित परिवार ने टाटा स्टील के प्रति आभार जताया। शिविर का संचालन टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क के डिप्टी डायरेक्टर डॉ.नईम अख्तर ने किया। उन्होंने मार्गदर्शन देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त की। इस अवसर पर रोटेरियन जॉन रेंजर माइल्स और रोटरी स्पाउस फियोना पॉलिन माइल्स सहित पूर्व अध्यक्ष मधुमिता संत्रा,पूर्व जिला गवर्नर आर.भरत, रोटेरियन डॉ.विजय भरत,रोहन मेहता,जगन्नाथ संत्रा और रोटेरियन राम मूर्ति शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 26 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
09

# बीमरला माइंस के आंदोलन में किसी की दलाली नहीं चलने दी जायेगी : राजीव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह आदर पंचायत के पूर्व मुखिया राजीव उरांव प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारी कमलजीत सिंह अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। बीमरला माइंस का आंदोलन यहां की जनता का आंदोलन है न कि किसी व्यक्ति विशेष का, जनता के आंदोलन के बीच में न आवे बीमरला माइंस के आंदोलन में किसी की दलाली नहीं चलने दिया जायेगा। यदि कोई बीमरला माइंस के आंदोलन में व्यवधान उत्पन करने की कोशिश करेंगे तो वैसे ट्रक मालिकों की गाड़ी समिति किसी भी माइंस मे चलने नहीं देगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि कंपनी जल्द से जल्द बीमरला की समस्या का निदान नहीं करती है तो आंदोलन और उग्र होगा। संघर्ष समिति की लड़ाई कंपनी से है ना कि कोई ट्रक ऑनर एसोसिएशन से सभी एसोसिएशन से अनुरोध है कि किसी व्यक्ति विशेष पर कोई टिप्पणी ना करें और हमारे आंदोलन का समर्थन करे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एक बार आकर इलाके के लोगों को देखें उनके पीड़ा को समझे कैसे लोग रहते है कैसे लोगो को ठगा जा रहा है। अनर्गल बयान बाजी ना करें। शुरू से लेकर अब तक हिंडालको व एसोसिएशन के लोग भोले भाले जनता को बरगला कर अपना रोटी सेकते आये हैं अब ऐसा हरगिज नहीं होगा।

# अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश का उत्तरोत्तर विकास हुआ : सुदर्शन भगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी जिला गुमला इकाई द्वारा बुधवार को श्रधेय अटलबिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी (100वीं जयंती) मनाया गया। इस मौके पर सत्यनारायण पटेल के आवसीय कार्यलय में भाजपाइयों ने उनके तस्वीर में पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर कर वाजपेयी के अमर होने की कामना की।

इस मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने उनके जीवनवरित पर कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी देश के पहले गैर कांग्रेसी पीएम बने थे और उनके नेतृत्व में देश का उतरोतर विकास हुआ, वे ओजस्वी वक्ता के साथ कुशल संगठनकर्ता भी थे, उनके शासन में ही झारखंड के नवनिर्माण हुआ था। उन्होंने ही आदिवासियों के विकास के लिए जनजातीय मंत्रालय का गठन किया था। वे हमेशा दलित आदिवासी पिछडो की हितैसी थे। वे सर्वांगीण विकास वकालत करते थे आज भाजपा को पौधा से पेड़ बनाने का काम किया है। वाजपेयी पत्रकारिता के साथ कानूनविद भी थे। हम उनके लगाये पेड़ का टहनी है और हमलोग की जिम्मेदारी है कि हमलोग संगठन हित में लगतार काम करे। भूपन साहू ने भी अपना विचार व्यक्त किये।

इस कार्यक्रम के पश्चात भाजपा संगठन ने गुमला सदर अस्पताल मरीजों को फल एवं ब्रेड वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ एवं निरोग होने की कामना की।

इस कार्यक्रम पर जिलाध्यक्ष बिनय कमार लाल, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, भूपन साहू कमलेश उरांव, अनुपचंद्र अधिकारी, संयुक्ता देवी, सविंदर सिंह, यसवंत सिंह, सागर उरांव, रामवतार भगत, सत्यनरायन पटेल, मंगलसिंह भोक्ता, दामोदर कसेरा, निर्मल गोयल, रामेश्वरी उरांव, किशोर मिश्रा, संजय वर्मा, खुशमन नायक, बबलू वर्मा, अशोक साहू, दिनेश चौधरी, संभु सिंह, अनिकेत गोलू, कौशलेंद्र जमुआर सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

## कामधेनु सरिया मीट का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देशी तावा पावरहाउस डंडाडीह में तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज जयनगर के द्वारा कामधेनु सरिया मीट का आयोजन किया गया। इस मौके पर कामधेनु सरिया कंपनी से सेल्स अफसर सुमित कुमार तिवारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कामधेनु सरिया गुणवत्तापूर्ण सरिया है इसे लगाने से आपके घर मजबूत होंगे। वहीं उपस्थित मिस्त्री लोगों को उपहार भेंट किया। मौके पर तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज जयनगर के प्रोपराइटर सुदर्शन प्रसाद, महादेव पंडित, बलदेव यादव, अजय यादव, प्रियरंजन, डेगन साव, राजकुमार साव, शिबू पंडित, भवानी ठाकुर, प्रेम साव, लखन साव, नईम अंसारी, रामजी यादव, टिंकू दास, मंसूर, अर्जुन दास, मनोज मोदी, बिनोद सिंह, सोहित कुमार, रहमान, सुनील दास मौजूद रहे।

## थाना प्रभारी से मिला रैयत विस्थापित मोर्चा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा थाना के नये प्रभारी सह इंस्पेक्टर उमेश राम से झामुमो नेता रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव गुरुदयाल साव, आम्रपाली अध्यक्ष निरंजन राणा, सचिव अनिरुद साव, यूनियन नेता उमेश गंझु, आदित्य साव,रूपलाल साव, एतवा भुईयां, टुकेशवर महतो ने मुलाकात किया। उन्हें अंगवस्त्र दे कर संयुक्त रूप से उनका स्वागत किया क्षेत्र के समस्याओं के विषय में विचार विमर्श किया गया।

# पिता के पुण्यतिथि पर आश्रम के 350 बच्चों के बीच बाटें जैकेट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** प्रखंड के सातो निवासी स्वर्गीय कंदरा भगत की 10 वीं पुण्यतिथि पर बड़ा पुत्र रविंद्र कुमार भगत एवं छोटे पुत्र अनिल भगत के द्वारा बुधवार को विकास भारती द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन में अध्यनरत आदिम जनजाति अनुसूचित जनजाति के 350 छात्र-छात्राओं के बीच गरम जैकेट (हूडी) का वितरण किया गया। इस पुण्यतिथि के अवसर पर ज्ञान निकेतन के चला पच्चो सभागार में वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जहां मुख्य रूप से संस्था के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, भिखारी भगत, कुमकुम मैत्री, शिप्रा सिंह, पंकज सिंह, डॉ आचार्या शामिल हुए जहां छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान गाकर उनका स्वागत किया। जिसके उपरांत कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कंदरा भगत की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर उनकी उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर महेंद्र भगत ने कहा कि स्वर्गीय कंदरा भगत अपने जीवन काल में एक बेहतरीन शिक्षक थे। साथ ही विकास भारती के कोषाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संस्था को आगे ले जाने का काम किया। वे निरंतर गरीबों की मदद किया करते थे 2014 में उनका निधन हुआ जिसके बाद उनके शिक्षक पुत्रों के द्वारा अपने पिता की प्रेरणा से पैतृक गांव के गरीब असहाय लोगों की मदद कर अनोखा कार्य किया जाता रहा है जो निश्चित रूप से सराहनीय है। भिखारी भगत ने कहा कि स्वर्गीय कंदरा भगत के दोनों ही पुत्र नौकरी होने के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं उनके द्वारा पुण्यतिथि के अवसर पर आश्रम के 350 बच्चों के बीच गरम कपड़ा का वितरण किया गया है। ताकि बच्चे ठंड से बच सके क्योंकि वे सभी इसी मिट्टी में पले हैं और गरीबों का दुख दर्द जानते हैं। उन्होंने कहा गरीब असहायों के लिए ठंड में गरम कपड़ा ही सहारा होता है। पुण्यतिथि के अवसर पर पुत्रों के द्वारा गरीबों की सेवा किया जाना इससे बढ़कर कोई और पुनीत कार्य नहीं हो सकती है। इस मौके पर ज्ञान निकेतन के तमाम शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एफजेजेसीआइ ने बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर डीसी को लिखा पत्र

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी और अपराधिक मामलों पर चिंतन के लिए रमेश कुमार ने एफजेसीसीआइ को पत्र लिखा था। इस पर एफजेसीसीआइ ने उपायुक्त गुमला को पत्र लिख कर शहर के व्यवसायी और आम लोगों को सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया है। एफजेजेसीआइ द्वारा लिखे पत्र में उल्लेखियत है कि शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा किये जा रहे अपराधों की व्यापक श्रृंखला में वृद्धि के कारण स्थानीय व्यवसायियों के साथ-साथ आम लोगों की स्थिति भी खराब हो गयी है। चोरी, हिंसा, जबरन वसूली, धमकी, चेन और पर्स छीनतई जैसी आपराधिक गतिविधियों के कारण गुमला शहर के लोग भय, चिंता और असुरक्षा की भावना के साथ जी रहे हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### रसोइया संघ की अध्यक्ष ने शिक्षा अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# 60 वर्ष बाद नहीं हटाने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की अध्यक्ष देवकी देवी ने बुधवार को 11 बजे जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन सौंप कर जिले में कार्यरत रसोईया को 60 वर्ष बाद नहीं हटाने की मांग की है। देवकी देवी ने कहा जब तक नियमावली नहीं बनती है तब तक उन्हें नहीं हटाया जाए या फिर उनके जगह में उनकी बहू बेटी या उसके परिवार किसी भी सदस्य को ही रखा जाये। उन्होंने बताया 2004 से हम लोगों ने खाना बनाना शुरू किया उस समय प्रति बच्चा 25 पैसा मिलता था। लेकिन न्यूनतम वेतन की आस में 20 वर्षों से पूरी निष्ठा से लगातार काम करते आ रहे हैं। वहीं कई रसोईया अपनी पूरी जवानी काम करते हुए बिता दी। अब हमें 60 वर्ष बोलकर हटाया जा रहा है। जो न्याय संगत नहीं है। इतने कम मानदेय में हम लोग बुढ़ापा के लिए एक भी पैसा नहीं बचा सके। काम से हटाने पर हम लोग भूखे मर जाएंगे। यदि हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो सभी रसोईया आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। देवकी देवी ने आवेदन की प्रतिलिपि गुमला उपायुक्त और जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को भी दिया है।

## कोनार डैम में पिकनिक सह फुटबॉल का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** 25 दिसंबर 2024 को क्रिसमस दिवस या बड़ा दिन के उपलक्ष में 40+ गाल्होवार के द्वारा कोनार डैम में पिकनिक सह फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। जिसमें 40 वर्ष के सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। जिसमें सभी लोगों ने पिकनिक और खेल का आनंद लिया।खेल के उपरांत पत्रकार मो अहमद (खोरठा चैनल) और धीरज शर्मा को 40+ गाल्होवार के द्वारा स्पोर्ट ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद कोनार फुटबॉल मैदान में खेल खेला गया। जिसमें निर्णायक के निर्देश पर खेलाया गया। इस अवसर पर आजसू नेता राजेंद्र मंडल और साजिद अंसारी ने क्रिसमस दिवस और नये साल के पूर्व सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज हम सभी 40+ गाल्होवार के लिए बहुत खुशी और आंनद की दिन है जो सभी वर्ग के लोग एक साथ मिलकर पिकनिक के साथ खेल का भी आनंद लिया। साथ ही एक साथ सामूहिक पात में बैठकर भोजन किया। पिकनिक सह फुटबॉल खेल में मुख्य रूप से उप मुखिया इरफान अंसारी, आजसू नेता राजेंद्र मंडल, डॉ नेमचंद महतो (सचिव), साजिद अंसारी (अध्यक्ष), आसिन अंसारी, डेगलाल महतो (कोषाध्यक्ष), चेतलाल मंडल,रोहित राम, रोहित लाल महतो, सीताराम बरनवाल, मो अब्बास अंसारी, विजय रजक, रंजीत शर्मा, किशोर शर्मा, संतोष कुमार शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# चूमनू मोड़ के पास बाइक से गिरकर दो युवक घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के चूमनू मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये घायलों में तारागुटू निवासी सुजीत उरांव बेल्हाटोली निवासी रोहित उरांव के नाम शामिल है। दोनों घायलों को ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु दोनों को गुंडा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तारागुट्टू की ओर से घाघरा की ओर आ रहे थे, इसी बीच चुमनु मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर जा गिरे।

## साइकिल से गिरकर तीन किशोर घायल




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टानाखूटी गांव स्थित मोड़ के समीप साइकिल से गिरकर तीन किशोर घायल हो गये। घायलों में बड़काडीह निवासी आकाश उरांव, अनीश उरांव, जतरा उरांव के नाम शामिल है। तीनों घायलों को ग्रामीणों द्वारा 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सा में बेहतर इलाज हेतु आकाश उरांव को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों किशोर साइकिल पर सवार होकर बड़काड़ीह से नदी नहाने जा रहे थे। इसी क्रम में साइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गए जिससे सभी घायल हो गये।

# श्री सर्वेश्वरी समूह ने सौ ग्रामीणों और बच्चों के बीच कपड़े का वितरण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह, गुमला के महिला संगठन के द्वारा समूह की उन्नीस सूत्री कार्यक्रम के तहत रायडीह प्रखंड़ के जमगाई बुरजुड़ी गांव में लगभग एक सौ असहाय जरुरतमंद ग्रामीणों तथा बच्चों के बीच साड़ी, स्वेटर, गर्म पेंट,टोपी, मोजा तथा मफलर आदि वितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम के पहले अघोरेश्वर महाप्रभू की पूजा अर्चना की गयी। इसके पश्चात गांववासियों के साथ एक लघु गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महिला संगठन की नीता हरीतिमा के द्वारा श्री सर्वेश्वरी समूह के कार्यवृत्त की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को नशापान से दूर रहने की नसीहत दी गयी। उन्होंने गांव के बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान भी किया। उनके द्वारा यह जानकारी भी साझा किया गया कि समूह की ओर से विभिन्न असाध्य रोगों के इलाज किये जाने की भी सुविधा है। उक्त गांव में पहली बार इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। अंत में ग्रामीणों के बीच अघोरेश्वर संदेश का वितरण भी किया गया।

मौके पर महिला संगठन की नम्रता सिन्हा, हेमलता यादव, ज्योति सिन्हा, मधु सिन्हा, नीलम केसरी, मांडवी रानी, अनीशा गुप्ता, मीरा विश्वकर्मा, लक्ष्मी कुमारी दास तथा कांता गुप्ता आदि उपस्थित थीं।

## भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में बड़कागांव के भाजपाइयों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनायी। बड़कागांव के दोनों मंडल में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित की गयी। बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष अशोक साहू के संचालन में प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत भवन में तथा बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी की अध्यक्षता एवं शक्ति केंद्र प्रभारी राज किशोर साव के संचालन में प्रखंड के महुगाईकला के पंचायत भवन में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कार्यकताओं को बताया कि भाजपा ने इस वर्ष को सेवा समर्पण और सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। इसके तहत पूरे जिले में सदस्यता अभियान का महापर्व मनाया जा रहा है इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में भाग लेकर अधिक से अधिक ऑनलाइन सदस्य बनाने की लक्ष्य रखा गया है, ताकि संगठन को मजबूत बनाया जा सके। नापोखुर्द के कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष किशोर राणा, महामंत्री दिनेश करमाली, मंत्री विनोद महतो, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, अशोक महतो सहित कई कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# बसिया में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बसिया।** बसिया अनुमंडल क्षेत्र में प्रभु यीसु का जन्मदिवस क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। खीस्त जयंती पर ईसाई अनुयायी 24 दिसंबर की रात को रात्रि जागरण एवं 25 दिसम्बर सुबह से ही गिरजाघरों में पारंपरिक वस्त्र वेश भूषा पहनकर प्रार्थना और विनती करते हैं। कोनबीर नवाटोली में पुरोहित अगस्तुस कुजूर, बसिया केमताटोली चर्च में पल्लि पुरोहित फादर प्रमोद तिग्गा, फादर एंथोनी सोय और फा प्रकाश मिंज, दलमादी में फादर दीपक एक्का एवं फादर किशोर बाड़ा, ममरला में फादर मोजेस खलखो फादर कॉसमॉस एवं बनई कोहड़ाटोली चर्च में पुरोहित जेम्स विक्रांत डुंगडुंग, फादर जॉन केरकेट्टा, तालेसेरा में फादर पॉल केरकेट्टा, फादर विनोद फादर पीयूष एक्का, फा अथनास तिर्की, फा पेत्रुस सोरेंग, तुरबुंगा पारिस में फादर अनसेलेम केरकेट्टा एवं फादर फ्रांसिस द्वारा मिस्सा पूजा करायी गयी। इसके पूर्व मुख्य अनुष्ठाताओं ने चरनी में आशीष प्रदान किया साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को बाल यीशु के दर्शन कराये। कामडारा प्रखंड में संत पैत्रिक उपासनालय, जीइएल कामडारा में, कूदा चर्च में पल्ली पुरोहितो द्वारा मिस्सा अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

**पल्ली पुरोहितों ने दिया संदेश**

खीस्त जयंती पर पल्लि पुरोहितों ने ईसाई धर्मावलंबियों को प्रेम, शांति और भाईचारा का संदेश दिया। उन्होंने संदेश में कहा कि यीशु के जन्म के समय स्वतंत्र और गुलामो में भिन्नता थी जहां एक तरफ राजा शासक तो दूसरी ओर गुलाम थे उन्होंने गुलामो को स्वतंत्रता का संदेश दिया। येसु खीस्त गरीब, बहिष्कृत पापी, गुलाम, अपाहिजों,दीन दुखियों के बीच लोगो को ईश्वर का प्यार बांटने के लिये आये और अपना जीवन उनके सेवा करते हुए बताया। खीस्त शांति के राजा कहे जाते है उनका जन्म मनुष्य के बीच शांति कायम करता है।

**गिरजाघरों को आकर्षक रूप से सजाया गया**

खीस्त जयंती क्रिसमस के अवसर पर गिरजाघरों सहित ईसाई अनुयायी अपने घरों को क्रिसमस ट्री, चरनी को कलर लाइटो से आकर्षक रूप से सजावट की गयी थी साथ ही पकवान आदि बनाकर एक दूसरे को खिलाया गया।

**खीस्त जयंती पर इन्होंने दिया शुभकामनाये**

जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, फादर सिप्रियन कुल्लू, अमित बघवार, मुखिया एमलेन कुल्लू, बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव, युवा समाजसेवी संतोष तिर्की, सुजीत टेटे शामिल है।

# एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम में रांची और गुमला के कलाकारों ने बांधा शमां

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** आवाज के जादूगर महान गायक मोहम्मद रफी के 100वीं जन्मदिवस के मौके पर स्थानीय जशपुर रोड स्थित बंगाली क्लब गुमला में संगीत प्रेमियों के लिए (स्टार कराओके म्यूजिकल ग्रुप) गुमला द्वारा एक शाम रफी के नाम प्रोग्राम धूमधाम से किया गया। इसमें रांची और गुमला के कलाकार जिन्होंने एक से बढ़कर एक रफी के गाये हुए सदाबहार नगमे प्रस्तुत किया। जिसमें रांची के जिया भाई, मो परवेज, मो माज, जमाल, अब्दुल बारी, राधिका रानी, मोशमशाद आदि रहे। वहीं गुमला के सुरेश विश्वकर्मा, मो सरवर आलम, पिंकी, विश्ववा, मो शकील, आशुतोष श्रीवास्तव, अमित साबू, वंदना गुप्ता, पवन कुमार और बबलू शर्मा, रवि कुमार शामिल होकर इस शाम को अपनी गायकी से यादगार बना दिये। इन्होंने गीत इस तरह गाया कि लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया।

इस मौके पर शहर के मशहूर व्यवसाय समाजसेवी मुख्य अतिथि अजय मंत्री, विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार चीनी, अरुण मंत्री, संजीव उर्वशी, रांची से आयी हुई चर्चित समाज समाजसेवी निगार सुलताना, मोहम्मद जिया, स्टार कराओकेरे के अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा सचिव सरवर आलम, अंजुमन इस्लामिया के सदर अधिवक्ता मुशाहिद आजमी, मकसूद आलम, समीम खान वरिष्ठ पत्रकार शहजाद अनवर, अफसर आलम, मोहम्मद रागीब, मोहम्मद लड्डुन, कललू कुरैशी, मोहम्मद पन्नू, भाई अनवर, मुन्नी झा नंदू विश्वकर्मा सरगम आर्केस्ट्रा ग्रुप के सदस्य श्री हरि मालानी अरुण केसरी पवन भगत आदि गणमान्य लोगों ने रफी साहब के चित्र पर रफी साहब को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया और देर रात तक रफी साहब के गीतों का आनंद लिया। इस मौके पर गुमला के पुराने संगीत कलाकारों और समाजसेवियों को गुलदस्ता, मोमेंटो और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष एवं सोपन कुमार ने किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री की सौवीं जयंती पर छात्रों को किया गया प्रोत्साहित

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय कौआखोह में बुधवार को समारोह आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, बीडीओ पारितोष कुमार सहित कई शिक्षक और जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री की श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कल्याण पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रोत्साहित की। वहीं जिला उद्यान और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा के प्रति छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस बीच पदाधिकारियों ने छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर आकांक्षी ब्लॉक के कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार के साथ ही मुखिया जितेन्द्र पासवान, संदीप यादव, सनोज गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान, मिथिलेश पासवान, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार, बिंदेश्वरी राम, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# अटल जी के विचारों-आदर्शों को पूरी दुनिया ने सराहा और अपनाया है : डॉ एल मुरुगन



आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 100वें जयंती पर उनके पूरे जीवन वृत्त लगायी गयी प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन केंद्रीय मंत्री एल मुरूगन केंद्रीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता अटल जी के जीवन दर्शन को देखें एवं देश के लिए किये गये उनके योगदानों को पढ़ें और प्रेरणा लेकर संकल्पित भाव से समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में लग जायें। केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने कहा कि अटल जी के विचार आदर्श एवं उनके द्वारा किये गये कार्य को देश ही नहीं पूरी दुनिया ने भी सराहा एवं अपनाया है। उनका पूरा जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित नैतिक मूल्यों पर आधारित था हम सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को उनके जीवन शैली एवं चरित्र का अनुसरण करना चाहिए। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अटल जी द्वारा देश मे किये गये विकास कार्यों को अग्रसर करती हुई केंद्र की मोदी सरकार उनके सपनों का श्रेष्ठ भारत बनाने में लगी हुई है। कार्यक्रम में प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, मेयर अरुण शंकर, विजयानंद पाठक, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, कृष्लय तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज सभी बुथो पर भी वाजपेई जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए सदस्यता अभियान भी किया।

## दो दिन से तैयारी में जुटे थे पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। केंद्र सरकार में सूचना और प्रसारण मंत्री डॉ लोकनाथन मुरुगन बुधवार को भी हरिहरगंज नहीं पहुंच सके। दो दिनों की प्रतीक्षा के बाद पदाधिकारी और कर्मी निराश होकर लौट गये। हरिहरगंज में मंत्री जी का आगमन को लेकर सभी विभागो के पदाधिकारी और कर्मी तीन दिनों से तैयारी में हुए जुटे थे।

कोई कोरकसर बाकी न रह जाए इसे लेकर ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, जेएसएलपीएस विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों में हड़कंप मची रही। वहीं मंगलवार और बुधवार को तीन बजे के बाद मंत्री जी का नहीं आने की सूचना पर अधिकारी तथा दूर दराज से आयी स्वयं सहायता समूह के कर्मियों प्रतीक्षा कर मायुष घर लौट गये।



### मंत्री के आगमन को देखते हुए क्रिसमस डे पर छात्रों को नहीं मिली छुट्टी, छात्र भी थे प्रतीक्षा में

पर्व त्यौहार में छात्रों और परिजनों को घर आने जाने का इंतजार रहता है पर स्कूल से छूटी नहीं मिलने पर बच्चों में मायुशी छा जाती है। दरअसल क्रिसमस डे पर अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय में छात्रों को दो दिन की छुट्टी मिली थी। केंद्रीय राज्य मंत्री के आगमन को लेकर छात्रों का छुट्टी रद्द करा दी गयी, क्योंकि केंद्रीय राज्य मंत्री का आवासीय विद्यालय का निरीक्षण था। वहीं शिक्षक भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में लगे थे। मंत्री जी का नहीं आने की सूचना पर शिक्षकों और छात्रों में भी मायशी देखी गयी।

बता दें कि केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ लोकनाथन मुरुगन का हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले निरीक्षण करना था। जिसके बाद अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, स्ट्रॉबेरी फार्म कौआखोह और नाथा फार्म हाउस का निरीक्षण करने का समय निर्धारित हुआ था।

## किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला केंद्रीय राज्य मंत्री से, दिया ज्ञापन



विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं सूचना प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन से बुधवार को किसानों और रैयतों का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बन रहे फोर लेन सड़क में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसान व रैयत शामिल थे। ज्ञापन में किसानों व रैयतों ने केंद्रीय मंत्री से अधिग्रहीत भूमि का उचित मुआवजा दिलाने की मांग रखी है। मंत्री डॉ एल मुरूगन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों के समर्थन में सकारात्मक प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में दिलीप पांडेय, शैल पांडेय, माला पांडेय सहित कई किसान व रैयत शामिल थ।

## तुंबागड़ा के चर्च में धूमधाम से मना क्रिसमस



सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा के नव जीवन अस्पताल तुंबागडा स्थित चर्च में ईसाई धर्मावलंबी ने प्रभु ईसा मसीह का जन्म दिन धूमधाम से मनाया। बताया जाता है कि ईसा मसीह ईसाई धर्म के संस्थापक थे। इस मौके पर एरोकेरिया के पौधे को छोटे-छोटे रंगीन गंदो व खिलौनों से सजाया। प्रभु यीशु मसीह के जन्म के बाद लोग चर्च में मोमबत्ती जलायी और प्रार्थना की। लोगों ने एक दूसरे को प्रभु यीशु मसीह के जन्म के बाद बधाई व शुभकामनाएं दी। लोग एक दूसरे को गिफ्ट भी दिए। लोग पूरे दिन उत्सव मनाया, एक खास तरह के गीत गाए और झुमे नाचे। प्रभु यीशु मसीह के जन्म के बाद फादर संतोष एक्का ने प्रभु यीशु मसीह के बारे में लोगों को बताया कि क्रिसमस प्रेम, शांति, और भाईचारे का संदेश देता है। यह लोगों को आपसी सहयोग, दया और करुणा की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। क्रिसमस का त्योहार प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस का मतलब होता है 'क्राइस्ट का मास'।

## शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास लक्ष्य : शिवानी

**ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में वार्षिक समारोह संपन्न**



आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में बुधवार को वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। यह वार्षिक समारोह हर साल मनाया जाता रहा है, और इस बार भी कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर शिवानी आनंद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को मेहनत, लगन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसे गीत,नृत्य और नाट्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कॉलेज ने सामाजिक सेवा के तहत चैरिटी स्कूल 'ज्योति प्रकाश विद्यापीठ' के बच्चों को क्रिसमस के अवसर पर उपहार वितरित किए। इन बच्चों को भी खेलकूद प्रतियोगिताओं के बाद प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। अविनाश सिन्हा, सुजीत, अंजना दुबे, माया त्रिपाठी, रेखा सिंह, आकांक्षा तिवारी, अहिल्या गुप्ता आदि कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पूरे देश में मानव सेवा का पर्याय बन चुका है सर्वेश्वरी समूह : रागनी राय

**29 दिसंबर को बिश्रामपुर में लगेगा नि:शुल्क मेघा चिकित्सा शिविर**



आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर राजपरिवार की बहु सह मेदिनीनगर शाखा उपाध्यक्ष रागिनी राय ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह' एक ऐसी संस्था है जिसके पीछे एक प्रेरणा व शक्ति कार्य कर रही है। जिसके कारण सर्वेश्वरी समूह पूरे देश में मानव सेवा का पर्याय बन चुका है। परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने श्री सर्वेश्वरी समूह' की स्थापना करके एक नवीन व युगीन कार्य किया है। जो आज धरातल पर गौरव प्रदान कर रहा है। श्रीमति राय बुधवार को विश्रामपुर राजगढ़ में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह' एक ऐसा संगठन है जो सम्पूर्ण विश्व के कल्याणार्थ मार्गदर्शक का कार्य करता है। यह समाज-सेवा करने वाली संस्था है जो किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय का भेदभाव के बगैर समाजसेवार्थ कार्य करता है। उन्होंने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह के वाराणसी प्रधान कार्यालय और समूह के प्रयागराज शाखा द्वारा आगामी 29 दिसंबर को विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में नि:शुल्क मेघा चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। शिविर में 25 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी टीम के साथ रोगियों का जांचोपरांत इलाज करेंगे।

## ईश्वरीय विवि में समारोह पूर्व मनाया गया क्रिसमस का पर्व



आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। ब्रह्म कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में क्रिसमस का पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया ।उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए हर्षोल्लास से पर्व मनाने की शुभकामनाएं दी गयी। इस मौके पर बीके नीरज ने क्रिसमस का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि क्रिसमस असल में कलयुग अंत के समय और शिव अवतरण के अभी के संगमयुग की ही यादगार हैं। जैसे संगमयुग काल-चक्र के अंत के थोडा पहले आता हैं वैसे ही क्रिसमस भी साल के अंत से थोडा ही पहले आता हैं। क्रिसमस में यह माना जाता हैं कि एक सांता क्लोज नामक वृद्ध देहधारी लाल और सफेद कपडे पहने आते हैं। उसका मतलब यह है कि आसमां से बहुत दूर लाल रंग परमधाम का या ब्रह्मांड का है और सफेद रंग सूक्ष्म वतन का है। ठीक वैसे ही निराकार परमात्मा शिव एक वृद्ध तन ब्रह्मा बाबा का आधार लेते है। सांता क्लॉज भी गुप्त रीती से आधी रात में और चिमनी के रास्ते आते है। परमात्मा शिव भी चुपके से आते है। उन्होंने बताया, कि जब दुनिया की हालत बद्तर हो जाती है तब वे विश्व परिवर्तन अर्थ पतित दुनिया में अवतरित होते हैं ।उन्होंने कहा कि क्रिसमस का पेड़ भी मनुष्य आत्मा रूपी कल्प वृक्ष का प्रतीक है। यह वृक्ष पिरामिड के आकार का बताते हैं जो दशार्ता हैं कि कैसे शुरूआत में जनसंख्या कम थी और फिर बढती ही गयी और इसीलिए कहते हैं मेरी क्रिस्मस। मौके पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी तथा सभी बीके भाई, बहने उपस्थित रहे।

## मानव जीवन में तुलसी की सेवा और सेवन दोनों ही है महत्वपूर्ण : ट्री मैन

**डॉ कौशल ने पौधरोपण और वितरण कर मनायी प्रभु यीशु, तुलसी और अटल जी की जयंती**

**प्रभु यीशु ने समाज के लोगों को दिया था जन और जानवर की रक्षा का संदेश**



आजाद सिपाही संवददाता

मेदिनीनगर। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने शहर के स्टेशन रोड स्थित शांति की रानी महा गिरजाघर में प्रभु यीशु के जन्मदिन पर क्रिसमस ट्री व मां तुलसी के जन्मदिन पर बाईपास रोड पर्यावरण भवन के ऊपरी तल अकाश बाग में तुलसी का और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न वाजपेयी जी की जयंती पौधरोपण व वितरण कर मनाया। वहीं डॉ कौशल ने सुशासन सप्ताह पर पलामू दौरे पर आए केंद्रीय सूचना व प्रसारण व संसदीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन को हिमाचल के कपूर का पौधा देकर उन्हें अपने और जिला के बारे में अवगत काराया। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि प्रभु यीशु ने मानव के साथ ही पशु - पक्षी से भी प्रेम किया करते थे। लेकिन आज परिस्थितियां बिल्कुल बदल सी गयी है। अब लोग पशु पक्षी को भोजन देकर उनकी सेवा करने के बजाय उसका भक्षण करने लगे हैं। इससे प्रभु यीशु की भावना काफी आहत हुई है।

## स्मृति शेष सत्यदेव अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सड़मा गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और कंबल वितरण का आयोजन**

**यूनिवर्सिटी स्थापना और सत्यदेव नगर नामकरण का लिया गया संकल्प**

**गुलाबचंद अग्रवाल कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर(पलामू)। गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा के संस्थापक सचिव, स्मृति शेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी स्मृति में अनेक गतिविधियों का आयोजन कर उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। इसके पश्चात नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी और उन्हें नि:शुल्क दवाएं वितरित की गयी। इसके साथ ही ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद महिलाओं और पुरुषों को कंबल भी वितरित किये गये।

श्रद्धांजलि सभा के मुख्य कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने स्वागत भाषण दिया। नवीन कुमार सहाय ने कहा कि सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी एक महामानव थे। उनके विचार और आदर्श सदैव अमर रहेंगे।

# स्पोर्ट्स



आईसीसी रैंकिंग में ट्रेविस हेड आगे निकले, यशस्वी जायसवाल को नुकसान : जहां एक ओर ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रेविस हेड को फायदा मिलता हुआ नजर आ रहा है, वहीं भारत के यशस्वी जायसवाल को नुकसान हुआ है।

# भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट आज से, शुभमन का खेलना तय नहीं

**तेज पिच पर खतरनाक साबित हो सकते हैं कंगारू पेसर्स**

**भारतीय उप कप्तान जसप्रीत बुमराह ने सीरीज में 21 विकेट लिये हैं**

**ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले दो मैचों में दो शतक लगाने वाले ट्रैविस हेड सीरीज के टॉप स्कोरर हैं**

एजेंसी

मेलबर्न। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट गुरुवार से मेलबर्न में खेला जायेगा। 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला मैच भारत ने 295 रन और दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था। वहीं, तीसरा मैच ड्रॉ रहा था।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा मेलबर्न टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। वहीं, केएल राहुल को नंबर-3 पर उतारा जा सकता है। आउट ऑफ फॉर्म शुभमन गिल का खेलना तय नहीं है। इतना ही नहीं, भारतीय टीम बॉक्सिंग-डे टेस्ट में 2 स्पिनर्स के साथ उतर सकती है। पहले रवींद्र जडेजा और दूसरे वॉशिंगटन सुंदर हो सकते हैं।

**यहां बोलैंड ने डेब्यू टेस्ट में 6 विकेट लिए थे :** स्कॉट बोलैंड ने अपने होम ग्राउंड मेलबर्न में ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने उस मैच में 7 रन देकर 6 विकेट झटके थे और इंग्लैंड से जीती हुई बाजी छीन ली थी। वहीं बोलैंड ने सीरीज के दूसरे टेस्ट (पिंक बॉल) में भारत के खिलाफ 6 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम किरदार निभाया था। वह जोश हेजलवुड की जगह खेले थे और एमसीजी में हेजलवुड से भी खतरनाक साबित हो सकते हैं। बोलैंड को मेलबर्न की तेज पिच पर पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क का साथ भी मिलेगा।

**बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर :** भारतीय उप कप्तान जसप्रीत बुमराह ने सीरीज में 21 विकेट लिए हैं। वे सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं। वहीं, केएल राहुल टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। उनके बाद विराट कोहली ने 126 रन बनाए हैं।



**हेड सीरीज के टॉप स्कोरर**

ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले दो मैचों में दो शतक लगाने वाले ट्रैविस हेड सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। बॉलिंग डिपार्टमेंट में मिचेल स्टार्क ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 14 विकेट लिए हैं।

**पिच रिपोर्ट :** मेलबर्न में आमतौर पर तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है। पिच क्यूरेटर मैट पेज ने कहा, मेलबर्न में बीते कुछ सालों की तरह ही पिच होगी। गेंद और बल्ले में बराबर की जंग देखने को मिलेगी। पिच पर लगभग 6 मिमी घास छोड़ेंगे।

**टॉस का रोल :** मेलबर्न में टॉस जीतने वाली टीम पहले बैटिंग कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने यहां 2018 से 6 टेस्ट खेले, 4 जीते और 2 गंवाए। पहले बैटिंग करने वाली टीमों को भी 3 बार और पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को भी 3 बार ही जीत मिली। यहां अब तक 116 मैच खेले गए हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 57 मुकाबले जीते हैं। वहीं पहले बॉलिंग करने वाली टीम ने 42 मैच ही जीते हैं।

**वेदर कंडीशन :** मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन मौसम काफी गर्म रहेगा। मेलबर्न में 26 दिसंबर को बारिश के बिल्कुल भी चांस नहीं हैं। इस दिन यहां का तापमान 14 से 37 डिग्री सेल्शियस रहेगा।

### मेलबर्न टेस्ट के लिए दोनों टीमें

**भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

**ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11:** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 26 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# कथारा में जीएम के सहयोग से वाहन स्टैंड की व्यवस्था



आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** मैन चौक कथारा में जाम की समस्या काफी सालों से है। आये दिन जाम की समस्या के वजह से बोकारो थर्मल और कथारा ओपी थाना की पुलिस को व्यवस्था संभालने के लिए परेशान होना पड़ता था। मैन चौक पर अवस्थित विभिन्न प्रकार की सैंकड़ो की संख्या के दुकान पर खरीदारी के लिए पहुंचने वाले लोग सड़क पर ही दो पहिया और चार पहिया वाहन को खड़ा कर देते थे। इसकी वजह से जाम का सिलसिला निरंतर चलते रहता था। इस जाम में एम्बुलेंस से लेकर स्कूली बच्चे घंटो फंसे रहते थे। इसी के मद्देनजर ओपी थाना कथारा के प्रभारी राजेश प्रजापति बीते कई महीना से समस्या के समाधान के लिए प्रयास कर रहे थे। वाहन को खड़ा करने के लिए स्टैंड की जरूरत थी। इसे सीसीएल प्रबंधन से बात करके पीओ ऑफिस कथारा कोलियरी के समीप व्यवस्था की गयी है। थाना प्रभारी प्रजापति ने कथारा जीएम संजय कुमार से बाइक, कार व सब्जी बिक्रेताओ को अलग से स्थान सुनिश्चित करने के लिए जिस जगह को उयलब्ध कराने का आग्रह किया था। काफी प्रयास के बाद उक्त जगह उपलब्ध हो पाया।

# बांग्ला भाषा भाषी उन्नयन समिति ने ढुल्लू महतो का किया पुतला दहन




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को झारखंड बांग्ला भाषा भाषी उन्नयन समिति ने रणधीर वर्मा चौक पर सांसद ढुल्लू महतो का पुतला दहन किया। विगत दिनों में निरसा गोपीनाथपुर में एक सभा में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने खुले मंच में निरसा विधायक अरूप चटर्जी को बांग्लादेशी कहकर तथा उनके पिताजी स्वर्गीय गुरदास चटर्जी के विषय में अभद्र टिप्पणी की थी। उसके खिलाफ सांसद ढुल्लू महतो का पुतला दहन किया गया तथा कड़े शब्दों मे उनके गलत बयानबाजी का घोरनिंदा किया। जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सांसद खुले मंच पर बांग्ला भाषी के बीच माफी मांगे, नहीं तो सड़क से सदन तक चरमबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। धनबाद पूर्व में बंगाल की पुरुलिया जिले का अंतर्गत था इसलिए यहां के लगभग अधिकांश लोग बंगला बोलते हैं एवं बंगाली संस्कृति को शुरू से आज तक मानते है। यहां तक की बांग्ला पंजिका के आधार पर ही यहां के लोग विधि विधान से पूजा, शादी विवाह करते हैं। धनबाद के लोकसभा क्षेत्र में बोकारो तथा धनबाद सभी बांग्ला भाषी जो 60% बांग्ला बोलते हैं, अपना मताधिकार सांसद के पक्ष में किया। लेकिन आज वे धनबाद के सांसद बने और बांग्ला भाषा के खिलाफ खुले मंच से उल्टा सीधा बयान बाजी कर रहे है, इनको बंगाली समाज कभी माफ नहीं करेगा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला सचिव राणा चट्टराज, पूर्व मुखिया गोपाल दास, कल्याण भट्टाचार्य, सूसोभन चक्रवर्ती, कल्याण घोषाल, कल्याण राय, राजू प्रमाणिक, जयदीप बनर्जी, कल्याण चक्रवर्ती, विजय पासवान, सुरजीत चंद्रा, असीम दे, देवाशीष पांडे, शीतल दत्त, अमित बनर्जी, काशीनाथ मंडल, भूषण महतो, दिनेश मंडल, अमिताभ बैनर्जी, रघुनाथ राय समेत कई लोग शामिल थे।

# वाजपेयी को धनबाद संसदीय कार्यालय में दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनके 100वीं जन्म-जयंती पर धनबाद के सांसद ढुलू महतो के जगजीवन नगर स्थित धनबाद संसदीय कार्यालय में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आदरपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका विजन और मिशन विकसित भारत के संकल्प में निरंतर शक्ति का संचार करता रहेगा। प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी नये भारत के स्वप्नद्दष्टा थे। उन्होंने राष्ट्र की उन्नति और जनता के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। 24वर्ष पूर्व आज ही के दिन उनके द्वारा प्रारंभ की गयी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण भारत के विकास में मील का पत्थर साबित हुई है।

पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि वर्ष 1998 में पोखरण-क्क परमाणु परीक्षणों के दौरान,जब अंतरराष्ट्रीय दबाव और प्रतिबंधों की धमकियां भारत पर थीं, अटल जी ने भारत की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी।

# वाजपेयी जैसा नेता देश में ना पहले कभी हुआ है और ना होगा : गणेश मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** भाजपा बोकारो जिला द्वारा सांसद कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयदेव राय एवं संचालन जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ। मुख्य अतिथि गणेश मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अटल के विचार, देश के लिए समर्पण भाव से हम सभी कार्यकर्ता को सिखने की जरूरत है। सशक्त विपक्ष में होने के वावजूद उनका राष्ट्रवाद का भाव को देखकर वे विरोधियों के बीच भी लोकप्रिय थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी जैसा नेता देश में ना पहले कभी हुआ है और न कभी होगा। जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि झारखंड अटल जी का सदैव ऋणी रहेगा। हमारे अलग राज्य की सपना अटल ने पूरा किया। दशकों तक अलग राज्य के लिए आंदोलन हुआ लेकिन अटल इरादा रखने वाले अटल ने झारखंड को अस्तित्व में लाया। कार्यक्रम में मुकेश राय, परिंदा सिंह, कुमार अमित, रोहित लाल सिंह, लक्ष्मन नायक, अम्बिका ख़्वाश, विनय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पंचायत भवन में ग्रामीणों ने की बैठक

# जमीन के बदले मुआवजे और नौकरी देने की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोरापोखर।** डिगवाडीह डुमरियाटाड़ के पंचायत भवन में ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन किया। जिसमें पारबाद, भूलन बरारी, नुनुडीह, ब्राम्हण बरारी के रैयत शामिल हुए। जिसका नेतृत्व भाजपा लोदना मंडल के महामंत्री रोहित कुमार बिद कर रहे थे। श्री बिद ने कहा कि हम परियोजना के विरोध नही कर रहे है। परियोजना चलनी चाहिए ताकि स्थानीय लोगों का विकास संभव हो सके। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल के अधिकारी रैयतों को जमीन के बदले मुआवजे और नौकरी देने का काम करें अन्यथा ग्रामीण अपने जमीन पर ओबी डंपिंग का कार्य रोकने को मजबूर हो जायेगे। बैठक में जगदीश महतो, दिलीप शुलोचना महताईन आदि शामिल थे।

# संविधान शिल्पकार बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : अनुपमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** जोड़ापोखर स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचने पर विभिन्न संस्थाओं एवं जनता के द्वारा स्टार प्रचारक कांग्रेस की लोकप्रिय नेत्री अनुपमा सिंह का जोरदार अभिनंदन किया गया। जनता दरबार में समस्याओं को सुना और पदाधिकारी से बात कर उसका निदान किया और कहा कि आज सत्ता के सनक में चूर भाजपा की सरकार लगातार गैर जिम्मेदाराना बयान टिप्पणी करती आ रही है। अब तो हद पार हो गयी जब देश के गृहमंत्री लोकतंत्र के मंदिर में खड़े होकर हमारे संविधान निर्माता शिल्पकार डॉक्टर साहब के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी कर पूरे देशवासियों का अपमान कर रही हैं मैं इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। साथ ही साथ मांग करती हूं कि सदन में सर्वप्रथम गृहमंत्री अमित शाह माफी मांगे एवं प्रधानमंत्री से मांग करती हूं गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए उन्हें तुरंत बर्खास्त करें। देश के नागरिक किसी भी हाल में संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेगें। कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई जारी रखेगी। डॉक्टर साहब सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही नहीं बल्कि पूरे देश में हर वर्ग के लोग बड़े मान सम्मान से उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार खान, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, संतोष महतो, बंभोली सिंह, तारा पाठक, संतोष चौधरी, अशोक राय, कयूम खान, विजय पासवान, किशोर कुमार, शिव शंकर सिंह, मकसूद आलम, गुड्डू खान समेत यूथ कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंडित मालवीय की जयंती पर ब्राह्मण समाज ने दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को नगर निगम स्थित युनियन बैंक के नजदिक भारत रत्न से अलंकृत महामना पंडित मदनमोहन मालवीय के 164 वें जयंती पर समस्त ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनके प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन किया। उनके जीवनी पर महिला मोर्चा की नेत्री तारा पाठक, बोबी पाण्डेय,भागवत प्रसाद पांडेय वशिष्ठ ब्राह्मण समाज के संरक्षक हृदय कुमार मिश्र ने प्रकाश डाला। मौके पर ब्राह्मण समाज के सुरेश चंद्र तिवारी, स्टेट बार काउंसिल एग्जीक्यूटिव कमिटी के चैयरमेन अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, ब्रीज मोहन मिश्रा, सुमन मिश्रा, मनोज मिश्र, शक्ति पाठक, राजीव ओझा, अनील कुमार पांडेय, मनोज दूबे, रामाकांत ओझा, दिनेश चौबे, किशोर पाण्डेय, विनोद दसंधी, अनील शर्मा, सत्येन्द्र प्रकाश पांडेय आदि ने उपस्थित होकर महामना की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही भारत रत्न से अलंकृत अटल बिहारी वाजपेयी को भी माल्यार्पण किया।

# मुर्गा अखाड़े के आयोजन में शराब की खुलेआम हुई बिक्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** थाना क्षेत्र के बागड़ा पंचायत सचिवालय से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित एक खेत में बुधवार को गौर नामक व्यक्ति के नेतृत्व में अवैध मुर्गा अखाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में लोग जुटे थे और आयोजन में देशी-विदेशी शराब का खुलेआम विक्रय किया जा रहा था। अखाड़े में शामिल युवा न सिर्फ शराब का सेवन कर रहे थे, बल्कि मुर्गों पर सट्टेबाजी भी करते हुए दिखाई दिए। आयोजन पूरी तरह से व्यवस्थित तरीके से किया गया था। आयोजनकर्ताओं ने बाइक और अन्य वाहनों की पार्किंग के नाम पर प्रति वाहन 20 से 50 रुपये की वसूली की। सूत्रों के अनुसार, पार्किंग शुल्क और सट्टेबाजी को लेकर आयोजन स्थल पर दो गुटों में विवाद हुआ, जो बाद में मारपीट में बदल गया। लेकिन आयोजनकर्ताओं ने मामले को किसी तरह शांत करवा लिया। यह आयोजन उस समय हुआ जब स्थानीय पुलिस प्रशासन ने मीडिया के माध्यम से पूर्व में ऐसे अवैध आयोजनों पर सख्त कार्रवाई करने का दावा किया था। बावजूद इसके बागड़ा में मुर्गा अखाड़े का आयोजन हुआ। इस घटना ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिये हैं। अब यह सवाल उठता है कि इतनी बड़ी अवैध गतिविधि के बीच स्थानीय पुलिस कहां थी?

ज्ञात हो कि पूर्व में कांडरा पंचायत क्षेत्र में मुर्गा आखाड़ा पर पंचायत की मुखिया समेत गांव के ही प्रबुद्ध लोगों ने एक ग्राम सभा का आयोजन कर इस खेल के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया था। स्थानीय पुलिस से ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने व ग्राम सभा में लिए निर्णयो को सख़्ती से पालन करवाने की मांग किया था। जिस पर महुदा पुलिस ने कार्रवाई करते कांडरा में छापेमारी कर अखाड़े का आयोजन के लिए लगाये गए तंबू को उखाड़ कर दो ट्रेक्टरों में सारा सामान जब्त कर लिया था।

# अहिवरन जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बुधवार को बरनवाल युवा मंच के द्वारा अहिवरन जयंती के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, अंचलाधिकारी पूर्वी टुंडी सुरेश प्रसाद बरनवाल, डॉ. बीरेंद्र कुमार बरनवाल, डायरेक्टर सावित्री सर्जिकेयर एंड मेटरनिटी सेंटर एवं बरनवाल युवा मंच अध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल उपस्थित थे। इस उपलक्ष्य पर सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात महाराजा अहिबरन का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों राज सिन्हा, शशिकांत सिंकर, सुरेश प्रसाद बरनवाल, डॉ. बीरेंद्र कुमार बरनवाल, मनोज कुमार बरनवाल अध्यक्ष बरनवाल युवा मंच धनबाद के द्वारा करके कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। अध्यक्ष मनोज बरनवाल ने बताया की ये रक्तदान शिविर संस्था का 11वां शिविर है, इस रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जो एशियन द्वारका दास जालान ब्लड बैंक को दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंच के सचिव सुनील बरनवाल, राजेश बरनवाल, समरेंद्र प्रसाद, सुभाष बरनवाल, पवन बरनवाल,दिलीप बरनवाल, रंजीत बरनवाल, डॉ. बीरेंद्र बरनवाल, डॉ. रीना बरनवाल, शशिभूषण बरनवाल, सुमित बरनवाल, संजय बरनवाल, संदीप बरनवाल के अलाव पूरे सावित्री सेर्जिकेयर मेटरनिटी सेंटर एंड हॉस्पिटल के सभी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। मुख्य अतिथि राज सिन्हा ने बरनवाल युवा मंच की काफी सराहना की। कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस है और आज युवा मंच अपने अहिवरन महाराज के जयंती के उपलक्ष्य पर लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रही है और धनबाद में रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

# हाथियों के झुंड ने आलू के खेत को रौंदा

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** तुलबुल पंचायत के कारी टोंगरी बिरहोर टांडा में हाथियों की झुंड ने रेखा देवी की आलू की खेती को रौंद दिया एवं दीवार गिरा कर नष्ट किया। वही रेखा देवी ने बताया कि हमलोग गरीब परिवार से आते हैं बड़ी मेहनत से आलू लगाये हैं। हाथियों ने मेरा सारा आलू बर्बाद कर दिया। जिससे मेरा लगभग बारह क्विंटल का नुकसान हो गया। इस आलू की खेती से सालों भर आलू खरीदने की जरूरत नहीं होता था। लेकिन अब खरीदना पड़ेगा। वही समाजसेवी फिकरु साव ने कहा कि लुगू पहाड़ से हाथी उतरते हैं और तुलबुल पंचायत के विभिन्न गांवों में क्षतिग्रस्त करते रहते हैं।

# पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने मनाया क्रिसमस

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम द्वारा तीन दिवसीय क्रिसमस सेलिब्रेशन के द्वितीय दिन बुधवार को सर्वप्रथम तुलसीजी की जयंती के अवसर पर तुलसी पूजा की गयी तथा पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन पर उन्हे याद कर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यो को याद किया गया। उसके बाद बच्चों को वर्ष के आखिरी त्योहार क्रिसमस पर्व के अवसर पर सभी बच्चों को प्रभु यीशु का जन्म दिन मनाने होटल सोनोटेल ले जाया गया। सुबह ही सभी बच्चे अपने शिक्षकों के साथ कोला कुसमा गोविंदपुर रोड स्थित ओजोन गेलेरिया के लिए उत्साह पूर्वक रवाना हुए। वहां बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सुंदर गीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहां मौजूद दर्शको ने दिव्यांग बच्चों की कला को प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात बच्चों ने पूरे ओजोन गेलेरिया का भ्रमण किया। भ्रमण के पश्चात बच्चों ने होटेल सोनोटल में स्वादिष्ट अल्पाहार और लन्च का लुत्फ लिया। बच्चों ने डांस, गाना और अन्य मनोरंजक गतिविधियो में भाग लेकर क्रिसमस के जश्न का भरपूर आनंद लिया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को खुशी और उत्साह से भरपूर एक खास दिन देना था, जो सोनोटेल होटेल के सभी अधिकारीगण व सभी स्टाफ के सहयोग से संभव हो सका। बच्चों के आने जाने हेतु यातायात का साधन से लेकर पूरे प्रोग्राम के लिए होटेल सोनोटेल के सहयोग के लिए पहला कदम आभार प्रकट करता है। कार्यक्रम में लगभग 100 बच्चों ने इस जश्न का हिस्सा बन इस यादगार दिन का लुत्फ उठाया। सचिव ने कहा कि पूरे पहला कदम परिवार ने ओजोन गेलेरिया माल और होटेल सोनोटेल के एग्जीक्यूटिव शेफ गोरा चंद हालदर, सीनियर एग्जीक्यूटिव, जितेंद्र कुमार टीम लीडर बबलू कुमार प्रसाद, एग्जीक्यूटिव बैंक्वेट सेल्स राजु प्रसाद, तुलसी महतो तथा पूरे होटल सोनोटेल के स्टाफ का आभार प्रकट किया।

# जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशन में धूमधाम से मना मैरी क्रिसमस

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मैरी क्रिसमस सेलिब्रेशन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर किमी नित्यानंद मंडल, जेपी कॉलेज की प्रिंसिपल शोभना भट्टाचार्य, जेपी कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्रिंसिपल नीलम कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर गोपाल पासवान प्रो. श्याम प्रकाश राय, ले. पुतुल मित्रा, ले. मोनिका महतो, ले. लक्ष्मी कुमारी, ले. वर्षा रानी, ले. मोनिका महतो व आशीष मंडल ने संयुक्त रूप से केक काट कर सभी को मैरी क्रिसमस की बधाई दी। सेलिब्रेशन में छोटे बच्चे सांता क्लॉस की ड्रेस में बहुत प्यारे लग रहे थे। कॉलेज को क्रिसमस ट्री एवं आकर्षक झालरों से सजाया गया था। जे पी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रदीप मंडल ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों व कॉलेज के कर्मचारियों को मैरी क्रिसमस की बधाई दी। कॉलेज के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने बताया की जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रबंधन कॉलेज प्रांगण में विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ सभी त्योहार आयोजित करता है।

# खोरधा रोड मंडल का 267 दिनों में 100 मिलियन टन माल उतारने का रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता




**खोरधा रोड।** मंडल ने मात्र 267 दिनों में 100 मिलियन टन (एमटी) माल उतारने का रिकॉर्ड बनाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो पिछले साल के 279 दिनों के समय को पार कर गया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता और कुशल माल प्रबंधन के लिए मंडल की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। पारादीप और धामरा सहित प्रमुख बंदरगाहों पर माल उतारने का काम किया गया, साथ ही इस्पात संयंत्रों और विभिन्न गुड्स शेड की साइडिंग पर भी। इन रणनीतिक स्थानों ने सुचारू आपूर्ति श्रृंखला संचालन सुनिश्चित करने और पूरे क्षेत्र में उद्योगों की बढ़ती मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) एच एस बाजवा ने कर्मचारियों के अथक प्रयासों की सराहना की और इस सफलता का श्रेय कर्मचारियों के समर्पण और टीम वर्क को दिया। बाजवा ने कहा, रिकॉर्ड 267 दिनों में 100 मिलियन टन अनलोडिंग हासिल करना टीम के अथक प्रयासों और असाधारण समन्वय का प्रमाण है। यह उपलब्धि माल ढुलाई संचालन में दक्षता के लिए एक नया मानक स्थापित करती है। अन्य मंडलों ने भी माल ढुलाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, चक्रधरपुर (सीकेपी) मंडल ने 53.73 मिलियन टन और बिलासपुर मंडल ने अब तक 50.55 मिलियन टन माल ढुलाई हासिल की है। ये उपलब्धियां पूरे क्षेत्र में माल ढुलाई लॉजिस्टिक्स बढ़ाने पर सामूहिक ध्यान को रेखांकित करती हैं। खोरधा रोड मंडल का रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन रेलवे क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है, जो आर्थिक विकास को गति देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत करता है और अन्य मंडलों के लिए परिचालन उत्कृष्टता का एक उदाहरण स्थापित करता है।

# एम्स भुवनेश्वर ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए 'सुशासन दिवस' मनाया

## पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी 100वीं जयंती पर याद किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने आज 'सुशासन दिवस' मनाया, जिसमें दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम में दूरदर्शी नेता और एम्स भुवनेश्वर के संस्थापक को श्रद्धांजलि दी गयी, जिन्होंने ओडिशा में स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाने वाले राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। अपने संबोधन में, एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने श्री वाजपेयी के योगदान के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में एम्स भुवनेश्वर परिसर में एक स्मारक बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर डीन (परीक्षा) डॉ सौभाग्य कुमार जेना, एमएस डॉ दिलीप कुमार परिदा, उप निदेशक (प्रशासन) अभिजीत सरकार, एसएओ रश्मी रंजन सेठी और डॉ अशोक कुमार जेना के साथ-साथ संकाय सदस्य, छात्र और कर्मचारी उपस्थित थे। यह समारोह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और शासन में श्री वाजपेयी के स्थायी योगदान की मार्मिक याद दिलाता है। एम्स भुवनेश्वर सभी के लिए समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवा के उनके दृष्टिकोण का प्रमाण है।

# पूर्व तट रेलवे ने अनुकरणीय सतर्कता और उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के लिए रेल कार्मिकों को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) मुख्यालय में आयोजित एक भव्यय समारोह। महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने ड्यूटी के दौरान अपनी असाधारण सतर्कता और उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के लिए, पांच अनुकरणीय रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया। उनकी त्वरित कार्रवाई से, बड़ी आपदाएं टाली गयी और समुचित सुरक्षा और ट्रेन-सेवाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया गया। सम्मान-समारोह में पूर्व तट रेलवे के अपर महाप्रबंधक एम के बेहेरा के साथ-साथ प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी जैसे कई अन्यन आला अफसर भी शामिल हुए थे। समारोह के दौरान फुंकवाल ने गैंगमैन, ट्रॉलीमैन, गेटमैन, ओएचई तकनीशियन, टोकन पोर्टर और अन्य मेंटेनेंस कर्मचारियों सहित रेल कार्मिकों के अटूट समर्पण-भाव की सराहना की, जो ट्रेनों के सुरक्षित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अथक परिश्रम सहित अपने कार्य निष्पालदित करते हैं। फुंकवाल ने कहा, प्रत्येक कर्मचारी की निष्ठां और उनका समर्पण, हमारे रेल-नेटवर्क की सुरक्षा और संरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने और सुरक्षा प्रोटोकॉल को विकसित और सशक्ता करने की अपनी प्रतिबद्धता पर, पूर्व तट रेलवे स्थिर और अडिग है।

# पुलिस ने पांच बंदूक डीलरों समेत 14 अपराधियों को किया गिरफ्तार



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को एक आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पांच अवैध बंदूक डीलरों समेत कुल 14 अपराधियों को किया गिरफ्तार। रिपोर्ट के अनुसार, अवैध हथियार व्यापार के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से कम से कम पांच बंदूकें, 15 जिंदा गोलियां और 84,000 रुपये नकद जब्त किये गये हैं। पता चला है कि वे पुरी, कटक, खोरधा और जगतसिंहपुर में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे। पुलिस ने उन्हें डकैती की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया है। इन पांचों के अलावा पुलिस ने अन्य आपराधिक मामलों में शामिल नौ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपी भुवनेश्वर के तामांडो, मंचेश्वर और एयरपोर्ट इलाकों से हैं। पुलिस आयुक्त सुरेश देव दत्ता सिंह ने आज बताया कि इन अपराधियों के कब्जे से कम से कम 102 ग्राम सोना जब्त किया गया है। साथ ही, चोरी में इस्तेमाल की गयी गाड़ी भी जब्त कर ली गयी है।

# सुभद्रा योजना की दूसरी किस्त का पैसा मार्च 2025 में लाभार्थी के खाते में जमा किया जायेगा




भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा में सुभद्रा योजना की दूसरी किस्त का पैसा मार्च 2025 में लाभार्थी महिलाओं के खाते में जमा किया जायेगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इसकी पुष्टि की। रिपोर्टों के अनुसार, सीएम माझी ने कहा कि ओड़िशा भाजपा सरकार के प्रमुख कार्यक्रम सुभद्रा योजना के तहत दूसरी किस्त का पैसा मार्च 2025 में लाभार्थी महिलाओं को प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ महिलाओं को एक बार में यह पैसा मिलेगा। सीएम ने यह भी बताया कि उक्त योजना के एक करोड़ लाभार्थियों को नये साल जनवरी 2025 में पहली किस्त की सुभद्रा योजना की राशि मिलेगी।

# 25 से 3 जनवरी तक रत्न भंडार की मरम्मत का काम नहीं होगा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पुरी अंग्रेजी नववर्ष और छुट्टियों के कारण अगले कुछ दिनों तक श्रीमंदिर में काफी भक्तों के आने से भीड़ रहने की संभावना है। इसी दौरान नीतिकांति आयोजित करने और भक्तों के लिए दर्शन की व्यवस्था करने के लिए रत्न भंडार की मरम्मत का काम 25 से अगले दो जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। तीन तारीख से राज्य सरकार की मार्गदर्शिका के अनुसार ओर श्रीमंदिर प्रशासन के अनुमोदित दिशानिर्देशों के अनुसार रत्नभंडार की बहाली फिर से शुरू होगी। श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक डॉ अरविंद पाढ़ी ने इसके लिए सभी से सहयोग का अनुरोध किया है। पिछले 17 तारीख से एएसआइ की देखरेख में कुशल कारीगरों द्वारा श्रीमंदिर के रत्नभंडार का मरामत कार्य शुरू किया गया है। नये साल से श्रीमंदिर में नयी दर्शन व्यवस्था लागू होने जा रही है।

# दो रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** प्रुथीराज महानंद, टीएम/ केसिंगा, रतन कुमार दीप, तकनीशियन, संबलपुर को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पांडे ने आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), प्रखर गुप्ता, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी का 100वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनवार।** बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी का 100वी जयंती धूमधाम से मनायी गयी । इस कार्यक्रम में भाजपा नेता सह पूर्व आई लक्ष्मण सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूवात वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगो ने श्रंद्धाजली दी। इस बाबत सिंह ने अटल बिहारी बाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के दसवे प्रधानमंत्री थे। इन्होंने तीन बार प्रधानमंत्री का पद संभाला है। वे हिंदी के कवि, पत्रकार और प्रखर वक्ता थे। भारतीय जनसंघ संस्थापकों में एक थे, और वे पांच वर्षों तक उनके अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने लंबे समय तक राष्ट्रीय, पांचजन्य और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन भी किया। वह चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे। अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारंभ करने वाले वाजपेयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के पहले प्रधानमंत्री थे।

जिन्होंने गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री पद में पांच वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किये। इन्हें आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण भीष्म पितामह भी कहा जाता है। पहली बार लोकसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली बावजूद इन्होंने हिम्मत नहीं हारी ओर दूसरी बार लोकसभा का चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। और 20 वर्षों तक लगातार जनसंघ के संसदीय दल के नेता भी रहे। मौके पर मनसाडीह मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार राय, युवा नेता उपेंद्र सिंह, श्याम सिंह, पवन सिंह, शिवशंकर सिंह, रामबृक्ष सिंह, गौतम कुमार राय, गुड्डु सिंह, मुंसी राम, कपिलदेव चौधरी, रामचंद्र यादव, मनोज कुमार सिन्हा, कैलाश नारायण देव, बिजय अग्रवाल, भगीरथ वर्मा आदि दर्जनो लोग मौजूद थे।

# सांता क्लॉज की रेत से बनी मूर्ति को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का गौरव प्राप्त हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** पूरी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने क्रिसमस के अवसर पर पुरी समुद्र तट पर सबसे बड़ा रेत सांता क्लॉज बनाया है। इसने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में होने का गौरव अर्जित किया है। यह 'चॉकलेट सांता क्लॉज' 16 हजार वर्ग फुट के क्षेत्र में समुद्री रेत के साथ 550 किलोग्राम चॉकलेट से बना है। इस के लिए सुदर्शन पटनायक को छह घंटे लगे। रेत की इस मूर्ति को बनाने में सैंड आर्ट इंस्टीट्यूट के छात्रों ने सुदर्शन की मदद की।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**